सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 292, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 567 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार का सेंसेक्स 566.96 अंक चढ़कर 84,778.84 अंक पर बंद हुआ। } 10

## राहुल-तेजस्वी को अभी और करना होगा इंतजार : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लालू प्रसाद अपने बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, लेकिन ये दोनों पद रिक्त नहीं हैं। } 12

## समुद्री क्षेत्र में तीव्र प्रगति कर रहा देश : मोदी

### भारत के प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हुई, वार्षिक अधिशेष में नौ गुना वृद्धि




एजेंसी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र तीव्र गति और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश के बंदरगाह अब विकासशील देशों वाले सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं। मुंबई में भारतीय समुद्री सप्ताह-2025 में मैरीटाइम लीडर्स कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, हमने एक सदी से भी अधिक पुराने औपनिवेशिक नौवहन अधिनियमों को 21वीं सदी के लिए अनुरूप आधुनिक और भविष्योन्मुखी कानूनों से बदल दिया है। मोदी ने कहा आज, भारत के बंदरगाह विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं। कई मायनों में, वे विकसित देशों से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये जहाजरानी कानून राज्य समुद्री बोर्डों की भूमिका को मजबूत करते हैं तथा बंदरगाह प्रबंधन में डिजिटल प्रौद्योगिकियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राफेल में भरी उड़ान

### 15,000 फुट की ऊंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार का लिया आनन्द

एजेंसी



अंबाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को हरियाणा के अंबाला में स्थित वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी और इसे अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए कहा कि इससे उनके अंदर देश की रक्षा क्षमताओं के प्रति गर्व की एक नयी भावना जगी है।

राष्ट्रपति ने यात्रा से ठीक पहले स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह के साथ फोटो खिंचवाई। पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया हैंडल पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल लड़ाकू विमान उड़ाने वाली देश की पहली महिला पायलट सिंह को पकड़े जाने का दावा किया गया था। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के फैक्ट चेक में 10 मई को यह दावा फर्जी पाया गया था। राष्ट्रपति मुर्मू ने जहां राफेल विमान में उड़ान भरी, वहीं एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने भी उसी एयर बेस से एक अलग विमान में उड़ान भरी। राष्ट्रपति मुर्मू दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति बन गई हैं। अप्रैल 2023 में, सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर मुर्मू ने असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने भी इसी एयरबेस से एक अलग विमान में उड़ान भरी। पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने क्रमशः 8 जून, 2006 और 25 नवंबर, 2009 को पुणे के पास लोहेगांव स्थित वायुसेना स्टेशन से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। राफेल विमान में सवार होने से पहले राष्ट्रपति ने जी-सूट पहना था। हाथ में हेलमेट लिए और धूप का चश्मा लगाए मुर्मू ने एयर चीफ मार्शल और वायुसेना के कुछ अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाईं। पूर्वाह्न 11.27 बजे विमान के उड़ान भरने से पहले राष्ट्रपति ने विमान के अंदर से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। विमान ने लगभग 30 मिनट तक उड़ान भरी और करीब 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद वापस वायुसेना स्टेशन पर लौटा। विमान 17वीं स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि राफेल विमान ने समुद्र तल से लगभग 15,000 फुट की ऊंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरी। आज सुबह वायुसेना के अड्डा पर पहुंचने पर राष्ट्रपति को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### भारत-चीन लद्दाख सीमा पर शांति के लिए सहमत

नयी दिल्ली। भारत और चीन ने मौजूदा तंत्र का उपयोग करते हुए पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक और उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की। कोर कमांडर स्तर की बैठक 25 अक्टूबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा के भारतीय हिस्से में मोल्डो-चुशूल बिंदु पर हुई। अगस्त में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के बाद दोनों सेनाओं के बीच यह पहली ऐसी बातचीत थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने अक्टूबर 2024 में कोर कमांडर स्तर की 22वें दौर की बैठक के बाद से हुई प्रगति पर ध्यान दिया और इस बात पर सहमति जताई कि भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखा गया है। इसने कहा दोनों पक्ष स्थिरता बनाए रखने के लिए सीमा पर किसी भी जमीनी मुद्दे को सुलझाने के लिए मौजूदा तंत्र का उपयोग जारी रखने पर सहमत हुए।

### यूपी : सड़क हादसे में 7 की मौत, 33 घायल

लखनऊ। मिर्जापुर, पीलीभीत, अमेठी, बदायूं और प्रयागराज में हुए सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 8 छात्राओं समेत 33 लोग घायल हो गए। मिर्जापुर जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत जसोवर मोड़ के पास एक ऑटो रिक्शा और खाली गैस टैंकर में टक्कर हो गई, जिससे ऑटो सवार आठ छात्राएं और कोच गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर ले गई जहां से उनको वाराणसी रेफर कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर नीतेश कुमार ने बताया कि यह सभी छात्राएं मण्डलीय स्तर की खेल प्रतियोगिता मे शामिल होने के लिए मिर्जापुर आ रही थीं।

# गन्ना किसानों को सरकार का बड़ा तोहफा

### ○ 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा मूल्य ○ अगेती गन्ना 400 व सामान्य 390 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने एक बार फिर गन्ना किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुन्तल की वृद्धि की गई है। उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के अनुसार अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य 400 रुपये प्रति कुन्तल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को लगभग 3,000 रुपये करोड़ का अतिरिक्त भुगतान होगा।




योगी सरकार के कार्यकाल में यह चौथी बार है जब गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय न केवल गन्ना किसानों की आमदनी में वृद्धि करेगा, बल्कि प्रदेश के ग्रामीण अर्थतंत्र में नई ऊर्जा भी भरेगा। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि किसानों के परिश्रम का सम्मान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गन्ना किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त स्तंभ हैं। गन्ना हमारे ग्रामीण जीवन और अर्थव्यवस्था का आधार है और हर किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य सही समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों को अब तक 2,90,225 रुपये करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो वर्ष 2007 से 2017 के बीच सपा और बसपा सरकारों में किसानों को कुल मात्र 1,47,346 रुपये करोड़ का भुगतान हुआ था। इस प्रकार सरकार ने मात्र साढ़े आठ वर्षों में पिछली सरकारों के मुकाबले 1,42,879 रुपये करोड़ अधिक भुगतान कर नया इतिहास रचा है। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 122 चीनी मिलें संचालित हैं, जिससे उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में जहां 21 मिलें औने-पौने दामों पर बेची गई थीं, वहीं सरकार के पारदर्शी प्रबंधन और निवेशोन्मुख नीतियों... शेष पृष्ठ 10 पर

## बिहार में जंगल राज की वापसी को रोकेगा राजग : सीएम योगी

सीवान (बिहार)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार अराजकता फैलाने वालों को कतई बर्दाशत नहीं करने की नीति पर काम कर रही है और राजग में शामिल दल राज्य में जंगल राज की वापसी के किसी भी प्रयास को नाकाम कर देंगे।

भाजपा नेता आदित्यनाथ ने लोगों से सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि बिहार के लोगों को राजद और कांग्रेस जैसी उन ताकतों की जरूरत नहीं है जो अपराधियों को गले लगाती हैं। रघुनाथपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, बिहार में माफिया राज को फिर से जिंदा करने के लिए ताकतें सक्रिय हैं, लेकिन उन्हें शुरुआत में ही खत्म कर दें। राजग में शामिल सभी दलों ने बिहार में जंगल राज की वापसी को रोकने का फैसला किया है। बिहार में डबल इंजन की सरकार अराजकता फैलाने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चलती है, सरकार उसी दिशा में काम कर रही है। बाकी के लिए बुलडोजर मौजूद है। उन्होंने कहा अपराधियों को गले लगाने वाली राजद, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बीडा में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन व लॉजिस्टिक्स पार्क का होगा विकास : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में एयरपोर्ट निर्माण के निर्देश दिए हैं। बीडा के समुचित विकास के लिए कनेक्टिविटी को और बेहतर करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का बीडा/झांसी तक विस्तारीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए एनएचएआई से संवाद किया जाए।

इसी प्रकार, दिल्ली-चेन्नई की चतुर्थ रेलवे लाइन तथा बीडा क्षेत्र में रेलवे स्टेशन निर्मित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। उन्होंने दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का एक नोड बीडा में विकसित करने की जरूरत बताते हुए बीडा क्षेत्र में एक मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क के निर्माण के भी निर्देश दिए, साथ ही, यूपीडा को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को बीडा से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए एलाइनमेंट की प्रक्रिया तेजी से पूरी करने भी निर्देश दिए हैं। बुधवार को बीडा के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चक्रवात मोंथा ने मचायी तबाही, दो लोगों की मौत

### एहतियाती उपायों के चलते कम से कम हुआ नुकसान : चन्द्रबाबू नायडू

एजेंसी

हैदराबाद/अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण राज्य में दो लोगों की मौत हो गई, लेकिन एहतियाती उपायों से नुकसान कम से कम हुआ है। नायडू ने सरकारी मशीनरी से चक्रवात प्रभावित लोगों को और राहत पहुंचाने के लिए अगले दो दिनों तक अपने प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।



वहीं तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को भीषण चक्रवाती तूफान मोंथा के असर से मूसलाधार बारिश हुई। यह तूफान पड़ोसी आंध्र प्रदेश के तट से बीती रात गुजरा था। तेलंगाना में वारंगल, जंगांव, हनुमकोंडा, महबूबाबाद, करीमनगर, सिद्धिपेट, यादाद्री भुवनागिरी, सूर्यापेट, नलगोंडा, खम्मम, भद्राद्री कोठागुडेम, नागरकर्नूल और पेद्दापल्ली जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि हैदराबाद में भी तेज वर्षा हुई। तेलंगाना डेवलपमेंट प्लानिंग सोसाइटी के अनुसार, वारंगल जिले के कल्लेदा में 348.3 मिमी, रेडलवाड़ा में 301.8 मिमी और कपुलाकनपार्थी में 270.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं हनुमकोंडा जिले के भीमदेवरपल्ली में 253.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। यह वर्षा बुधवार सुबह 8.30 बजे से शाम छह बजे के बीच दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने वारंगल, हनुमकोंडा, महबूबाबाद, जंगांव, सिद्धिपेट और यादाद्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीमांत क्षेत्रों का विकास सरकार की प्राथमिकता

### सीमा पर डटे वीर जवान संकल्प और सेवा के जीवंत प्रतीक : धामी

प्रमुख संवाददाता

पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सीमांत क्षेत्र मिलम गांव का दौरा कर वहां तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों से भेंट की। उन्होंने दुर्गम हिमालयी परिस्थितियों में भी मातृभूमि की सुरक्षा में तत्पर जवानों के जज्बे, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सीमा पर डटे हमारे वीर जवान न केवल राष्ट्र की सुरक्षा के प्रहरी हैं, बल्कि संकल्प और सेवा के जीवंत प्रतीक भी हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में आईटीबीपी के जवानों की भूमिका अतुलनीय है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में उनका परिश्रम, साहस और निष्ठा प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणासत्रोत है। मुख्यमंत्री धामी ने मिलम एवं आसपास के ग्रामीणों से भी संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार सीमांत इलाकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- ○ काशी नरेश महाविद्यालय अब बनेगा विश्वविद्यालय (पृष्ठ-02)
- ○ चुनाव ड्यूटी से गायब 5 कर्मी निलंबित, 3 बर्खास्त (पृष्ठ-02)
- ○ सोना 700 रुपये टूटकर 1,25,900 रुपये पर (पृष्ठ-10)
- ○ रुपया 43 पैसे टूटकर 88.26 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- ○ चालू वित्त वर्ष में वैश्विक आर्थिक वृद्धि की संभावना (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद के जंगल राज से राज्य को काफी हद तक बाहर निकाला : रक्षामंत्री

# बिहार में राजग को मिलेगा दो-तिहाई बहुमत : राजनाथ

एजेंसी

दरभंगा/पटना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को दो-तिहाई बहुमत मिलना देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आगामी 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना होगी और उसी दिन नेहरू की जयंती भी है।

पटना जिले के बाढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधा और कहा कि बिहार की जनता गुंडा राज नहीं चाहती और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद के जंगल राज से राज्य को काफी हद तक बाहर निकाला है। उन्होंने कहा बिहार चुनाव परिणाम जिस दिन आएंगे, वही पंडित नेहरू का जन्मदिन भी है। वह हमारे विचारधारा के नहीं थे, न ही हमारी पार्टी के थे, लेकिन देश के पहले प्रधानमंत्री थे। मैं उनका सम्मान करता हूं। सिंह ने कहा कि नेहरू जिस तरह के विकसित और मजबूत भारत का सपना देखते थे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैसा ही भारत बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा यदि 14 नवंबर को



बिहार में जनता राजग को दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में लाती है, तो यह नेहरू जी को जन्मदिन पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी। क्या आप यह काम पूरा करना चाहते हैं या नहीं? रक्षा मंत्री ने कांग्रेस और राजद पर चुनाव आयोग को बदनाम करने का आरोप लगाया और कहा कि यदि संवैधानिक संस्थाओं को ही बदनाम किया जाएगा तो लोकतंत्र कैसे चलेगा? उन्होंने कहा कि राजद ने बिहार की छवि विश्व भर में खराब की और यह चुनाव इस बात का फैसला करेगा कि राज्य फिर से जंगल राज की ओर जाएगा या विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट सुरक्षित करना चाहता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कांग्रेस और राजद पर निर्वाचन आयोग पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम किया जाएगा तो लोकतंत्र कैसे चलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का मुद्दा बिल्कुल स्पष्ट है कि राज्य को फिर से जंगल राज की ओर ले जाना है या विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है। इससे पहले दरभंगा जिले में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने राजद द्वारा प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के वादे को अवास्तविक करार दिया। उन्होंने कहा कि राजग अपना घोषणापत्र गुरुवार को जारी करेगा और उसमें किए गए हर वादे को पूरा करेगा। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर 20 साल के शासन में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा, जबकि दुःख की बात है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री का पूरा परिवार अनियमितताओं के मामलों में आरोपी है। उन्होंने विपक्ष पर वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधनों को वापस लेने का झूठा वादा करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बहराइच : नदी में पलटी नाव, 22 लोग लापता

जिला संवाददाता

बहराइच। जिले के सुजौली थाना क्षेत्र में कतर्नियाघाट के ट्रांस गेरुआ के जंगल में बसे भारत के अंतिम गांव भरथापुर में यात्रियों से भरी एक नाव नदी में डूब गई है जिसमें सवार करीब 22 लोग लापता हैं जबकि चार लोग सुरक्षित निकल आए। वहीं, भरथापुर गांव में हुई नाव दुर्घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों के साथ तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने यह भी कहा है कि राहत और बचाव कार्य सुचारू और तेज गति से कराना सुनिश्चित किया जाए। फिलहाल स्थानीय प्रशासन मौके पर मौजूद है और बचाव अभियान में पूरी तरह जुटा हुआ है।

**○ मुख्यमंत्री ने लिया मामले का संज्ञान, राहत कार्य तेज करने के निर्देश**

सूत्रों के अनुसार, कतर्नियाघाट के घने जंगल व गेरुआ नदी के पार ग्राम भारथापुर बसा हुआ है। इस गांव के लोग पड़ोसी जिला लखीमपुर खीरी के खैरटिया गांव से कौड़ियाला नदी में नाव से आवागमन व खरीदारी करते हैं और इसे सुविधाजनक मानते हैं। बुधवार की शाम को गांव के 25 लोग नाव से सवार होकर खैरटिया गांव से भरथापुर ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# यूपी की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक तरक्की की रीढ़ हैं एक्सप्रेसवे : सीएम

## गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण दिसम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल एक्सप्रेसवे डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि एक्सप्रेसवे केवल सड़कों का जाल नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक भविष्य की रीढ़ हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य दिसम्बर तक हर हाल में पूरा कराने के लक्ष्य के साथ तेज गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि राज्य के पश्चिमी और पूर्वी अंचलों के बीच सहज कनेक्टिविटी स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक परियोजना की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा हो और कार्य की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता न हो।

- यूपीडा के परियोजनाओं में समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो

बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार स्वरूप प्रस्तावित मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेसवे, नोएडा-जेवर लिंक एक्सप्रेसवे, चित्रकूट-रीवा लिंक एक्सप्रेसवे तथा प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र तक प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेसवे व विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के रूट पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नए एक्सप्रेसवे की योजना बनाते समय भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रस्तावित एक्सप्रेसवे और हाइवे नेटवर्क का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि दोहराव से बचते हुए राज्य में एकीकृत और समन्वित सड़क तंत्र विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जुड़े सभी नोड्स (लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट) में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रक्षा उद्योग से जोड़ना चाहिए, जिससे रोजगार सृजन के साथ ही क्षेत्रीय आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। बैठक में बताया गया कि डिफेंस कॉरिडोर के लिए अब तक लगभग 30,819 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। 5039 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। विभिन्न कंपनियों द्वारा कार्य प्रारंभ भी किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने भूमि आवंटन नीति पर विशेष बल देते हुए कहा कि भूमि आवंटन के तीन वर्ष के भीतर यदि निवेशक द्वारा यथोचित उपयोग नहीं किया जाता है तो ऐसा आवंटन स्वतः निरस्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि उपयोग की निगरानी की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए और निवेशक को केवल वास्तविक प्रगति की स्थिति में ही आगे की सुविधाएँ दी जाएं।

बैठक में यह भी बताया गया कि एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक पार्कों में निवेश आकर्षित करने के लिए यूपीडा ने बिजली, जलापूर्ति, ट्रक टर्मिनल और हेल्थ-इमरजेंसी सुविधाओं की व्यवस्था के लिए समयबद्ध योजना बनाई है।

# काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अब बनेगा काशी नरेश विश्वविद्यालय

विशेष संवाददाता (vol)

- ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को सशक्त बनाने के लिए एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब भदोही (संत रविदास नगर) के काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर को काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस निर्णय के तहत उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 में संशोधन किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2025 के प्रख्यापन का प्रस्ताव तैयार किया है। संशोधन अधिनियम की धारा-4, धारा-50, धारा-52 तथा अनुसूची में आवश्यक परिवर्तन किए जाएंगे, जिससे प्रस्तावित विश्वविद्यालय का औपचारिक गठन संभव हो सके।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही जनपद में उच्च शिक्षा के अवसर मिलें, जिससे उन्हें महानगरों की ओर पलायन न करना पड़े। काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही के गठन से न केवल जिले के विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध होगी, बल्कि पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में शैक्षिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पहले ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और सुलभ उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा चुकी है। नए विश्वविद्यालयों की स्थापना, स्वायत्तता में वृद्धि और शोधोन्मुख शिक्षा पर बल देते हुए सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को नई पहचान दी है। काशी नरेश विश्वविद्यालय की स्थापना इसी श्रृंखला का एक और सशक्त अध्याय होगी।

## संभल, बाराबंकी और फतेहपुर में निजी विश्वविद्यालयों को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों की स्थापना के प्रयासों को निरंतर गति मिल रही है। इसी क्रम में बुधवार को तीन निजी विश्वविद्यालयों को संचालन प्राधिकार-पत्र और आशय-पत्र प्रदान किए गए। इनमें राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, चंदौसी (संभल) तथा बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी को संचालन प्राधिकार-पत्र (लेटर ऑफ ऑथराइजेशन) प्रदान किया। वहीं, ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय, फतेहपुर के प्रायोजक एंग्लो संस्कृत कालेज, फतेहपुर को 'आशय-पत्र' (लेटर ऑफ इंटेंट) सौंपा गया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने लखनऊ स्थित अपने आवास में इन विश्वविद्यालयों को संचालन प्राधिकार-पत्र और 'आशय-पत्र' सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों के विस्तार, कौशल-आधारित शिक्षा और युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण अध्ययन अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय प्रदेश के शिक्षा परिदृश्य में पूरक भूमिका निभाते हुए स्थानीय युवाओं को उन्नत शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, चंदौसी का नाम उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2025 के अंतर्गत अधिनियम की अनुसूची-2 में क्रमांक 52 पर तथा बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी का नाम तृतीय संशोधन अध्यादेश, 2025 के तहत क्रमांक 50 पर सम्मिलित किया गया है। इन विश्वविद्यालयों के संचालन के लिए शासन द्वारा अधिसूचना और संचालन प्राधिकार-पत्र जारी किए गए हैं। फतेहपुर जिले में प्रस्तावित ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी आशय-पत्र में यह निर्देश दिए गए हैं कि प्रायोजक संस्था को 5 करोड़ रुपये की स्थायी विन्यास निधि सृजित करनी होगी, न्यूनतम 20 एकड़ (नगरीय क्षेत्र) या 50 एकड़ (ग्रामीण क्षेत्र) भूमि सम्यक रूप से धारित करनी होगी, तथा 24 हजार वर्गमीटर फर्श क्षेत्रफल का निर्माण कर उसमें न्यूनतम 2 करोड़ रुपये मूल्य के शैक्षणिक उपकरण, फर्नीचर और प्रयोगशाला सामग्री स्थापित करनी होगी।

# लोकतंत्र की पाठशाला में विद्यार्थियों का संवाद

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा बुधवार को ज्ञान, जिज्ञासा और संवाद का अद्भुत संगम बनी, जब कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के एल.एल.बी., बी.ए.एल.एल.बी., बी.बी.ए.एल.एल.बी. एवं एल.एल.एम. पाठ्यक्रमों के 35 छात्र-छात्राओं का समूह विधानसभा पहुंचा। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा का भ्रमण कर अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की।

विधानसभा के टंडन हाल में हुए इस विशेष सत्र में विद्यार्थियों ने अध्यक्ष सतीश महाना से बेबाक सवाल पूछे, विधानसभा की कार्यप्रणाली कैसी होती है? समितियां वर्ष भर क्या कार्य करती हैं? एक जनप्रतिनिधि किन चुनौतियों से जूझता है और अध्यक्ष महाना ने हर प्रश्न का उत्तर अत्यंत सहज, प्रेरक और अनुभवसमृद्ध शैली में दिया। अध्यक्ष सतीश महाना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा केवल विधायी कार्यों का केंद्र नहीं, बल्कि यह लोकशक्ति का मंदिर है, जहां विचार, तर्क और संवाद से नीति का जन्म होता है। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति त्रुटिपूर्ण हो सकता है लेकिन उससे संस्था की मर्यादा पर प्रश्न नहीं उठता। समितियां पूरे वर्ष सक्रिय रहती हैं और विधानसभा सत्र में जो विषय आते हैं, वे गहन विमर्श और अध्ययन के बाद प्रस्तुत होते हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा देश की सबसे सुंदर और सुसंगठित विधानसभाओं में एक है। 18वीं विधानसभा में विधायकों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका वह विराट स्तंभ है, जो शासन, समाज और जनविश्वास के बीच संतुलन बनाए रखता है। जनधारणा को सकारात्मक दिशा देना और विधिक शिक्षा के प्रति सम्मानजनक सोच विकसित करना समय की मांग है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विधानसभा की ऐतिहासिक विरासत, भव्य पुस्तकालय और सदन की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा। महाना ने छात्रों से कहा कि विधानसभा का हर कोना जनसेवा की कहानी कहता है और विधिक अध्ययन का उद्देश्य यही है कि आप समाज के लिए न्याय, व्यवस्था और विश्वास का पुल बनें।

# लागू होगी एआई आधारित स्मार्ट सर्विलांस प्रणाली

- पर्यटन में एआई का प्रयोग स्मार्ट टूरिज्म और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों में काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी), राम मंदिर (अयोध्या) और गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर) पर पर्यटकों के अनुभव को नई तकनीक के साथ जोड़ने जा रहा है। इन पवित्र धामों पर आने वाले हर श्रद्धालु और पर्यटक की गणना अत्याधुनिक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरा आधारित फुटफॉल काउंटिंग सिस्टम से करने की तैयारी है, जो रियल-टाइम में सटीक डेटा दर्ज करेगा। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए विभाग ने इच्छुक एजेंसियों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए हैं।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक प्रणाली से न केवल पर्यटकों की संख्या का सटीक आकलन हो सकेगा, बल्कि इससे यात्रा प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं के विकास और पर्यटन नीति निर्धारण को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस परियोजना के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी), गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर) और राम मंदिर (अयोध्या) में एआई कैमरा स्थापित किए जाने का प्रयास है। चयनित एजेंसी को इन स्थलों पर फुटफॉल काउंटिंग सिस्टम की स्थापना, डेटा विश्लेषण और रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत चयनित एजेंसी संपूर्ण प्रणाली के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंस्टॉलेशन एवं मेंटेनेंस का कार्य संपादित करेगी। इस अत्याधुनिक पहल में एआई आधारित फेस रिकग्निशन सिस्टम, फुटफॉल काउंटिंग, व्यवहारिक विश्लेषण तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली (इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम) जैसी उन्नत तकनीकों का समावेश होगा। यह स्मार्ट तकनीक प्रत्येक स्थल पर आने वाले पर्यटकों की संख्या, भीड़ के घनत्व और प्रवाह का सटीक विश्लेषण कर प्रभावी प्रबंधन, सुरक्षा निगरानी तथा आपात स्थिति में त्वरित अलर्ट और कार्रवाई को सुनिश्चित करेगी।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का यह कदम उत्तर प्रदेश में स्मार्ट टूरिज्म और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आएगा। इसके माध्यम से राज्य सरकार को पर्यटक प्रवाह का सटीक रिकॉर्ड मिलेगा।

साथ ही भीड़ प्रबंधन और सुविधाओं का विस्तार अधिक वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया, एआई तकनीक आधारित यह प्रणाली राज्य के पर्यटन स्थलों पर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और डेटा-आधारित बनाएगी।

## आरडीएसओ में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अफसरों ने की शिरकत



**लखनऊ।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आरडीएसओ सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य रेल नियमों एवं विनियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। लगभग 50 अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सोमवार 27 अक्टूबर को हुआ और यह 02 नवंबर तक चलेगा, जिसके दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रश्नोत्तरी एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## सीट आवंटन के दूसरे राउंड में 527 को मिली सीट

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों एव अन्य विश्वविद्यालयों में फॉमेर्सी प्रवेश के लिए दूसरे चरण का सीट आवंटन कर दिया गया है। दूसरे चरण में 527 को सीट आवंटित हुई जबकि पहले चरण में 4345 को सीट आवंटित किया गया था।

## पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस की मूर्ति लगवाने के लिए जदयू ने सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** एनडीए के पूर्व संयोजक, पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म विभूषण स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस की मूर्ति विकास नगर सेक्टर 6 में लगवाने की मांग जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केके त्रिपाठी द्वारा की गई। इस बाबत बुधवार को एक ज्ञापन लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल को डॉ. केके त्रिपाठी ने सौंपा। बता दें कि स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस की मूर्ति लगवाने के लिए सरकार सभी कागजी कार्यवाही एवं अनुसंशा पूरी होने के बाद लखनऊ नगर निगम द्वारा स्वीकृति एवं अनुमोदन पिछले साल में ही प्रदान किया जा चूका है। डॉ केके त्रिपाठी ने महापौर से जल्द से जल्द मूर्ति लगवाने के लिए मांग की है ताकि उनको उनकी देश सेवा का उचित सम्मान दिया जा सके। साथ ही में शहर के युवा भी उनके विचारो एवं सिद्धांतो से प्रेरणा ले सकें।

## ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल नहीं बना मोबाइल के अनुकूल : कांग्रेस

**लखनऊ।** स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव में मतदाता बनने में आ रही समस्याओं के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी से एक चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ अमित राय एवं को कोऑर्डिनेटर प्रो. श्रवण कुमार गुप्ता, विधि प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर आसिफ रिजवी, मो. अनस ने मिलकर ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न स्नातक एवं शिक्षक खंड निर्वाचन क्षेत्र में 2026 में चुनाव होने हैं। जिसके लिए मतदाता पुनरीक्षण का कार्य 30 सितंबर 2025 से प्रारंभ है जिसकी अंतिम तिथि 6 नवंबर 2025 नियत है किंतु प्रारंभिक 16 दिनों में हुए पंजीकरणों पर मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने में अनेक समस्याएं आ रही हैं। ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल मोबाइल के अनुकूल नहीं बनाया गया है। कई जिलों में स्नातक विधान परिषद का मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया किंतु फोटो डिलीट हो गई है। शिक्षकों को मतदाता बनने के लिए अपने फार्म को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रति हस्ताक्षरित करवाने का निर्देश है जोकि असंगत है।

# मजबूत समितियों से लोकतंत्र और अधिक बनेगा सशक्त : महाना

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया उप्र विधानसभा की संसदीय समितियों की बैठक का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के समिति कक्ष में बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में विधानसभा की विभिन्न संसदीय समितियों की बैठकों का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, पंचायती राज समिति, स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सभापति एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी सभापतियों और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समितियां विधायिका की रीढ़ होती हैं और जब समितियां मजबूत होंगी, तभी लोकतंत्र और अधिक सशक्त बनेगा।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार की व्यवस्था में सबकी भागीदारी होती है और हर किसी की अपनी जिम्मेदारी होती है। जनता के टैक्स से सरकार चलती है, इसलिए उसके हर पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

गरीब से गरीब व्यक्ति भी टैक्स देता है, अतः जनता के प्रति जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की समितियां किसी एक्ट के तहत नहीं बल्कि संविधान की व्यवस्था के अंतर्गत कार्य करती हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे बैठकों में पूरी तैयारी के साथ आएं, प्रकरणों की गहराई से समीक्षा करें और जनता के हित में ठोस सुझाव दें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की उम्र तय होती है, पर जनप्रतिनिधियों की नहीं इसलिए हमें सदन और समितियों में अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाना चाहिए। सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी ने कहा कि विधानसभा की कार्यप्रणाली और अनुशासन ने पूरे देश में उत्तर प्रदेश की एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि समितियां जनहित में कार्य कर विधानसभा अध्यक्ष की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति के सभापति पंकज गुप्ता ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। वे प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेकर उसका निवारण सुनिश्चित करेंगे और समिति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सभापति दीनानाथ भास्कर ने कहा कि वे समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समिति के मंच से सार्थक पहल करेंगे। पंचायती राज समिति के सभापति प्रेम सागर पटेल ने कहा कि समिति का उद्देश्य गांव, गरीब और किसान के हितों को सशक्त बनाना है।

# रालोद ने पीएम मोदी और सीएम योगी का जताया आभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का समर्थन मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने के निर्णय का रालोद ने स्वागत किया है। इस निर्णय को किसानों के हित में एक सकारात्मक कदम बताते हुए रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि लंबे समय से रालोद लगातार गन्ने के उचित मूल्य, भुगतान में पारदर्शिता और शर्करा उद्योग में सुधार की मांग करता रहा है। आज जब सरकार ने गन्ने का मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, तो यह किसानों के संघर्ष और उनके हक की दिशा में एक अहम उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसान हितैषी सोच को दर्शाता है। रालोद पार्टी सदैव किसानों के अधिकारों की रक्षा और कृषि की मजबूती के लिए कार्यरत रही है, और इस निर्णय से निश्चित ही प्रदेश के करोड़ों गन्ना उत्पादक किसानों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से बढ़ती लागत, खाद-बीज, मजदूरी, सिंचाई और डीजल के दामों के कारण गन्ना किसान कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे थे।

यह समर्थन मूल्य किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इससे किसानों का मनोबल बढ़ेगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और प्रदेश के चीनी उद्योग को भी स्थिरता प्राप्त होगी। रालोद महासचिव ने कहा कि रालोद इस निर्णय के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार का हार्दिक धन्यवाद करता है। साथ ही अपेक्षा करता है कि सरकार अब गन्ना मूल्य भुगतान की समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि किसानों को अपने परिश्रम का पूरा मूल्य समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि रालोद किसानों की आवाज बनकर हमेशा उनके हक के लिए संघर्षरत रहेगा और सरकार को किसानों के पक्ष में नीतियां बनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# पूर्वोत्तर रेलवे चला रही है 145 पूजा स्पेशल ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं प्रमुख नगरों के लिये 145 पूजा विशेष ट्रेनें 1,583 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 86 पूजा विशेष ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिये 1,364 फेरों में चलाई जा रही हैं। इस प्रकार, पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर 231 पूजा विशेष ट्रेनें 2,947 फेरों में चलाई जा रही हैं। इन पूजा विशेष ट्रेनों के माध्यम से त्यौहारों में यात्रियों की यात्रा सुगम हो रही है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 30 अक्टूबर, 2025 को पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली पूजा विशेष गाड़ियां हैं।

30 अक्टूबर को 05301 मऊ-अम्बाला कैंट पूजा विशेष गाड़ी मऊ से 04.00 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर, गोंडा, सीतापुर होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05062 टनकपुर-अछनेरा पूजा विशेष गाड़ी टनकपुर से 04.35 बजे प्रस्थान कर पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा जं. होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05131 गोरखपुर-बहराइच पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 05.25 बजे प्रस्थान कर आनन्दनगर, बढ़नी, गोंडा होते हुये चलाई जायेगी।

30 अक्टूबर को 05060 लालकुआँ-कोलकाता पूजा विशेष गाड़ी लालकुआँ से 13.35 बजे प्रस्थान कर पीलीभीत, मैलानी, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, छपरा होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05088 छपरा-कोलकाता पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 14.05 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05132 बहराइच-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी बहराइच से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, बढ़नी, आनन्दनगर होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05589 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 15.00 बजे प्रस्थान कर थावे, कप्तानगंज, गोरखपुर, गोंडा, सीतापुर होते हुये चलाई जायेगी।

30 अक्टूबर को 01416 गोरखपुर-पुणे पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेन्ट्रल पूजा विशेष गाड़ी काठगोदाम से 17.30 बजे प्रस्थान कर लालकुआँ, इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा जं. होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 03216 थावे-पटना पूजा विशेष गाड़ी थावे से 18.25 बजे प्रस्थान कर मसरख, खैरा होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05587 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 20.00 बजे प्रस्थान कर थावे, कप्तानगंज, गोरखपुर, गोंडा, ऐशबाग होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05033 बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी बढ़नी से 21.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल होते हुये चलाई जायेगी। 30 अक्टूबर को 05977 गोरखपुर-डिब्रुगढ़ पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 21.30 बजे प्रस्थान कर सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी होते हुये चलाई जायेगी।

## लखनऊ मंडल से होकर गुजरेंगी 40 विशेष ट्रेनें

**लखनऊ।** छठ महापर्व के पश्चात यात्रियों की वापसी यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक बनाने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा विशेष तैयारियाँ की गई हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 30 अक्टूबर को लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त कुल 40 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में से अधिकांश ट्रेनें बिहार, झारखंड एवं पूर्वी भारत के प्रमुख स्टेशनों बरौनी, गाजीपुर सिटी, दानापुर, पटना, मुजफ्फरपुर एवं मऊ से दिल्ली, चंडीगढ़, पुणे, मुंबई एवं बड़ौदा जैसी प्रमुख दिशाओं के लिए चलाई जा रही हैं। इन विशेष ट्रेनों में से 17 ट्रेनें बिहार क्षेत्र से संचालित होंगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन के समय, मार्ग एवं ठहराव की जानकारी के लिए भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट www.indianrailways.gov.in या NTES ऐप अथवा संबंधित स्टेशन के सूचना पटल से अद्यतन जानकारी प्राप्त करें।

# यूपी बन रहा देश की कृषि आपूर्ति चेन की रीढ़



कोल्ड स्टोरेज में रिकार्ड बढ़ोतरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने देशभर में कोल्ड चेन और कोल्ड स्टोरेज क्षेत्र में अपना दबदबा कायम किया है। मंत्रालय के हालिया आंकड़ों के अनुसार, यूपी में जनवरी 2025 तक 2,488 प्रोजेक्ट्स के जरिए 1,50,96,476 मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज क्षमता विकसित की गई है, जो देश में सबसे ज्यादा है। राज्य की बढ़ती शीत भंडारण क्षमता से फल-फसलों की बबार्दी में भारी कमी आई है और किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत, यूपी में अब तक कुल 18 कोल्ड चेन प्रोजेक्ट्स पूरी तरह कार्यरत हैं। इन प्रोजेक्ट्स से प्रदेश में 1.63 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष संरक्षण क्षमता और 7.57 लाख मीट्रिक टन प्रसंस्करण क्षमता का सृजन हुआ है। इससे 10,800 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। पिछले तीन वर्षों (2022-25) में यूपी को छह नई कोल्ड चेन परियोजनाओं की मंजूरी दी गई। भारतीय कृषि में कटाई के बाद नुकसान को कम करने और फूड वैल्यू चेन को समृद्ध करने में यूपी की भूमिका उल्लेखनीय रही है। पूरे देश में जहां कोल्ड चेन क्षेत्र में 395 प्रोजेक्ट्स मंजूर हुए (2008-2025), वहीं यूपी अकेले 2,488 योजनाओं के साथ अग्रणी रहा। राज्य में विकसित अधोसंरचना ने शीत भंडारण के पूरे इकोसिस्टम को सशक्त बनाया है, जिससे किसानों की आमदनी और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में बड़ा सुधार देखा गया है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी में कोल्ड स्टोरेज की जरूरत भी सबसे अधिक है। नेशनल सेंटर फॉर कोल्ड-चेन डेवलपमेंट की 2015 की रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में 1,06,75,137 मीट्रिक टन की अतिरिक्त आवश्यकता चिन्हित की गई थी, जिसमें लगभग पूरी भरपाई हो चुकी है। सरकारी स्कीम के लाभार्थियों में किसान समूह, एफपीओ, एससी/एसटी, वीएफ सेल्फ-हेल्प ग्रुप और निजी कंपनियां शामिल हैं। योजनाओं के तहत सामान्य क्षेत्रों में 35 प्रतिशत व कठिन क्षेत्रों में 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया गया है। इससे न सिर्फ छोटे व सीमांत किसानों को लाभ मिला है, बल्कि प्रदेश में बेरोजगारी भी घटी है। अंततः, उत्तर प्रदेश के रिकॉर्ड कोल्ड स्टोरेज विस्तार ने राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य सुरक्षा, रोजगार और कृषि आधुनिकता के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि नीति नवाचार और तकनीकी विस्तार से प्रदेश के किसान देश की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ बनेंगे।

संक्षेप

## विद्यालय में चोरी, दी तहरीर

प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कमरे का ताला तोडकर चोरी की वारदात अंजाम दी। लालगंज तहसील के रामपुर-संग्रामगढ़ ब्लाक के अन्तर्गत पूरे श्याम सिंह प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कंचन पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस अक्टूबर को सुबह पौने नौ बजे वह विद्यालय पहुंची। वहां रसोईया अर्चना मिश्रा ने बताया कि विद्यालय के एक कमरे का ताला बदमाशों ने तोड दिया है। बदमाशो ने कमरे मे रखा चावल व गेहूं व स्टील के बर्तन आदि चोरी कर लिये। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र भदौरिया का कहना है कि जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज

प्रतापगढ़। महिला के साथ छेड़छाड की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित महिला का आरोप है कि बीती सत्ताईस अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छः बजे वह बकरी बांधने जा रही थी। इसी बीच देवरी गांव का जितेन्द्र सरोज पुत्र लल्लन सरोज वहां पहुंचा और जबरन छेडखानी करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर गाली देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ छेडछाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो पर एससीएसटी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। जमीनी रंजिश में हुई मारपीट को लेकर दो आरोपियो के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के लीलापुर निवासी गेंदालाल कोरी पुत्र स्व0 अंगनू कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छः बजे वह अपने भतीजे प्रहलाद कोरी पुत्र स्व0 रामराज कोरी के साथ अपनी बहन के यहां से घर वापस आ रहा था। आरोप है कि जमीनी रंजिश में गांव के अरविंद दुबे पुत्र लल्लू प्रसाद दुबे ने एक अज्ञात के साथ मिलकर उसे जबरन रोक लिया। आरोपियों ने जातिसूचक गाली देते हुए पीड़ित और उसके भतीजे को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बालिका का शव 38 घंटे बाद मिला

सिद्धार्थनगर- नबेल घाट पर छठ महापर्व के दौरान नदी में डूबी एक बालिका का शव 38 घंटे बाद बुधवार सुबह बरामद किया गया। यह घटना सोमवार शाम को हुई थी, जब बालिका नदी में स्नान करने गई थी।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सभा नबेल निवासी जग्गू निषाद की पुत्री पूजा अन्य श्रद्धालुओं के साथ नदी में स्नान और अर्घ्य देने गई थी। इसी दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना कठेला समय माता पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रातभर बालिका की तलाश की। लगातार 38 घंटे की खोजबीन के बाद बुधवार सुबह घाट नदी में बालिका का शव तैरता हुआ मिला। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मंगलवार को इटवा विधानसभा के विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने प्रशासन से परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने की बात भी कही।

# बीएलओ घर-घर जाकर करें सत्यापन

- मतदाता सूची पुनरीक्षण बैठक :राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आह्वान

राम आशीष दूबे

**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण को लेकर थी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन कार्य में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने उनसे 4 नवंबर 2025 तक अपने बूथ लेवल एजेंट (इछअ) नियुक्त कर जिला निर्वाचन कार्यालय में जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण करेंगे। मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए इन प्रपत्रों को भरवाया जाएगा। भरे हुए प्रपत्रों को बीएलओ द्वारा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा, जिसके बाद सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त बूथों पर उनका सत्यापन करेंगे। बैठक के दौरान, जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत समय-सारिणी भी साझा की। इसके अनुसार, 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक प्रशिक्षण और गणना प्रपत्रों का मुद्रण होगा। 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। दावे और आपत्तियां 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दर्ज की जा सकेंगी। इन दावों और आपत्तियों की सुनवाई, सत्यापन और निस्तारण की प्रक्रिया 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। अंततः, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।



# खुनियांव में टीकाकरण के बाद बुखार सामान्य

## चिकित्सक बोले, यह टीके के प्रभावी होने का संकेत



सिद्धार्थनगर- खुनियाँव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. पी. एन. यादव ने अभिभावकों को आश्वस्त किया है कि टीकाकरण के बाद शिशु को हल्का बुखार आना एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि यह इस बात का संकेत है कि टीका शरीर में प्रभावी रूप से काम कर रहा है और ऐसे में माता-पिता को घबराना नहीं चाहिए। डॉ. यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कई अभिभावक बच्चे को बुखार या परेशानी होने के डर से टीका नहीं लगवाते। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीकाकरण के बाद आने वाला हल्का बुखार सामान्य होता है, जो आमतौर पर एक-दो दिन में दवा से ठीक हो जाता है। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद त्रिपाठी और ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक महेंद्र कुमार ने भी लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर किसी भी गलतफहमी में न पड़ें और समय पर टीकाकरण करवाकर बच्चों को कई संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखें। डॉ. यादव ने नवजात शिशुओं की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने सलाह दी कि जन्म के तुरंत बाद टीकाकरण शुरू कर देना चाहिए। बच्चे की पूर्ण सुरक्षा के लिए 1 बीसीजी इंजेक्शन, 3 डीपीटी इंजेक्शन, 3 ओपीवी (ओरल पोलियो वैक्सीन) और 1 खसरा का इंजेक्शन अनिवार्य रूप से लगना चाहिए।खुनियाँव ब्लॉक में हाल ही में कुल 163 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके अतिरिक्त, 86 गर्भवती महिलाओं को भी आवश्यक टीके लगाए गए। डॉ. यादव ने अभिभावकों से यह भी अपील की कि वे टीकाकरण कार्ड हमेशा अपने पास रखें। इससे बच्चे को अगला टीका समय पर और किसी भी स्थान पर लगवाया जा सकेगा।

# मिशन शक्ति के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के निदेर्शानुसार जनपद में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन के कर्मचारियों द्वारा विकास खंड हरिहरपुररानी मुख्यालय के सभागार में घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक सरिता मिश्रा द्वारा उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने विभाग की योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट कुसुम श्रीवास्तव एवं संजय कुमार वर्मा ने कन्या सुमंगला योजना, बाल विवाह रोकथाम व टोल फ्री नंबर 1090, 181, 1098, 112 के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी अभिषेक मिश्रा, सुपरवाइजर संगीता, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी, नीति आयोग से अभिषेक एवं देहात संस्था से युसूफ उपस्थित रहे।

# डायल 112 बेड़े में शामिल हुईं 6 नई स्कॉर्पियो



श्रावस्ती। भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद श्रावस्ती को 06 नवीन पीआरवी स्कॉर्पियो वाहन आवंटित किए गए हैं। आज पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से इन छहों स्कॉर्पियो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवीन पीआरवी वाहन मुख्यतः थाना सिरसिया एवं थाना मल्हीपुर क्षेत्र के इंडोझ़नेपाल बॉर्डर पर निरंतर गश्त, सतर्क निगरानी तथा आम नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने हेतु संचालित किए जाएंगे। ये सभी वाहन जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस संचार व्यवस्था, बॉडी वॉर्न कैमरा, मोबाइल डाटा टर्मिनल तथा सीयूजी मोबाइल फोन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित हैं, जिससे पुलिस की कार्यक्षमता, पारदर्शिता और जनविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही इन वाहनों में मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या अन्य आकस्मिक स्थितियों में पुलिसकर्मी तुरंत प्राथमिक उपचार और आवश्यक सहयोग प्रदान कर सकें।

# उर्वरक आपूर्ति व नियंत्रण को लेकर बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उर्वरक की आपूर्ति, कालाबाजारी, अधिक दर एवं टैगिंग जैसी शिकायतों पर नियंत्रण हेतु विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी फुटकर विक्रेता द्वारा उर्वरक की अधिक दर पर बिक्री न की जाए। यदि कोई विक्रेता नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि जनपद में सघन निगरानी रखी जाए, ताकि कृषकों को गुणवत्तापूर्ण एवं उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।



उन्होंने यह भी कहा कि नत्रजन (नाइट्रोजन) एवं फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता हर दशा में सुनिश्चित की जाए। उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग बिल्कुल न की जाए। फुटकर विक्रेताओं को अधिकृत सीमा के अनुसार समान रूप से वितरण किया जाए और वितरण रजिस्टर में गाटा संख्या व क्षेत्रफल अवश्य दर्ज किया जाए। साथ ही, सभी समितियां समय से भुगतान कर उर्वरक का उठान सुनिश्चित करें।

# नाबालिग को ब्लैकमेल कर कई बार किया दुष्कर्म

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से ब्लैकमेल कर बार-बार दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ रेप, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की पहचान पास के गांव के एक युवक जुनैद से हुई थी। दोस्ती के बहाने उसने नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाया और उसी दौरान गुप्त रूप से उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। कुछ समय बाद जब लड़की ने उससे दूरी बनानी चाही, तो उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे डराया और शोषण किया।जांच में पता चला कि आरोपी जुनैद ने वह वीडियो अपने साथियों हलीम, मुमताज, अरीफ, कमर, श्यान, शाबाब और हसीफ को भी दिखाया। इन लोगों ने भी वीडियो के सहारे नाबालिग को धमकाया और जबरन शारीरिक शोषण किया। पीड़िता के मुताबिक, आठों आरोपी उसे बार-बार बुलाकर ब्लैकमेल करते रहे और वीडियो वायरल करने की धमकी देते रहे। लंबे समय तक भय और बदनामी के कारण चुप रही पीड़िता ने आखिरकार साहस जुटाकर अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजन तुरंत कपिलवस्तु कोतवाली पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने सभी आठ आरोपियों के खिलाफ धारा 376 (दुष्कर्म), 506 (धमकी), 354 (शोषण), 120बी (साजिश) और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत केस दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी सिरसिया क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। पुलिस ने आठों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन कर छापेमारी शुरू कर दी है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले की जांच महिला उप निरीक्षक और साइबर सेल टीम को सौंपी गई है, जो यह भी जांच कर रही है कि वीडियो कहीं सोशल मीडिया पर तो अपलोड नहीं किया गया।

- प्रेम जाल में फंसाकर बनाया आपत्तिजनक वीडियो, 8 लोगों ने किया शोषण, गिरफ्तार

सीओ सदर विश्वजीत शौर्य ने कहा- यह अत्यंत गंभीर अपराध है। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा ! घटना के सामने आने के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।पुलिस विभाग ने पीड़िता को मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है, ताकि वह मानसिक रूप से मजबूत रह सके।

# भिनगा में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आरंभ



श्रावस्ती, भिनगा। जूनियर हाईस्कूल भिनगा के खेल मैदान में स्वर्गीय खुर्शीद अहमद पूर्व विधायक स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के बीच संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्रा ने उद्घाटन मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और सभी टीमों को खेल भावना व अनुशासन के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, निर्वतमान जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कांति पटेल, जिला मंत्री अरुण पांडे, मंडल अध्यक्ष भिनगा नगर अविनाश श्रीवास्तव (वीरू), मंडल अध्यक्ष अंकित निषाद, साहित्यदेव टूल सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का अभिनंदन पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण से किया गया। पूरा परिसर जयघोष और तालियों की गूंज से उत्सवमय हो उठा। नगर पालिका परिषद भिनगा के अध्यक्ष इरफान अहमद तथा पूरी आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। यह प्रतियोगिता नगर की खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ युवाओं में खेल भावना, सौहार्द, अनुशासन और टीमवर्क की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी।

# सेना के भगोड़े को मेरठ पुलिस ने किया गिरफ्तार

- कैंट क्षेत्र में सेना अधिकारियों के यहां करता था चोरी
- जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, मेरठ सहित डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे है दर्ज
- कार, मोबाइल, जेवरात सहित 5 लाख से अधिक की नगदी बरामद



मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ। सेना के भगोड़े जम्मू कश्मीर के राजौरी निवासी अंतर्राज्यीय चोर को तीन प-ती ऑनलाइन गेम्स ने जेल की सलाखो के पीछे आखिरकार भेज ही दिया है। ?25000 का इनामी सेना का भगोड़ा जम्मू कश्मीर के जिला राजौरी के थाना नौसेरा की तहसील ग्राम थाका का रहने वाला राजेश कुमार( 30), रमेश चंद का पुत्र है। मेरठ के कैंट क्षेत्र में मेजर तथा लेफ्टिनेंट के आवास पर रात्रि में चोरी की घटनाओं के मामले में मेरठ की थाना सदर बाजार पुलिस ने एस एसपी डॉक्टर विपिन ताडा के दिशा निर्देशों में आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह तथा सीओ सदर ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को दी, पुलिस अधीक्षक नगर के मुताबिक सेना के इस भगोड़े राजेश पर हरियाणा के अंबाला पुलिस द्वारा ?25000 का इनाम घोषित किया हुआ है तथा इस आरोपी पर जम्मू कश्मीर ,मध्य प्रदेश ,मेरठ आदि क्षेत्रों में डेढ दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस आरोपी का परिवार जम्मू कश्मीर के राजौरी में ही रहता है और इसकी पत्नी तथा बच्चा भी इससे संपर्क नहीं रखता है । पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि यह वर्ष 2013 में सेना में भर्ती हुआ था तथा वर्ष 2023 तक सेना में नौकरी की है उसके बाद यह सेवा से भगोड़ा बताया गया है ।इस आरोपी तक पुलिस को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है ।पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि विगत 11 अक्टूबर 2025 को मेरठ कैंट के तारापुर एंक्लेव में अज्ञात चोरों द्वारा मेजर पालीवाल के यहां आवास पर चोरी की थी इसके अलावा विगत 15 जुलाई को विक्रम बत्रा एंक्लेव में लेफ्टिनेंट कर्नल रणदीप मलिक के आवास पर भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया था, इन चोरी की घटनाओं की रिपोर्ट थाना सदर बाजार पर दर्ज हुई थी क्योंकि सेना से होने के कारण इस पर किसी को शक नहीं जाता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह आर्मी क्षेत्र ही चोरी के लिए उपयुक्त समझता था और वहां आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दे दिया करता था। पुलिस ने इसके कब्जे से 5,74,000 की नगदी ,पीली तथा सफेद धातु के जेवरात, एक गाड़ी हुंडई वरना नंबर जे के 02 ‘ 0530 तथा दो मोबाइल, घड़ी बरामद की है पुलिस अभी पूछताछ में जुटी है कि इस आरोपी ने देश के किन-किन राज्यों में चोरी को अंजाम दिया है ।

## संदिग्ध दशा में युवती ने निगला जहर, रेफर

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के सुक्खा का पुरवा में बुधवार को दोपहर जहरखुरानी से युवती की हालत गंभीर हो गयी। चर्चा के मुताबिक युवती ने संदिग्ध दशा में जहर निगल लिया। गांव के जीत लाल कोरी की पुत्री करिश्मा 20 ने दोपहर घर में अचानक जहर निगल लिया। हालत खराब होने पर आननफानन में परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा में करिश्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


लखनऊ नगर निगम
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेलः nnlko@up.nice.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

जोन-1

| क्रं. सं. | भवन संख्या, मोहल्ला का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नाम परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | वार्ड का नाम-लाल कुआं | | | |
| 1 | 68/162(68/114) छितवापुर | बद्री प्रसाद | सोभित भारती | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 2 | 71/004/2/एसएफ-204 (4/11,12) ए0पी0 सेन रोड | पुष्पा पहुजा व इन्द्रराज पहुजा | कृष्णा देवी | रजिस्टर्ड दान-विलेख, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 3 | 62/042/एफएल-105 स्टेशन रोड | गुंजन जायसवाल | सुनीता गांधी | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| | वार्ड का नाम-मशकगंज-वजीरगंज | | | |
| 4 | 162/244घ/2 अस्तबल चारबाग | राम कुमार | मोहम्मद ऐहतिशाम | रजिस्टर्ड दान-विलेख, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| | वार्ड का नाम-मौलवीगंज | | | |
| 5 | 140/032/एफ101(140/026) | राजेश गुप्ता | उमा गुप्ता | मा0 न्यायालय का निर्णय, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| | वार्ड का नाम-जे0सी0 बोस | | | |
| 6 | 122/004/एफएन-401 ए ब्लॉक | पूनम मलिक प्रवीण कुमार मलिक | अजय राय | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 7 | 118/148/एफ204 | भास्कर त्रिपाठी | रूमान सईद | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 8 | 120/031(120/012) | रितू टण्डन | मोहित मागून | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 9 | 126/03(126/027) बी एन रोड | राजा विजय बहादुर सिंह | वीर भद्र सिंह | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| | वार्ड का नाम-बशीरतगंज-गणेशगंज | | | |
| 10 | 78/016(78/013) न्यू गनेशगंज | आनन्द कुमार तिवारी व अशोक कुमार तिवारी व अन्य | रवीन्द्र कुमार व ज्योति | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| | वार्ड का नाम-राम मोहन राय | | | |
| 11 | 26/094/308 वजीर हसन रोड | अनीता रस्तोगी | विनीता तिवारी, राजेश प्रकाश तिवारी | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 12 | 39/052 न्यू बेरी रोड | इशरत आलम | कौसर इम्तियाज | रजिस्टर्ड दान-विलेख, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 13 | 24/033/1ए प्राग नरायन रोड | अवध ग्रीन | मकसुदूल हक | रजिस्टर्ड दान-विलेख, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |

जोनल अधिकारी, जोन-1


# एसआईआर की जल्दबाजी आयोग का दबाव भरा फैसलाः प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी राज्य बिहार के बाद बारह प्रदेशों में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को दबाव का फैसला कहा है। उन्होने सवाल उठाया कि जब सुप्रीम कोर्ट मे बिहार मे हुए एसआईआर को लेकर सुनवाई जारी है तब आयोग को इस प्रक्रिया को और आगे बढ़ाने की कौन सी जल्दबाजी है। उन्होने आयोग की तरफ निशाना साधते हुए कहा कि वह आखिर क्यों नही बता पा रहा है कि बिहार मे किस जाति और किस धर्म के लोगो के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होने कहा कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह बार बार यह कह रहे हैं कि बिहार मे घुसपैठिए हैं। बुधवार को नगर स्थित विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में उन्होने पीएम और गृहमंत्री की इस बयानबाजी को कटघरे मे खड़ा करते हुए यह भी सवाल दागा कि तब भी आयोग एक बार भी नही बता पाया कि वहां उसे कितने घुसपैठिये मिले। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि आयोग आसाम मे एसआईआर नही करा रहा है। उन्होने कहा कि इस आधार पर यदि एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट मे विचाराधीन है तब अदालत के आदेश का इंतजार क्यों नही किया गया।

# विकास कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं

## नवागत जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की परिचयात्मक बैठक



**श्रावस्ती।** नवागत जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक संपन्न की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से क्रमवार परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि श्रावस्ती जनपद के चहुँमुखी विकास हेतु प्रत्येक विभाग को निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समयबद्धता में पूर्ण करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल हैं, अतः इन क्षेत्रों में गुणवत्ता, सुव्यवस्था एवं सुधारात्मक प्रयासों पर विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्रमुख प्रतिबद्धता है। श्रावस्ती बाढ़ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण आपदा प्रबंधन, राहत कार्य और पूर्व तैयारी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यह जनपद आकांक्षात्मक जनपद के रूप में भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विशेष मानिटरिंग में है, अतः किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगा, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी, दक्षता एवं पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करें।

# गन्ना मूल्य बढ़ोतरी से और खुशहाल होंगे किसान : कामेश्वर सिंह

- योगी सरकार ने 30 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य बढ़ोत्तरी का लिया सराहनीय फैसला
- किसानों की आय दोगुना करने का मोदी-योगी सरकार का संकल्प होगा पूरा



गोरखपुर। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में प्रति कुंतल 30 रुपये की बढ़ोत्तरी को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने एतिहासिक और सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के इस फैसले से किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। राज्य के किसान अब और खुशहाल होंगे। बुधवार को गोरखपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व की बसपा और सपा सरकार में किसानों की घोर उपेक्षा की गई थी। प्रदेश में 21 चीनी मिलें औने-पौने दाम में बेच दी गई। किसानों को उनके गन्ने के मूल्य का समय से भुगतान नहीं किया गया। इन दोनों सरकारों में किसानों के हितों के साथ कुठाराघात किया गया। इसके उलट केंद्र की नरेंद्र मोदी की और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किसानों के हित में कई बड़े कदम उठाते हुए इनकी आय दोगुना करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ की सरकार के करीब साढ़े आठ साल के कार्यकाल में 12000 करोड़ रुपये का निवेश कर छह बंद चीनी मिलों को चालू कराया गया है। चार नई चीनी मिलें स्थापित हुई हैं और 42 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार ने अब तक 85 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य में बढ़ोत्तरी की है। इसमें पेराई सत्र 2025-26 के लिए 30 रुपये की बढ़ोत्तरी शामिल है। इस बढ़ोत्तरी के बाद अगेती प्रजातियों पर 400 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को होगा। इसी तरह सामान्य गन्ना मूल्य का दर 390 रुपये प्रति कुंतल होगा। उन्होंने गन्ना मूल्य में बढ़ोत्तरी करने के लिए किसानों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कृषक समाज के हित में लिए गए निर्णयों का परिणाम है कि चीनी मिलों की संख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश में दूसरे एवं गन्ने की बुआई क्षेत्रफल के हिसाब से प्रथम स्थान पर है। इस बढ़ोत्तरी से किसानों को करीब 3000 करोड़ रुपये अतिरिक्त गन्ना मूल्य का भुगतान प्राप्त होगा। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ. बच्चा पाण्डेय नवीन, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय सिंह भी मौजूद रहे।

## गन्ना किसानों के जीवन में नई मिठास घोलेगी मूल्य वृद्धि : नवनीत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि का निर्णय लिया है। इस निर्णय से गन्ना किसानों को तीन हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। हमारे गन्ना किसान, प्रदेश की समृद्धि के आधार स्तंभ हैं। यह निर्णय लाखों गन्ना किसानों के जीवन में नई उम्मीद, नई ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की मिठास घोलेगा। -नवनीत राय, जिला उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा भाजपा-गोरखपुर।

## गन्ना मूल्य बढोत्तरी से किसानों की खुशहाली बढ़ेगी : जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी



**गोरखपुर।** प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमन्त्री पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के कुशल नेतृत्व में चल रही उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की ऐतिहासिक वृद्धि की है। मुख्यमन्त्री योगी जी ने गन्ना किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के लिये गन्ने का समर्थन मूल्य 30 रुपये प्रति कुन्तल बढ़ाने का निर्णय लिया है, जो स्वागत योग्य है इससे किसानों की खुशहाली और बढ़ेगी। इस फैसले से किसानों खुशी की लहर है इस ऐतिहासिक निर्णय के लिये मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज व भाजपा सरकार को कोटि कोटि धन्यवाद एवं आभार। -जनार्दन तिवारी, जिलाध्यक्ष, भाजपा-गोरखपुर।

## गन्ना मूल्य वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मिलेगी नई गति : राजेश सिंह 'राजन'



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि का यह निर्णय किसानों की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगा। डबल इंजन सरकार का यह प्रयास "समृद्ध किसान- सशक्त उत्तर प्रदेश" के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और सशक्त कदम है। -राजेश सिंह 'राजन' - जिला महामंत्री, किसान मोर्चा, भाजपा-गोरखपुर।

## सरकार के दबाव में काम करता हैं चुनाव आयोग: प्रशांत



इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशान्त तिवारी ने उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुननिरीक्षण सर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली है चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम करता हे तिवारी ने कहा पहले भी मतदाता सूची में सरकार के दबाव में गड़बड़ी हुई है इस बार इसे रोकने के लिए पार्टी तैयार हे प्रत्येक बूथ पर पार्टी के बूथ अध्यक्ष होंगे जो बीएलओ के साथ घर घर जाएंगे काटने और जोड़ने वाले एक एक वोट पर बूथ अध्यक्ष की नजर होगी इस के अलावा विधानसभा स्तर पर भी कमेटी नियुक्त की जाएगी जिस तरह दूसरे राज्य एवं उत्तर प्रदेश में पहले गड़बड़ी हुई हे अब इटावा में नहीं होने देंगे कांग्रेस पार्टी फ्रंट पर आकर काम करेगी !

## समाजवादी व्यापार सभा ने डीएम को ज्ञापन सौंपा



इटावा। समाजवादी व्यापार सभा की ओर से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला अध्यक्ष व्यापार सभा राजीव चंदेल राजू, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव आदि सपा नेताओं द्वारा दिया गया। व्यापार सभा के सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल के बाबा स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल, सीतापुर के गांधी की उपाधि से सम्मानित, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक की मूर्ति को सीतापुर के बिसवां चौराहे से दुर्भावनापूर्ण राजनीतिक के कारण हटाने से हुआ आक्रोश उत्पन्न। ज्ञापन देने वालों में हरीश जौहरी, आकाशदीप जैन, शिवम वर्मा, जैनुल आब्दीन, सर्वेश जोशी, संतोष सोनी, अनिल सोनी, दिलशाद पहलवान, अजित कुदेशिया, आकाश सोनी, सुरेश चंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, दुष्यंत दोहरे, ज्ञान सिंह तोमर, रंजीत सोनी, आसिफ आदि मौजूद रहे !

## बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत



पिपरौली, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-28 बाईपास पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक अनिरुद्ध कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अनिरुद्ध कुमार पुत्र विश्राम प्रसाद, निवासी मल्हीपुर, अपनी एचएफ डीलक्स बाइक से अपने ससुराल चौरीचौरा जा रहे थे। दोपहर करीब 3:20 बजे उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक तेज रफ्तार में थी और नियंत्रण खोने से यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत सूचना तेनुआ टोल प्लाजा पर दी। मौके पर पहुंचे जीआईसीएल टोल कर्मियों ने घायल युवक को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## गौरी घाट पुल का मरम्मत और अंत्येष्टि स्थल बनाने की किया मांग



चौरीचौरा, गोरखपुर। ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने ऑपरेशन जन कल्याण के तहत चौरी-चौरा विधानसभा क्षेत्र के झगहा थाना क्षेत्र स्थित गौरी घाट पुल की मरम्मत कराने तथा गौरी घाट पर शवदाहगृह बनवाने की मांग किया है। उनका कहना है कि गौरी घाट पर बना पुल का ऊपरी भाग क्षतिग्रस्त होने के कारण पुल में लगा छड़ निकल गया है। जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के कहने पर उन्होंने मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल मौके पर पहुंचकर जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता किया है। तथा 48 घंटे के अंदर पुल की मरम्मत करने की मांग किया है। उनका कहना है कि गौरी घाट से रोज दर्जनों की संख्या में सौदा किया जाता है वहां पर व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है। हमारी सरकार से मांग है की गौरी घाट पर उन्नत शवदाहगृह बनाया जाए। जहां सभी प्रकार की जन सुविधाएं मौजूद हो।

## विश्व सोरायसिस दिवस पर यूपीयूएमएस में जन-जागरूकता कार्यक्रम

सैफई, इटावा। विश्व सोरायसिस दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई में सोरायसिस शर्म की नहीं, समझ की बात है। सही जानकारी, सही इलाज और सही सहयोग – यही स्वास्थ्य की असली चाबी है। की थीम पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सोरायसिस एवं वाइटिलिगो (श्वेत कुष्ठ) जैसे त्वचा रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनसे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ रमाकांत ने कहा कि विश्व सोरायसिस दिवस केवल एक त्वचा रोग के प्रति जागरूकता का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह संवेदनशीलता, सहानुभूति और सामाजिक स्वीकार्यता का प्रतीक भी है। त्वचा रोग विभागध्यक्ष डॉ श्वेता ने बताया कि सोरायसिस एक दीर्घकालिक, प्रतिरक्षा-संबंधी त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा की कोशिकाएँ अत्यधिक तेजी से बढ़ती हैं, जिससे लाल चकत्ते और परतदार त्वचा बन जाती है। यह रोग न तो संक्रामक है और न ही लाइलाज – इसे नियमित उपचार, सही जीवनशैली और मानसिक शांति के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग की पहल के अंतर्गत, प्रत्येक मंगलवार को सोरायसिस एवं वाइटिलिगो (श्वेत कुष्ठ) ओपीडी शुरू की गई है।

## डीएम एक दिन वाहन छोड़कर अपने कार्यालय



इटावा ! पर्यावरण छात्र संसद के आहवान पर एक सप्ताह में एक दिन वाहन छोड़कर पैदल कार्यालय जाने के क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारी पैदल ही अपने कार्यालय पहुंचे। इस कार्य में समाजसेवी भी शामिल रहे। डीएम आवास से अटल चौक होते हुए यह पैदल मार्च विकास भवन और कचहरी पहुंचा। इस पैदल मार्च के शुभारंभ पर पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक कैलाश यादव, संजय सक्सेना व मानवेंद्र शर्मा ने जिलाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया और छात्र संसद के प्रस्ताव की जानकारी दी। पैदल मार्च में काफी संख्या में अधिकारी शामिल हुए और अपने कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने बताया कि छात्र संसद की यह प्रक्रिया शानदार है। इसमें शरीर न केवल स्वस्थ रहता है बल्कि ईंधन की भी बचत होती है और पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी होता है।

## नायब तहसीलदार ने पराली न जलाने को लेकर किसानों को किया जागरूक



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। ब्लाक पूरेडलई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरायबरई मे पराली जलाने की रोकथाम के सम्बन्ध मे नायब तहसीलदार रामसनेहीघाट सुधाकर पांडेय ने किसानों को जागरुक किया। तथा अपने-अपने क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति पराली न जलाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरुक करे। इस सम्बन्ध मे नायब तहसीलदार श्री पाण्डेय ने बताया कि ग्राम सराय बरई में किसानो व जनमानस से पराली जलाने से बचने की अपील की गई। पराली जलाने की निगरानी के लिए भारत सरकार और राज्य सरकारें सेटेलाइट व रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग कर रही हैं। जिससे प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को कम किया जा सके। एंव निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर न केवल भारी जुमार्ना बल्कि एफआईआर और समर्थन मूल्य पर फसल न बिकने जैसी सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## गन्ने मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि

- किसानों को मिलेगा 3000 करोड़ का अतिरिक्त लाभ : रामबाबू द्विवेदी

रामनगर, बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने के मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की गई है। अगेती प्रजाति का मूल्य 400 प्रति कुंतल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान होगा।



जनपद के किसानों सहित प्रदेश के सभी गन्ना किसानों ने इस निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। उक्त उद्गार भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने व्यक्त किये। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गन्ना किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गन्ना पेराई सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी चीनी मिलों को तैयारियों और किसानों के भुगतान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश सरकार द्वारा दे दिए गए हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | MPS-BSB-2025 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi Purpose Stalls (MPS) at Varanasi Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 at 11:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| S. N. | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Varanasi Cantt. (BSB) | Catg-LKO-BSB-MPS-9-23-1 | BSB/4/5/10/MPS | 07.11.2025 at 11:30 hrs. | SMU | FF/WW/WRE/LD |
| 2 | Varanasi Cantt. (BSB) | Catg-LKO-BSB-MPS-14-25-1 | BSB/1/9/MPS | 07.11.2025 at 11:40 hrs. | GMU | |

3357/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मार्कशीट सहप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जिसका रोल नंबर 1242889 जो सन 2012 में पास किया था। **शिवम त्रिवेदी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी ग्राम पोस्ट हुमायूंपुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पति भुवन लाल वर्मा के सर्विस बुक व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम त्रुटिवश शान्ती देवी दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम मालती वर्मा दर्ज है। मुझे मालती वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। **मालती वर्मा पत्नी भुवन लाल वर्मा नि.- सी-1 आजाद नगर कालोनी, कैम्पवेल रोड लखनऊ।**


## शिक्षक/पत्रकार को मातृ शोक



गोरखपुर। कौड़ीराम क्षेत्र के जानीपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षक महेंद्र प्रताप सिंह की माता शकुंतला देवी (82) पत्नी स्व. डा. मुरारी सिंह उर्फ दारोगा सिंह का निधन बुधवार शाम को एम्स गोरखपुर में इलाज के दौरान हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रही थीं। निधन की सूचना मिलते ही जानीपुर आवास पर शोक प्रकट करने वालों का तांता लग गया। उन्होने अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह नौ बजे गोला स्थित मुक्ति धाम पर किया जाएगा।

## अपर जिजा जज ने दी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम पर जानकारी



बाराबंकी। नगरपालिका परिषद नवाबगंज सभागार मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे प्लान आफ एक्शन के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन का प्रचार प्रसार 2016 विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत 18 मार्च 2016 को ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन का प्रचार प्रसार 2016 अधिसूचित किया गया था। इसका उद्देश्य ठोस कचरे का वैज्ञानिक, पर्यावरणीय एवं व्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित करना, ठोस कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान की वैज्ञानिक व्यवस्था, खुले में कचरा फेंकने, जलाने या प्रदूषण फैलाने की प्रवृत्ति को रोकना भी शामिल है। इसके लिए सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों, संस्थानों और नागरिकों की जिम्मेदारी तय करना होगा। सभी लोगों को कचरे को गीले (जैविक), सूखे (अजैविक) और घरेलू खतरनाक कचरे को अलग-अलग रखना होगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केवल एक नियम नहीं यह हमारी जिम्मेदारी, हमारी संस्कृति और हमारे भविष्य की सुरक्षा का प्रतीक है। कार्यक्रम मे अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय कुमार शुक्ला, सफाई निरीक्षक दीपक गुप्ता सहित सफाईकर्मी, अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सरसवॉ विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 29.10.2025

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरसवॉ के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 05.11.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा: प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा | बालू | इण्टरलाकिंग टायल्स | गिट्टी | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाट बाजार में इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 7926 नग | 56.88 घन मी. | 28.44 घन मी. | 24710 नग | 0.886 घन मी. | 115 बैग | 5.18 घन मी. |

नियम शर्तें
1. निविदा फार्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत सरसवॉ के कार्यालय में 30.10.2025 से दिनांक 05.11.2025 तक रुपए मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्रपत्र कर ग्राम पंचायत सरसवॉ के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 30.10.2025 से दिनांक 05.11.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में 'टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत सरसवॉ के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 05.11.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लिखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

इन्द्रा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सरसवॉ
विकास खण्ड धौरहरा

पंकज कुमार
ग्रा.वि.अधिकारी
ग्राम पंचायत सरसवॉ
विकास खण्ड धौरहरा


## 17 से 23 नवम्बर तक आयोजित होगा महादेवा महोत्सव

- महादेवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक
- भव्यता, दिव्यता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक के साथ होगा महोत्सव : डीएम



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में रामनगर तहसील स्थित पौराणिक स्थल श्री लोधेश्वर धाम महादेवा महोत्सव 2025 अगहनी मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियों एवं मेला कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार महादेवा महोत्सव 17 नवम्बर से 23 नवम्बर तक भव्यता, दिव्यता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक के साथ आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि महादेवा महोत्सव को जिले की सांस्कृतिक पहचान और आस्था के अनुरूप विशेष रूप से सजाया और संजोया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कलाकारों का चयन समय से सुनिश्चित तथा स्थानीय प्रतिभाओं को विशेष प्राथमिकता दिये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में महोत्सव के सुचारू आयोजन के लिए अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें वित्तीय व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच की साज-सज्जा, कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं हेतु उपसमिति का गठन, शांति, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए जाने के विषय शामिल रहे। डीएम ने मेला परिसर में झूला, मनोरंजन झांकी और सांस्कृतिक प्रदर्शनी के लिए समुचित स्थान निर्धारित, भीड़ प्रबंधन हेतु मजबूत बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे, और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित, छुट्टा जानवरों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पशुपालन विभाग विशेष प्रबंध को लेकर भी दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को पेयजल व्यवस्था के लिए पर्याप्त वाटर टैंकर और अस्थायी हैंडपंप की व्यवस्था, बोहनिया एवं अभरन तालाबों की सफाई, शौचालयों की मरम्मत और संचालन, विद्युत, प्रकाश, चिकित्सा और साफ-सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा करने, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन चिकित्सा सहायता, और संचार समन्वय पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी रामनगर एवं मेला सचिव गुंजिता अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ गरिमा पंत, मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी, अनिल शास्त्री, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, थाना प्रभारी अनिल पांडेय सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।


समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

**कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर**

पत्रांकः समग्र शिक्षा/के.जी.बी.वी./25432-57/2025-26 दिनांक : 29/10/25

**जेम-बिड-विज्ञप्ति**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ.प्र., लखनऊ के पत्र संख्याः के.जी.बी.वी./एफ.एम.आई.-ओ.जि./2422/2025-26 दिनांकः 08.07.2025 द्वारा पी.ए. बी. मिनट्स वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा की स्कीम -1-एलीमेन्ट्र एजुकेशन के मेजर कम्पोनेन्ट-1-जेण्डर एण्ड इक्विटी के अन्तर्गत जनपद में संचालित 12 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में प्रति के.जी.बी.वी. एक ओपन जिम की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल पर बिड सं. GEM/2025/B/6820826 एवं पत्र संख्याः के.जी.बी.वी./का.व.ज.रा./3085/2025.26 दिनांकः 04.08.2025 द्वारा जनपद में संचालित 12 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में प्रति के.जी.बी.वी. एक कामर्शियल वाशिंग मशीन के क्रय हेतु जेम पोर्टल पर बिड सं. GEM/2025/B/6820885 अपलोड की गयी है। इच्छुक फर्मों द्वारा बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2025 अपराह्न 01.00 बजे तक निर्धारित है जो समिति के समक्ष दिनांक 13.11.2025 को अपराहन 01.30 बजे खोली जा सकती है। बिडर्स को बिना कारण बताये बिड को निरस्त करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।

(उपेन्द्र गुप्ता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर

संक्षेप

## विद्यालय में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मेला का आयोजन

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव भौनापुर में चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि सीओ अरुण कुमार सिंह, बीडीओ मोहित कौशिक, नपा अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया मौजूद रहे संचालन मनोज वर्मा ने किया है। आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां वीणापाणि के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया है। कार्यक्रम में डॉक्टरों की टीम ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए शरीर के विभिन्न अंगों को स्वस्थ रखने के लिए साफ सफाई करने का उपाय बताए रोग ग्रसित होने पर डॉक्टर की सलाह पर दवाइयां ले बच्चों द्वारा आयोजित रंगोली और भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार किया है। इस मौके पर विद्यालय के गोविंद मिश्रा, सुरजन लाल वर्मा और मोनू वर्मा समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

## कमरे के अंदर मिला युवक का शव

लखीमपुर खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम लखपेड़ा में नवविवाहित युवक का शव उसके ही कमरे के अंदर मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। मृतक की पहचान विकास पुत्र राजनरायन 27 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत लखपेड़ा के रूप में हुई है। उसकी शादी लगभग छह माह पहले हुई थी। सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला, दरवाजा खोलने पर विकास मृत अवस्था में मिला। जानकारी के अनुसार, घटना के समय पत्नी भी कमरे के अंदर मौजूद थी, जिससे पूरे मामले को लेकर संदेह और गहराता जा रहा है। घटना की सूचना अब तक पुलिस को नहीं दी गई है, वहीं ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। परिजन फिलहाल मामले को लेकर मौन हैं।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक

सोनभद्र। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, सोनभद्र शाखा की वार्षिक साधारण बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित होकर संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराया। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी माहौल में पूरी हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वसम्मति से डॉ. आर.एस. सिंह को चेयरमैन, विमल अग्रवाल को वाइस चेयरमैन और किशोरी सिंह को कोषाध्यक्ष व डॉ अरविन्द सिंह, दया सिंह, कार्तिकेय, अमित चंदेल, डॉ0संजय सिंह, दिलिप दुबे, पूनम, विनय श्रीवास्तव, धर्मेंद्र जायसवाल, डॉ टी पी सिंह, सुरसुरी दुबे,सरकारी सचिव डॉ0सुमन जायसवाल के पद पर चुना गया। बैठक के दौरान संगठन के आगामी वर्ष के कार्य-योजना पर भी चर्चा की गई, जिसमें समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान शिविर और आपदा राहत कार्यों को और सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया।

# बिना परमीशन काटे गए थे सरकारी पेड़ ,मामला उजागर



- डीएम खीरी के संज्ञान लेने पर अधिकारियों में मचा था हड़कंप
- चार दिन बाद भी जिम्मेदारों द्वारा नहीं हुई मामले में ठोस कार्रवाई

धौरहरा खीरी। वन रेंज के अंतर्गत कस्बा खमरिया क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सरकारी संपत्ति की अवैध बिक्री का मामला बीते रविवार 26 अक्टूबर 25 को उजागर हुआ था। जानकारी के अनुसार सीएचसी परिसर में लगे लाखों रुपये मूल्य के गूलर के पेड़ों को ठेकेदार द्वारा कटवाया जा रहा था, जबकि इस कार्य के लिए किसी भी सक्षम स्तर से अनुमति नहीं ली गई थी। जबकि सूत्रों के मुताबिक मूसेपुर निवासी ठेकेदार शरीफ व पहाड़ी के द्वारा यह कटान कराया जा रहा था। ठेकेदार से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि सीएचसी अधीक्षक द्वारा ही इन पेड़ों को उन्हें बिक्री किया गया था। बिना परमिट के इन दोनों ठेकेदारों के माध्यम से पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही थी। बताया जा रहा है कि सरकारी पेड़ों की बिक्री से प्राप्त धनराशि को सरकारी खजाने में जमा करने के बजाय निजी जेब में डालने का पूरा खेल दीपावली त्यौहार को देखते हुए रचा गया था। ग्रामीणों द्वारा विरोध व उच्चाधिकारियों को सूचना देने के बाद मामला तूल पकड़ गया। धौरहरा तहसील, रेंज, थाना पुलिस तीनों स्तरों पर सूचना दिए जाने के बावजूद प्रारंभिक दौर में किसी ने संज्ञान नहीं लिया। अंत्तोगत्वा प्रकरण जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल के संज्ञान में आने के बाद संबंधित अधिकारियो ने थोड़ा हरकत में आए। प्रकरण में वन विभाग की टीम में शामिल डिप्टी रेंजर और फॉरेस्ट गार्ड मौके पर पहुंचकर व ट्रैक्टर-पटियाला सहित लकड़ी को कब्जे में लेकर खमरिया पुलिस के सुपुर्द किया। शेष लकड़ी अब भी मौके पर पड़ी हुई है, जबकि ठेकेदार और मजदूर उपकरण सहित फरार हो गए थे। तब इस संबंध में जानकारी ली गई तो सीएचसी अधीक्षक ने सफाई देते हुए कहा था कि लकड़ी को केवल किनारे करवाया जा रहा था और बाद में सूचना दी जानी थी।वहीं, उपजिलाधिकारी धौरहरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद ठेकेदार और विक्रय में शामिल लोग सक्रिय हो गए हैं और मामले को दबाने की कोशिश में जुटे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी संपत्ति की लूट पर रोक लग सके। वर्तमान में ट्रैक्टर (पावर ट्रक 434) और लकड़ी से लदा पटियाला वन विभाग द्वारा थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया था लेकिन चार दिन बाद भी अधिकारी प्रकरण की तह तक नहीं पहुंच पाए।

## विश्व मानवाधिकार दिवस मनाने को लेकर हुई चर्चा

सोनभद्र। समग्र मानवाधिकार एसोसिएशन भारत की ओर से बुधवार को बैठक हुई। इस बैठक में आगामी 10 दिसंबर को मनाए जाने वाले विश्व मानवाधिकार दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुमताज अली ने की और इसमें राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ.बी यू अंसारी, पूर्वांचल अध्यक्ष एम डी राशिद, जिला महासचिव अमान खान, और मीरजापुर की जिलाध्यक्ष महिला संरक्षण सुनीता चौधरी,जिला प्रवक्ता अनवर अली समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मानवाधिकार के महत्व और इसके संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संगठन के पदाधिकारी और सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

## पांच वर्षों से जारी मूर्ति विसर्जन का कार्य संपन्न

मोहम्मदी खीरी। नगर मे लगभग कई वर्षों से संचालित मां जानकी सेवा संस्थान द्वारा निरंतर कई वर्षों से एक मुहिम चलाई जा रही है जिसमें मोहम्मदी टीम



द्वारा 1 वर्ष पूजन करने के बाद जो मूर्तियां होती हैं। जिन्हें आमतौर से लोग पेड़ों के नीचे रख देते हैं फेंक देते हैं जोकि धर्म में देवी देवताओं की अवहेलना है। इसलिए जगह-जगह काउंटर लगाकर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कर एकत्रित कर विसर्जन का कार्य किया जा रहा गया। एक ट्राली के माध्यम से ले जाया जाता है और बोरी पन्नियां अलग कर उनको जलवाया जाता है और जेसीबी के माध्यम से गड्ढा खुदवा। कर उन्हें व्यवस्थित किया जाता है सेवा संस्थान के अध्यक्ष शिवम राठौर का कहना है कि विसर्जन इस लिए नहीं किया जाता क्योंकि नदी में जलीय जीव जंतु रहते हैं और मूर्तियों में केमिकल होने के कारण उनकी मृत्यु हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस कार्य को करते हुए लगभग 5 वर्ष पूर्ण हो गए हैं।

## धौरहरा कस्बे के आस-पास तेंदुए की दहशत, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

धौरहरा खीरी। कस्बे के आसपास तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पिछले कुछ दिनों से तेंदुए को कई बार गांव की सीमा के पास देखा गया है। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की टीम ने इलाके में पिंजरा लगाया है और तेंदुए को पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। दो तीन लोगों पर हमला भी कर चुका है। बीते रात कस्बा निवासी कमल शुक्ला पुत्र श्रवण कुमार की जान बच गई सामने से घेर लिया लेकिन तभी तीन चार राहगीर निकल रहे थे तो उसकी जान बच गई। फारेस्टर राजेश दीक्षित ने बताया कि श्रवण शुक्ल की बगिया के पास पिंजरे को लगाया गया है लोगों ने बताया कि श्रवण शुक्ल के पास ही बाग है वहीं रहता है। वन क्षेत्राधिकारी नृपेन्द्र चतुवेर्दी कहा ने सभी को सतर्क रहने और रात के समय खेतों या सुनसान इलाकों में न जाने की सलाह दी है।

## 1 को मनायी जाएगी सरदार पटेल की जयंती

लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी लखीमपुर द्वारा सरदार वल्लभभाई झावेरभाई पटेल जी की 150वीं जन्म वर्षगांठ का आयोजन लखीमपुर 1 नवम्बर दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा ! कार्यक्रम आयोजक समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने बताया कि देश के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष अखंड भारत के निमार्ता व लोकतंत्र प्रहरी सरदार पटेल (वल्लभभाई झावेरभाई पटेल) के 150वें जन्मोत्सव के अवसर पर लखीमपुर शहर के एलआरपी रोड स्थित रॉयल पैराडाइस मैरिज लॉन निकट छाउछ में 1 नवंबर दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे से धूमधाम से मनाया जाएगा ! उन्होंने आगे बताया कि लौहपुरुष की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे जिले से समाजवादी पार्टी के लोग सहभगिता करेंगे व सरदार पटेल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन पर चर्चा करेंगे।

## महिला सशक्तीकरण पर हुई संगोष्ठी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में बुधवार को महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा बैड टच की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की महत्ता बताते हुए कहा कि महिला सुरक्षा समाज की मजबूती की पहली शर्त है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिकाएँ शांति वर्मा एवं अनुराधा रानी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर छात्राओं ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े अपने विचार साझा किए और संकल्प लिया कि वे समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

## 14 दिन में किया जाए गन्ना भुगतान, किसान पंचायत में गूंजा स्वर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सहकारी गन्ना विकास समिति प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन (राकिशसं) की विशाल किसान पंचायत आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। पंचायत में किसानों ने अपनी समस्याओं को मुखरता से उठाते हुए समयबद्ध गन्ना भुगतान की जोरदार मांग की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, गन्ना समिति के सचिव बलवंत चौधरी, एवं बजाज चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक पी.एस. चतुर्वेदी मौजूद रहे। किसानों ने एसडीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख मांग रखी गई कि मिल प्रशासन पिछला बकाया भुगतान आगामी पेराई सत्र से पहले पूरा करे और नए सत्र में 14 दिन के भीतर भुगतान करने का नोटेरियल शपथ पत्र दे। जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने पंचायत की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ह्वगन्ना किसानों के धैर्य की अब परीक्षा नहीं ली जानी चाहिए। मिलें तभी शुरू हों जब 14 दिन में भुगतान की लिखित गारंटी मिले।ह्व उन्होंने कहा कि लगातार विलंबित भुगतान से किसान कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक निष्क्रिय बना हुआ है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि वर्ष 2021 में जारी वसूली प्रमाण पत्र के बाद कुर्क की गई बजाज मिल की संपत्ति सरकार अपने कब्जे में ले, और किसानों द्वारा दिए गए नोटेरियल शपथ पत्रों में दर्ज बयानों को केस डायरी में शामिल कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया जाए। साथ ही किसानों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पराली प्रबंधन हेतु ठोस सरकारी व्यवस्था लागू करने की भी मांग की। एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने किसानों को आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और गन्ना भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, डेलीगेट अनिल कुमार, शिवदयाल वर्मा, श्याम किशोर, बृज किशोर, राधेश्याम, परमेश्वर दीन, नत्थू लाल, जीवन लाल, गुरु प्रसाद, नारायण लाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग के लाभार्थी को मिलेगा 20 हजार शादी अनुदान

लखीमपुर खीरी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए शादी अनुदान योजना चलाई जा रही है। शादी अनुदान योजना के अंतर्गत अभिभावक अपनी पुत्री का विवाह अपने अनुसार कर सकते हैं। शादी अनुदान योजना के अंतर्गत लाभार्थी के खाते में 20 हजार रुपए की धनराशि दी जाती है। शादी अनुदान हेतु लाभार्थी अपनी पुत्री की शादी के लिए विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संदर्भ में अभय कुमार सागर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि शादी अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले आवेदक की आय सीमा वार्षिक 1 लाख से अधिक ना हो, वर की आयु 21 वधु की आयु 18 वर्ष से कम ना हो, एक परिवार से अधिकतम दो पुत्री हेतु अनुदान अनुमन्य होगा, आवेदक अनुदान हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरेगा, शादी अनुदान हेतु आवेदक जनपद का निवासी होना अनिवार्य है, शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व 90 दिन बाद आवेदन किया जा सकता है शादी अनुदान योजना में प्राप्त आवेदनों को बजट के अनुसार पैसा दिया जाएगा। विधवा व दिव्यांग जनों को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शादी अनुदान में वरीयता दी जाएगी।

## बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए नवाचार के मॉडल प्रदर्शनी में दिखा विकसित भारत का सपना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का जनपदीय आयोजन बुधवार को कृषक समाज इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस वर्ष की प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत रखा गया था। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने स्थायी कृषि, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकी, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण एवं प्रबंधन जैसे सात उपविषयों पर अपने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए।

डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना और उन्हें नवीन प्रयोगों के प्रति प्रेरित करना है। निर्णायक मंडल में अनीता चौधरी (प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुकरा) तथा जगदीश नारायण (प्रधानाध्यापक, राजकीय हाई स्कूल गणेशपुर) शामिल रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मॉडल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने। इनमें स्नेहा गुप्ता का इलेक्ट्रिक सेफ्टी प्रोजेक्ट, प्राची श्रीवास्तव का गार्बेज सॉर्टिंग सिस्टम थ्रू एआई, स्वस्तिका सिंह का ट्रेन कोलिजन प्रीवेंटर, शशांक शुक्ला का ट्रेन सिग्नल सिस्टम, शिफा अंसारी का ग्रीन ड्रेनेज बेल्ट और शिवा का नेचुरल एसी विशेष रूप से सराहे गए।

मुख्य अतिथि ने विजेता बाल वैज्ञानिकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि युवा मस्तिष्क ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं, अतः उन्हें अपने प्रोजेक्ट समाज की आवश्यकता और व्यवहारिक उपयोगिता को ध्यान में रखकर तैयार करने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की। समापन सत्र में कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा, उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्र, अरुण कुमार पांडेय सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में छात्रों के उत्साह और रचनात्मकता ने यह साबित किया कि आने वाला भारत न सिर्फ आत्मनिर्भर, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी सशक्त होगा।

## सप्तदिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का समापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री धमार्दा समिति गौशाला में चल रहे सत्रहवें सप्तदिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का बुधवार को गौ पूजन, हवन एवं सम्मान समारोह के साथ भव्य समापन हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. बालमुकुन्द पाण्डेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं गौ पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कथावाचक अंजनी शरण जी महाराज, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमचंद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान, प्रधानाचार्य महेन्द्र त्रिपाठी (सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज), पूर्व हॉकी चयनकर्ता विश्वनाथ सिंह, भाजपा युवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, तथा गौसेवक सी.पी. श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महोत्सव के आयोजक पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। इस दौरान गौ सेवा में सहयोग करने वाले सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा गौ ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।मुख्य अतिथि डॉ. बालमुकुन्द पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा –सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना हमारी संस्कृति और प्रवृत्ति का अभिन्न हिस्सा है। भारत सदा से सबके कल्याण की कामना करने वाला देश रहा है। गौ सेवा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक कर्तव्य भी है। आयोजक विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गौ माता की सेवा करने वाला व्यक्ति जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त करता है। हमें यथाशक्ति और पूर्ण समर्पण के साथ गौ सेवा में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संजीव दीक्षित ने किया। इस अवसर पर सभासद हरिओम वर्मा, धर्मेन्द्र तिवारी, रियाजुद्दीन, हर्ष अवस्थी, आशीष अवस्थी, कफील अहमद, राजेश वर्मा, विनोद स्वर्णकार, अवनी पाण्डेय, रामानुज मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अशोक सक्सेना, विजय बाजपेयी सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे।



## बीएलओ घर घर जाकर मतदाता सूची का करें सत्यापन

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष और प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाए। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को मिशन मोड में संचालित किया जाए। उन्होंने सभी ईआरओध्एईआरओ को निर्देशित किया कि गणना प्रपत्रों का मुद्रण, वितरण, मिलान एवं इनका संग्रहण समय से हो। डुप्लीकेट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओं को लेकर पूरी सावधानी रखें। सभी मतदेय स्थलों का सही से स्थलीय निरीक्षण कर ड्रॉफ्ट प्रकाशन से पहले ही सम्भाजन की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। सम्भाजन के बाद नये मतदेय स्थलों के बनने पर बीएलओ की नियुक्ति भी समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि 01 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करें तथा अर्हता तिथि 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर, 2026 के लिए भी अग्रिम आवेदन स्वीकार किये जाएं। उन्होंने वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, निर्धन एवं अन्य अशक्त व्यक्तियों को यथासंभव सुविधा प्रदान करने के लिए स्वयं सेवकों की तैनाती करने को भी कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र नवयुवकों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल हो।

# योगी सरकार ने बढ़ाया गन्ना मूल्य किसानों ने कहा 450 हो गन्ना रेट



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।वीओएल। योगी सरकार ने गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया है। सरकार ने गन्ने का दाम 30 प्रति क्विंटल बढ़ाया है। अब अगैती प्रजाति का मूल्य ?400 प्रति क्विंटल और सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह नई दरें आगामी पेराई सत्र से लागू होंगी।

सरकार का कहना है कि यह फैसला किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें समय से उचित मूल्य दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों गन्ना उत्पादक किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है।लेकिन किसान संगठनों ने इस बढ़ोतरी को अपर्याप्त बताते हुए असंतोष जताया है। भाकियू के अध्यक्ष व किसान नेता अमनदीप सिंह संधू ने कहा कि ह्वसरकार ने ?30 की बढ़ोतरी कर किसानों को राहत देने की बात तो की है, लेकिन यह हकीकत से बहुत दूर है। आज किसान को खाद, बीज, मजदूरी, गन्ना छिलाई और ढुलाई पर पहले से कहीं अधिक खर्च करना पड़ रहा है। इन बढ़े हुए खर्चों को देखते हुए 400 का भाव बेहद कम है। सरकार को गन्ने का मूल्य कम से कम ?450 प्रति क्विंटल तय करना चाहिए था। वहीं किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकष्ण वर्मा ने कहा कि गन्ने की खेती अब लाभ का सौदा नहीं रही। एक एकड़ गन्ने की फसल तैयार करने में किसान को हजारों रुपये सिर्फ छिलाई, सिंचाई और ट्रॉली से मिल तक ढुलाई में लगाने पड़ते हैं। ऐसे में ?390 या ?400 की दर किसानों की मेहनत और लागत दोनों का अपमान है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि गन्ना मूल्य का पुनर्मूल्यांकन कर इसे वास्तविक लागत के अनुरूप बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का मूल्य मिल सके।

# पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त को भेजा जेल



लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पुलिस एवं स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा, 08.325 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद कर अभियुक्त जगदीश बिन्द पुत्र दयाराम बिन्द को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली सदर पुलिस ने बुधवार को सर्विलांस व स्वाट टीम द्वारा एक अभियुक्त जगदीश बिन्द पुत्र दयाराम बिन्द निवासी फरीदपुर थाना खेता सराय जिला जौनपुर अस्थायी पता भूसौरिया गोला थाना को 08.325 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ मानपुर तिराहा निकट अमृत सरोवर रेलवे क्रासिंग पुल से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 924/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राजेश कुमार सिंह कोतवाल सदर, उ0नि0 संचित यादव चौकी इंचार्ज राजापुर, का0 सुरेन्द्र सिंह, का0 गोपाल यादव, का0 नीतेश कुमार थाना कोतवाली सदर खीरी सहित आदि मौजूद रहे।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा बुधवार को स्कूली बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपने लेखों माध्यम से साइबर सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। एनसीएल साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत इस तरह के अनेक अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों, छात्रों और समाज के अन्य वर्गों में ब्लइमतश्रंहतपजठींतंज के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित करना है।

**अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ - 226011**
**रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु सूचना**
आरडीएसओ वेबसाइट https://rdso.indianrailways.gov.in/

रेल मंत्रालय के अंतर्गत अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (RDSO) द्वारा निम्नलिखित मद के लिए फर्मों की शॉर्टलिस्टिंग हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest - EOI) आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | Item विवरण |
|---|---|
| 1. | Expression of Interest (EOI) for development of Modular Cantilever Assembly (MCA) For 25 KV AC TRACTION |

उपरोक्त मद हेतु EOI दस्तावेज आरडीएसओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस क्षेत्र में दक्षता, पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता रखने वाली और आवेदन करने की इच्छुक फर्में आरडीएसओ वेबसाइट से EOI दस्तावेज डाउनलोड कर सकती हैं। किसी भी प्रकार की स्पष्टता हेतु कार्यकारी निदेशक/टी.आई./ ट्रैक्शन इंस्टॉलेशन निदेशालय, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ - 226011 से दूरभाष संख्या 0522-2465731 पर अथवा ई-मेल ohed ti@rdso.railnet.gov.in, dtiohed.rdso24@gmail.com के माध्यम से किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क किया जा सकता है।

(गौरांग गुप्ता)
निदेशक/टी. आई. - II

RO No. 39/2025-26/TI/EOI/09 Date :29.10.2025

संक्षेप

## गौवंश के धक्के से वृद्ध की मौत

मीरजापुर। वाराणसी-रीवा हाईवे स्थित तेंदुई गांव के पास फ्लाईओवर के नीचे गुजर रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग मुकुट धारी की गायों के धक्के से गंभीर रूप से चोट लगने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते शनिवार को मुकुट धारी फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रहे थे, तभी सड़क पर भैंस, गायों का झुंड आ गया। पास से गुजर रही गाड़ियों के हार्न की आवाज से पशुओं में भगदड़ मच गई। इसी दौरान गायों के धक्के से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए।जहां से डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।बुधवार सुबह परिजनों ने शव घर ले आने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## किशोरी ने फांसी के फंदे पर झूलकर दी जान

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के गौरवा पर्शिया गांव निवासी ननिहाल में आई किशोरी सोमवार को मकान के अंदर बड़ेर में फंदे से झूलकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पिता मुंबई में रहकर कोई कार्य करता था। परिजनों की सूचना पर पहुंचा बुधवार को हलिया थाने में तहरीर दिया। हलिया के गौरव पर्शिया गांव निवासी मुमताज की बेटी आयशा (14) एक माह से माता रेशमा के साथ चककोटार गांव निवासी मामा हसन अली के घर आई थी की दिमागी हालत ठीक न होने पर घर के अंदर प्लास्टिक की रस्सी से बड़ेर में फंदे पर झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली। मौत की सूचना पर पिता ने बुधवार को सुबह हलिया थाने में तहरीर देकर बताया की बेटी की मौत हो गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा पिता की तहरीर पर हलिया पुलिस ने मृतक किशोरी को पीएम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक श्यामलाल ने जांच कर बताया कि किशोरी के गले में निशान था जिसके वजह से पीएम कार्रवाही की गई है। मृतक किशोरी चार बहनों तथा तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर थी।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पिता की तहरीर पर किशोरी को पीएम के लिए भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## पूरी भव्यता के साथ मनायी जायेगी पटेल जयंती

मीरजापुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है। 31 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे नारायनपुर तिराहे से सन बीम स्कूल तकरन फॉर यूनिटी रैली निकाली जाएगी। चुनार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अनुराग सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की एकता और अखंडता के इस पावन अवसर पर एकजुट होकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश जन-जन तक पहुचाएं। उन्होंने बताया है कि कार्यक्रम को भव्य बनाने तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के साथ समाज को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देते हुए समता मूलक समाज के विचारों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए सरदार पटेल के जीवन दर्शन से लोगों को रुबरु कराया जाएगा।

## संदिग्ध हालत में मिली पेड़ से लटकी छात्रा की लाश

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के नरहन चकरारेत ढाबे के पास कक्षा नौ की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकती हुई लाश देखकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गयी। ज्ञात हो कि केराकत क्षेत्र के नरहन निवासी रामनाथ चौहान की पुत्री रेश्मा चैहान क्षेत्र के ही शिव मूर्ति इंटर कॉलेज की छात्रा थी। छात्रा कक्षा 9 की बताई जा रही है।बुधवार की सुबह रेश्मा की लाश एक ढाबे के पास स्थित पेड़ पर गले में फंदे से लटकती हुई लाश देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की खबर सुनकर लोगों की भारी संख्या में भीड़ लग गई हालांकि कुछ पहचान के लोगों ने तुरंत मृतका के भाई को घटना को बताया तो वह आनन फानन में वहां पहुंच गया। मृतक रेश्मा के भाई सरदार चौहान ने बताया कि पिता मुंबई में नौकरी करते हैं। मां ननिहाल गई हुई थीं।सूचना पर सीओ अजीत कुमार रजत व इंस्पेक्टर दीपेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गयें और लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का करायें निस्तारण



आजमगढ़। मंडलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार आजमगढ़ में सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की विभिन्न योजनाओं में मंडल के तीनों जनपदों को माह अक्टूबर में प्राप्त हुई ग्रेडिंग एवं रैंकिंग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंडलायुक्त ने तीनों जनपद के जिलाधिकारी एवं मंडलीय अधिकारियों को निरंतर ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभागों को जो ग्रेडिंग एवं रैंकिंग प्राप्त हुई है, वह सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही संभव हुआ है, इसलिए आवश्यक है कि आगे भी ग्रेडिंग एवं रैंकिंग की इस पोजीशन को निरंतर बनाए रखें। मंडलायुक्त ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि तीनों जनपद के अधिकारी लीड बैंक मैनेजर से समन्वय स्थापित करते हुए लंबित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसको तत्काल निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका सत्यापन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल आने वाले छात्रों का बायोमैट्रिक अटेंडेंस सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ज्वाइन्ट डायरेक्टर को निर्देश दिया कि जिस स्कूल से छात्रवृत्ति के लिए कम बच्चों का आवेदन प्राप्त हुआ है, वहां पर अभियान चलाकर छात्रों की अटेंडेंस का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कम से कम प्रत्येक जनपद के पांच विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति चेक करें। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति से अधिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसको तत्काल जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में फर्जी तरीके से छात्रवृत्ति योजना का लाभ न दिया जाए। समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही शादी अनुदान योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि किसी भी दशा में फजीर्वाड़ा न हो। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में पूर्व प्रधान एवं सम्मानित लोगों की उपस्थिति में खुली बैठक कराएं तथा समिति के माध्यम से जो आवेदन प्राप्त हों, उसका परीक्षण करते हुए योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि मंडल के तीनों जनपद के अधिकारी इसको प्राथमिकता से सुनिश्चित कराएं तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत से कोई न कोई आवेदन अवश्य आना चाहिए।

## असमय वर्षा से धान की फसल को भारी क्षति



जौनपुर । बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान मोंथा और अरब सागर में बने अवदाब का असर दिखाई दिया है। रात जिले के कई हिस्सों में हल्की से रिमझिम बारिश हुई, जिससे अधिकतम तापमान में पांच डिग्री से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इस असमय बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

बुधवार को हल्की रिमझिम बारिश हुई और पूरे दिन सूरज नहीं निकला।तूफान के प्रभाव से से मौसम में अचानक बदलाव आया। रात में 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से नम हवाएं चलीं। राज्य मौसम केंद्र के के अनुसार तूफान आंध्र प्रदेश तट पार करने के बाद कमजोर पड़ गया है।इसके अवशेष के प्रभाव से 29 और 31 अक्टूबर के दौरान दक्षिणी व पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।30 अक्टूबर को पूर्वांचल के कुछ जिलों में भारी वर्षा भी हो सकती है। इस दौरान बादलों की आवाजाही से अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की उम्मीद नहीं है।

## गौशाला में मनी गोपाष्टमी, हुई गौसेवा

आजमगढ़। श्री कृष्ण गौशाला समिति पहाड़पुर के प्रांगण में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातःकाल हवन पूजन के साथ-साथ गौ पूजन का कार्यक्रम रखा गया। तत्पश्चात समस्त रोगों व सांसारिक बाधाओं से मुक्ति के लिए तुलादान का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के नागरिक गण ने सपरिवार भाग लिया।



गोपाष्टमी का पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से दो कारणों से मनाया जाता है।पहला जब भगवान कृष्ण पहली बार गाय चराने के लिए निकले थे, और दूसरा, गोवर्धन पूजा के सात दिनों के बाद, जब इंद्रदेव ने अपनी हार स्वीकार कर भगवान कृष्ण का अभिषेक किया था। इस दिन गायों, बछड़ों और भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। इस शुभ दिन पर लोग गायों की पूजा करते हैं, गायों को चारा खिलाते हैं। कार्तिक माह की शुक्ल अष्टमी तिथि को सुबह-सुबह लोग गायों को नहलाते हैं, उन्हें फूल और सुगंध अर्पित करते हैं और उन्हें तरह-तरह के वस्त्र पहनाते हैं। लोग गायों को चारा खिलाते हैं, परिक्रमा करते हैं और फिर कुछ दूर तक गायों के पीछे चलते हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनूप कुमार अग्रवाल, ओम अग्रवाल अठवरिया, परितोष रुंगटा, सुधीर कुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, प्रवीण कुमार सिंह, डॉक्टर के एम बरनवाल, डॉ विनय सिंह यादव, डॉ निशा कुमारी प्राचार्य, श्री रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल, अनूप कुमार अग्रवाल मुन्ना बाबू, रमाकांत वर्मा, सीताराम पांडे, भारत विकास परिषद एलिट शाखा आजमगढ़, इनरव्हील क्लब, पवन अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल लड्डू, सुमित गोयल, अमन गर्ग, डेविड अग्रवाल, अमृत अग्रवाल, गगन अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुनील दत्त विश्वकर्मा, अविनाश जालान प्रत्युष डालमिया सहित नगर के लोग उपस्थित थे।

## रामकथा के समापन पर हुआ सियाराम का जयघोष



जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के खानापट्टी गांव के रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा के सातवे दिन समापन हो गया। इस दिन भगवान श्रीराम के जीवन के लंका विजय के बाद अयोध्या वापसी, भाई-बंधुओं के साथ राज्याभिषेक और मयार्दा पुरुषोत्तम राम के राजतिलककृने उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथावाचक संतोष शरण महाराज और उनकी संगीतमय मंडली ने इन प्रसंगों को अत्यंत जीवंत और मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया, जनकपुर से श्रीराम की बारात के दृश्य को जीवंत करते हुए, जब राम-सीता का स्वागत और विवाह प्रसंग दोहराया गया, तो पूरा मैदान जय सियाराम के उद्घोष से गूंज उठा। अंतिम प्रसंग में राम के अयोध्या लौटने पर दीपोत्सव और पुष्पक विमान से अवतरण का वर्णन सुनकर श्रद्धालु आनंद के सागर में डूब गये। कथा के प्रारंभिक दिनों में वनवास, सीता हरण और वानर सेना के संघर्ष जैसे प्रसंगों ने श्रोताओं को बांधे रखा था, लेकिन अंतिम दिन के इन चरम प्रसंगों ने तो पूरे वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। संतोष शरण महाराज ने रामचरितमानस के आधार पर इन प्रसंगों को संगीतमय भजनों से जोड़ा, जहां राम तारक मंत्र जप और अयोध्या नरेश राम आएंगे। जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंडली के सहयोगी उमेश शास्त्री और आशुतोष महाराज ने तबले, मृदंग और वायलिन के माध्यम से मधुर स्वरों का ऐसा संगम रचा कि रात्रि के अंधेरे में भी मैदान प्रकाशमान हो गया।

## नवागत मण्डलायुक्त ने किया कार्यभार ग्रहण



मीरजापुर। नवागत मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश ने 28 अक्टूबर 2025 की देर रात्रि विंध्याचल मंडल का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात आज प्रातः विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन-पूजन किया। मण्डलायुक्त पूर्वाह्न 10 बजे आयुक्त कार्यालय बैठकर अधिकारियों से मुलाकात की।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व देवेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि डॉ अशोक उपाध्याय, संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने मुलाकात कर विभागीय योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। कानपुर देहात के मूलतः निवासी मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी है, राजेश प्रकाश जिलाधिकारी फिरोजाबाद, सीईओ नोएडा प्राधिकरण के अलावा गाजियाबाद व अन्य जनपदो के प्रमुख पदो पर कार्य कर चुके है। विन्ध्याचल मण्डल आने के पूर्व महानिदेशक मत्स्य विभाग उप्र के पद विराजमान थे। वार्ता के दौरान मण्डलायुक्त ने प्राथमिकताओं के बारे मे जानकारी देते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक प्राथमिकता के साथ ससमय पहुंचाना, मण्डल के दूर दराज से आने वाले समस्याग्रस्त नागरिकों के समस्याओं को पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारण कराना एवं मण्डल में विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओ को निर्धारित समय व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के साथ ही अन्य आने वाली समस्याओं के समाधान के साथ मण्डल का चतुमुर्खी विकास कराना मुख्य प्राथमिकता है, इसके अतिरिक्त शासन द्वारा समय-समय पर दिए गए दिशा निदेशों का धरातल पर अक्षरशः लागू कराना भी उनकी प्राथमिकताओं में होगा। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अधिकारी पूर्वान्ह 10 बजे निर्धारित समय पर पहुँचे तथा आने वाले फरियादियों की समस्याओ को सुनते हुए उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

आजमगढ़। जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के गदनपुर तिराहे के पास नेशनल हाईवे-233 पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक शिव शंकर प्रजापति की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से युवक मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसकी नई बाइक के परखच्चे उड़ गए। सुबह करीब 6 बजे सड़क किनारे शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक शिव शंकर प्रजापति (20), पुत्र रमेश प्रजापति, निवासी बड़ा गांव, पोस्ट केशवपुर, थाना अतरौलिया था। वह मंगलवार रात करीब 10 बजे किसी की नई बाइक लेकर खाना खाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन रातभर लौटा नहीं। फोन पर संपर्क नहीं होने से परिजन चिंतित थे। सुबह गांव के एक युवक ने सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर परिवार को सूचना दी, जिसके बाद चाचा ओमकार प्रजापति ने शव की शिनाख्त की। शिव शंकर दो भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर का था और घर पर रहकर पढ़ाई करता था। मां रीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे हादसा इतना भयावह था कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर अतरौलिया पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक पवन कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह और विनय यादव ने शव कब्जे में लिया। शुरूआत में पहचान नहीं होने पर पुलिस ने आसपास के थानों को सूचित करने के साथ सोशल मीडिया से मदद ली। थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की विधिक कार्रवाई चल रही है और घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## कई इधर से उधर, राकेश कुमार सिंह को मिला सिधारी थाना

आजमगढ़। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को कार्यालय क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर से हटाकर प्रभारी निरीक्षक सिधारी नियुक्त किया है। वहीं, पूर्व प्रभारी निरीक्षक सिधारी हिमेन्द्र सिंह अब कार्यालय क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर की जिम्मेदारी संभालेंगे। क्राइम ब्रांच प्रभारी रहे निरीक्षक अखिलेश कुमार को मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बनाया गया है, जबकि मॉनीटरिंग सेल के पूर्व प्रभारी केशव प्रसाद द्विवेदी अब क्राइम ब्रांच संभालेंगे। निरीक्षक संजय कुमार पाल न्यायालय सुरक्षा से यातायात निरीक्षक बने हैं।

उपनिरीक्षक रूपेश सिंह सीटीसी प्रभारी से सीटीसी/डीसीआरबी प्रभारी बने, जबकि निरीक्षक चंद्रभूषण पांडेय डीसीआरबी/चुनाव सेल से केवल चुनावी सेल प्रभारी रहेंगे। निरीक्षक जय प्रकाश चिकित्सा जांच प्रकोष्ठ से विशेष टीम चोरी अनावरण की कमान संभालेंगे, और उपनिरीक्षक अमित कुमार साइबर सेल से इसी विशेष टीम में शामिल किए गए हैं।

## दारोगा पर परिवार संग घर से निकालने का आरोप

जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के हरईपुर ताजनपुर गांव की इन्दू पत्नी लक्ष्मनराम ने ग्राम प्रधान देवरानी की साजिश के तहत सुजानगंज के दरोगा रामभुवन यादव एवं दो अन्य सिपाहियों द्वारा जबरियन प्रार्थिनी व उसके दो नौजवान पुत्रियों को घर से निकाले जाने व उपजिलाधिकारी बदलापुर के आदेशा का अनुपालन न किये जाने को लेकर जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र देकर गुहार लगाया है। इन्दू देवी ने बताया कि 26को को चार बजे शाम देवर पिन्टू व देवरानी प्रमीला देवी ने दरोगा राम नयन यादव व दो अन्य सिपाही को बुलाकर जबरन मुझे व दो पुत्रियों तथा एक पुत्र को घर से निकाल कर भगा दिया और चेतावनी दिया कि यहाँ वापस आओगी तो, परिवार को जान से मार दूंगा। वह तीन दिन से थाना व तहसील का चक्कर लगा रही है। जवान पुत्रियों व पुत्र को लेकर रोड़ पर रह रही है। उसके बच्चों को घर में रखवाया जाना अति आवश्यक है। उप जिलाधिकारी बदलापुर द्वारा प्रार्थिनी के परिवार को हल्का लेखपाल एवं कानूनगो व एसओ सुजानगंज को मुझे और परिवार को घर में रहने को कहा गया। रात्रि 1 बजे पुलिस की मौजूदगी में जबरन मेरे ससुराल में न रखकर, मेरे मायके छोड़ दिया गया। पीड़िता ने मांग किया कि एसडीएम एसओ को आदेशित करें कि मौके पर जाकर मेरे घर में ताला खुलवा कर रखवाते हुए दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करें।

## शुचिता और सादगी के प्रतीक थे लक्ष्मी शंकर यादव

जौनपुर। संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य, उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मी शंकर यादव की 30वीं पुण्य तिथि बुधवार को नगर के रिवर व्यू होटल सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।स्व. लक्ष्मी शंकर यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने उन्हें भारतीय राजनीति में ईमानदारी, शुचिता, सादगी के प्रतीक एवं विकास पुरूष बताया। मुख्यवक्ता के रूप में शिक्षाविद् एवं संपादक डॉक्टर ब्रजेश कुमार यदुवंशी देश एवं प्रदेश में उनके योगदान को याद करते हुए संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य, विधायक, सांसद एवं लोक निर्माण विभाग में मंत्री के रूप में उनकी सेवाओं को बताया।रघुनाथ नाथ यादव, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय लोक दल ने खुटहन विधानसभा में उनके द्वारा बिछाए गए सड़कों के जाल के बारे में बताया।

प्रो.राज बहादुर यादव, कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, ने उन्हें जन नेता बताया। प्रोफेसर के.बी.यादव ने खुटहन विधानसभा में उनके द्वारा कराए गए कार्यों को विस्तार से बताते हुए उन्हें लोकप्रिय जन नेता कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. आशाराम, पूर्व अध्यक्ष, मध्यमिक शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज ने किया। प्रो . रणधीर, डॉक्टर राज कुमार यादव, आनन्द देव, डॉक्टर नीरज सिंह, संदीप कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल सतर्कता और सत्यनिष्ठा के प्रतीक : बी.साईराम

सोनभद्र। कोल इंडिया के 50 वर्ष पूर्ण होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह एक सुखद संयोग है कि कंपनी का स्थापना दिवस, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आता है।

उक्त बातें सीएमडी, बी.साईराम ने एनसीएल मुख्यालय में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहा। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल को सतर्कता और सत्यनिष्ठा का प्रतीक बताते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सत्यनिष्ठ कार्य संस्कृति को अपनाना चाहिए। अपने उद्बोधन के दौरान साईराम ने तकनीकी और डिजिटलीकरण को आज के बदलते व्यवसायिक परिदृश्य में सतर्कता का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कार्यालयीन जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। इस दौरान निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार ने अपने उद्बोधन में इस वर्ष की थीम सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी के आलोक में सतर्कता को समेकित कार्य बताते हुए पारदर्शिता बनाए रखने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि कार्यालयीन कार्य में नियमों एवं विधिक प्रावधानों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे संस्थान में सतर्क कार्यसंस्कृति का प्रादुर्भाव होता है। मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जयसवाल ने उपस्थित सभी से सतर्कता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को अपने दायित्वों के निर्वहन में सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।




## आशीष पांडेय ग्रामीण पत्रकार एसो.के जिला महासचिव बने

जौनपुर ! ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला इकाई एक बैठक संघ भवन कलेक्ट परिसर में जिला अध्यक्ष संजय अस्थाना के अध्यक्षता में हुई । इस मौके पर जिला महासचिव पद आशीष कुमार पांडेय पत्रकार को नियुक्त किया गया । सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्री पांडेय की नियुक्ति पर बधाई दिया जिला ने कहा कि श्री पांडेय को जिला महासचिव बनाए जाने से संगठन को मजबूती मिलेगी । पत्रकारों को एकजुट करके संगठन को सुचारू से संचालित किया जायेगा । बैठक में जय आनंद श्रीवास्तव, .प्रमोद जायसवाल.राम रामसिंगार शुक्ला .लक्ष्मी मौर्य ,सोनू उपाध्याय.देवेंद्र खरे.असलम खान तबरेज.शुभम सेठ .सुनील मिश्रा बख्तियार.आदि उपस्थित रहे।



## अगर किसी से दगा करोगे, तुझे मुहब्बत नहीं मिलेगी



जिला संवाददाता

सोनभद्र। नव प्रवाह साहित्यिक मंच मधुपुर के तत्वावधान में मंगलवार की देर शाम कवि शिक्षक गोपाल कुशवाहा के आवास गुलरहवा लोहरा में उनके पिताजी के पुण्यतिथि पर शोक सभा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सोनभद्र, वाराणसी चंदौली, मीरजापुर के कवि व शायर शिरकत किए।

कौमी एकता को समर्पित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व0राम सूरत कुशवाहा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर राजाराम सिंह, राम किसुन यादव, काशी नरेश सिंह, डा0छोटेलाल एवं अन्य वक्ताओं ने प्रकाश डाला। तदोपरांत कवि सम्मेलन का प्रारंभ डा0छोटेलाल द्वारा पितृ वंदना ह्यबाउ से बढ़के कोई ना जहान में, से किया गया। उसके उपरांत शहीद स्थल करारी प्रमुख कवि प्रदुम्न त्रिपाठी एड० ने कहा कि ह्यबंदूक तोप खंजर की बात मत करिये खूनी मंजर की बात मत करिये रहें मिलजुल सभी आदमी बनकर बहार खिलती रहे बंजर की बात मत करियेह्ल सुनाकर सारगर्भित संदेश दिया। श्याम सोनभद्री ने कहा सभी जो आदमी है आदमी तो हो नहीं सकते तभी हैं आदमी जब आचरण किरदार जिंदा है।ह्य अजय कुमार विमल ने कहा धनवानों की चैखट पर इंसाफ पड़ा मुफलिस सिर्फ. अदालत दफ़्तर करते हैं। गोपाल सिंह कुशवाहा ने जग की सद्व्रित निभाने को वादा तो बारंबार हुआ सुनाकर जीवन के दर्शन को उजागर किया। यथार्थ विष्णु ने ह्यहम जगमग करते है सबको रहते भले अंधेरे में नाम हमारा सोनभद्र है दीपक जैसी हालत हैह्ल सुनाकर सोनभद्र की उपेक्षा पर प्रकाश डाला। कवयित्री कौशल्या चैहान ने अगर किसी से दगा करोगे, तुझे मुहब्बत नहीं मिलेगी सुनाया। प्रमोद कुमार निर्मल ने ह्यचंद सिक्कों के खातिर रस्सी पर टांगी जाती है सुनाकर विभत्स मानवीय स्थिति को उजाकर किया। धर्मेश चैहान एड० ने वर्तमान परिवेश पर दोहा सुनाकर सोचने को विवश किया। कवि सम्मेलन में अन्य कवि राजेश कुमार, अशोक प्रियदर्शी एड०, सुधाकर देशप्रेम, नागेंद्र नाथ, राजकुमार, अनिल कुमार ने भी काव्य पाठ किया। सभा में दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार, नलिनीकांत, धनेश प्रजापति, मनीष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन राहुल सिंह कुशवाहा एवम अध्यक्षता प्रदुम्न त्रिपाठी पद्म ने किया। अन्त में संयोजक गोपाल सिंह कुशवाहा ने आये हुए अगुंतकों एवं कवियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की।

## उप खनिजों के अवैध खन्न परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के आदेश एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह के निर्देशन में उपजिलाधिकारी सदर, चुनार, लालगंज, मड़िहान, खान अधिकारी मीरजापुर व पुलिस विभाग, मीरजापुर द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में उपखनिजों के अवैध खनन, परिवहन की निरन्तर जांच, कार्यवाही की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह सितम्बर 2025 तक अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त 1588 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये राजस्व क्षतिपूर्ति की धनराशि रु 656.18 लाख के रूप में वसूल की गई है तथा अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त 6 व्यक्तियों के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 23837 लाख के सापेक्ष माह सितम्बर, 2025 तक निर्धारित मासिक लक्ष्य 9534.77 लाख के सापेक्ष रु0 11460.09 लाख की प्राप्ति की गयी है, जो निर्धारित मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 120.19 प्रतिशत है। अवैध खनन, परिवहन एवं ओवर लोडिंग पर नियन्त्रण स्थापित करके ही निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति की गई है। जनपद में उपखनिज ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन के 20 एवं उपखनिज बालू के 10 के नये रिक्त क्षेत्रों को चिन्हित कर जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में सम्मिलित किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है जिससे अधिक से अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी। जनपद में स्थापित क्रेशर प्लांटों में भण्डारित उपखनिज की पैमाईश जांच भी राजस्व विभाग व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निरन्तर की जा रही है जिसमें लगभग 16 स्टोन क्रेशरों पर 496.50 लाख की धनराशि अधिरोपित की गयी है, जिसमें से राजस्व क्षति की धनराशि 171.00 लाख की धनराशि जमा करायी जा चुकी है। नियमों के उल्लंघन किये जाने के कारण 23 स्टोन क्रेशर स्वामियों के विरुद्ध 115.00 लाख की धनराशि अधिरोपित की गयी है। इसी प्रकार जनपद में संचालित खनन पट्टों में स्वीकृत क्षेत्र के बाहर अवैध खनन, जनित लीज आईडी से भिन्न पटिया, ब्लाक का अवैध खनन, निर्गत ईएमएम-11 के सापेक्ष कम मात्रा के खनन करने पाले पट्टाधारकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 73 लाख राजस्व जमा कराया गया है।

## हाईटेंसन तार की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति झुलसा, 8 गायों की मौत

सोनभद्र। चुर्क चैकी अंतर्गत पड़री खुर्द गाँव में बीती रात हाइटेंशन तार टूट कर गिरने से आठ गायों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति झुलस गया। मिली जानकारी के अनुसार पड़री खुर्द गांव में जब सब लोग सो रहे थे उसी दौरान बड़ी घटना घट गयी। यहां बिजली की हाईटेंशन तार से निकले करंट की चपेट में आने से 8 मवेशियों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति सोमारु यादव पुत्र स्व.नान्हक यादव बुरी तरह से झुलस गया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे सदर विधायक भूपेश चैबे ने कार्यवाही का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में लोग हैरान हो गये। हादसे के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर जमा होने लगे और बिजली विभाग के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ सिटी रणधीर मिश्रा, रॉबर्ट्सगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह एवं अशोक तिवारी ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह घटना हुई है। इससे पहले भी दो बार बिजली का तार टूट चुका है। इसको लेकर विजली विभाग को सूचना देकर जाली लगाने की मांग की जा चुकी है। परन्तु अभी तक बिजली विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। जिससे बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों का भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## पुनर्मिलन समारोह 3 नवम्बर को

आजमगढ़। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी आजमगढ़ विंग कमान्डर कुमार राजीव रंजन (अप्रा) ने बताया है कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर आजमगढ़ में पूर्व सैनिकों का पुनर्मिलन समारोह 3 नवम्बर 2025 को 12 बजे से 14 बजे तक निर्धारित किया गया है।

संक्षेप

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**बहराइच**। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर 2025 को सांय 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के (शासी निकाय) की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. संजय कुमार द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

### 11 नवम्बर को सम्पन्न होगी दिशा की बैठक

**बहराइच**। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 11 नवम्बर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वांछित सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

# भव्य राम मंदिर में एक साथ आठ हजार भक्त कर सकेंगे दर्शन

(करूणाकर दूबे)



**अयोध्या**। राम नगरी अयोध्या एक बार फिर ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने जा रही है। राम मंदिर के निर्माण कार्य में तेजी के साथ अब अंतिम रूप देने का चरण शुरू हो गया है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर बैठकों का दौर जारी है।

समिति की ओर से प्रधानमंत्री से अनुरोध किया जाएगा कि वे ध्वजारोहण के साथ परकोटा और सप्त मंदिर का भी अवलोकन करें। राम मंदिर परिसर में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मिश्रा ने बताया कि परिसर में शहीद स्मारक का निर्माण भी पूर्ण गति से जारी है, जो फरवरी 2025 तक पूरा होने की संभावना है। यह स्मारक धातु से निर्मित होगा और इसे उन कारसेवकों की स्मृति में बनाया जा रहा है जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपना बलिदान दिया। मंदिर की संरचना अत्यंत भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी। मुख्य मंदिर में एक साथ 5000 से 8000 श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। दक्षिण द्वार से प्रवेश करने और निकलने में लगभग 20 मिनट, जबकि सुग्रीव किला मार्ग से दर्शन कर बाहर आने में करीब 40 मिनट का समय लगेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जूते-चप्पल रखने हेतु तीन विशेष स्थान बनाए गए हैं जो परकोटा से जुड़े होंगे। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 23 नवम्बर तक मंदिर परिसर मीडिया अवलोकन के लिए तैयार हो जाएगा। इस दौरान पत्रकारों को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी ताकि वे निर्माण की प्रगति को देख सकें। अस्थायी मंदिर को स्मारक के रूप में संरक्षित रखा जाएगा, जहां सदैव एक प्रज्वलित दीपक जलता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी के संभावित आगमन को लेकर अयोध्या प्रशासन और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। रामलला का भव्य मंदिर अब अपने पूर्ण स्वरूप में जगमगाने को तैयार है।

# निजी भूमि पर प्लेज स्कीम के तहत बन सकेंगे औद्योगिक पार्क

**देवरिया**। उपायुक्त उद्योग एस०... सिद्दीकी ने बताया है कि प्रदेश के आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग स्थापना में भूमि, सड़क एवं जल जैसी प्रमुख समस्याओं के समाधान हेतु एक नई पहल की गई है। इसके अंतर्गत पहली बार राज्य में निजी भूमि पर ह्यप्लेज स्कीमह्व के तहत औद्योगिक पार्क विकसित करने की अनुमति दी गई है। इस संबंध में शासनादेश दिनांक 01 फरवरी 2023 को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, पार्क के विकास हेतु प्रवर्तकों को एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह ऋण डीएम सर्किल रेट के अनुसार भूमि मूल्य के 90 प्रतिशत, ?50 लाख प्रति एकड़ अथवा परियोजना लागत में से जो न्यूनतम हो, उस पर आधारित होगा। पार्क की भूमि खरीदने या लीज पर लेने पर स्टाम्प शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। पार्क के अंदर भूखंड खरीदने या लीज पर लेने वाले उद्यमियों को 50 से 100 प्रतिशत तक स्टाम्प शुल्क छूट का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही एमएसएमई नीति-2022 के अनुरूप ?4 करोड़ तक का अनुदान भी प्राप्त हो सकेगा। योजना के अंतर्गत पार्क हेतु अकृषक औद्योगिक भूमि न्यूनतम 10 एकड़ एवं अधिकतम 50 एकड़ निर्धारित की गई है। प्रत्येक एकड़ भूमि पर कम से कम एक औद्योगिक इकाई की स्थापना अनिवार्य होगी। उदाहरण स्वरूप, यदि पार्क का क्षेत्रफल 25 एकड़ है, तो उसमें न्यूनतम 25 औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित की जानी होंगी। राज्य सरकार की नीति के अंतर्गत पार्क तक पहुँच मार्ग का सुदृढ़ीकरण भी कराया जा सकेगा।

इस योजना से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय स्तर पर नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इच्छुक निजी प्रवर्तक या उद्यमी किसी भी कार्य दिवस में संबंधित कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## भवन स्वामियों को निर्माण लागत का 01 प्रतिशत लेबर सेस जमा करना अनिवार्य

**देवरिया**। सहायक श्रम आयुक्त देवरिया स्कन्द कुमार ने बताया कि जनपद देवरिया में आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का निर्माण कार्य करा रहे भवन स्वामियों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत अपने निर्माण लागत का 01 प्रतिशत लेबर सेस उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पक्ष में जमा करना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि श्रम विभाग, देवरिया द्वारा ऐसे पाँच भवन स्वामियों के विरुद्ध वसूली (आर.सी.) की कार्यवाही की गई है, जिन्होंने पर्याप्त समय बीत जाने के बावजूद उपकर की धनराशि जमा नहीं की। यह वसूली भू-राजस्व की भाँति की जाएगी। उक्त प्रकरणों में निर्धारित धनराशि लगभग ?13,55,198.96 है, जिस पर सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत 02 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज भी अधिरोपित किया गया है सहायक श्रम आयुक्त ने जनपद के समस्त आवासीय एवं व्यावसायिक भवन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने भवन निर्माण की लागत पर निर्धारित लेबर सेस अनिवार्य रूप से जमा करें तथा अपने निर्माण कार्य का पंजीकरण ह्यनिवेश मित्र पोर्टलह्व के माध्यम से श्रम विभाग में अवश्य कराएं।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण

**देवरिया**। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, अग्निशमन यंत्रों की स्थिति एवं अभिलेखों के संधारण की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा व निगरानी में पूर्ण सतर्कता रखी जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की स्थिति भी जानी। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 31 को जिला सेवायोजन कार्यालय में लगेगा रोजगार मेला

**देवरिया**। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने तथा उनकी रोजगारिता में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 31 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, जी.आई.टी.आई. कैम्पस, देवरिया के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक तथा श्रीराम फाइनेंस द्वारा देवरिया जनपद के अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से चयन (कैंपस प्लेसमेंट) किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का भत्ता या मार्ग-व्यय देय नहीं होगा।

# अनाथ गौसेवा को डीएम ने दिया हर सम्भव सहायता का भरोसा



**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम जिगिना दीक्षित में छोटी गण्डक नदी के तट पर स्थित अनाथ गौसेवा को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने गौपाष्टमी के अवसर पर एक कार्यक्रम मे गौमाता का पूजा अर्चन करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनाथ गौसेवा आश्रम को हर सम्भव सहायता देने का आस्वासन देते हुए कहा कि गौमाता के शरीर मे सभी देवताओं का निवास होता है ।

गायो के प्रति किसानों को जागरूक करते सभी से गाय पालने व गौसेवा करने का आहवान की ।इस अवसर पर गोबर की कंडी बनाने के मशीन का उदघाटन भी किया । अनाथ गौसेवा के संचालक मुकेश दीक्षित ने जिलाधिकारी को माल्यार्पण कर स्वागत किया ।वक्ताओं ने गाय के सम्बन्ध में पौराणिक धार्मिक मान्यताओं के सम्बन्ध में विस्तार से बताया ।इस अवसर पर ईओ संजय तिवारी आचार्य पंडित घन्नजय पाण्डेय अनिल दीक्षित मनोज मिश्र जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह जितेन्द्र पाण्डेय हरिचरण कुशवाहा ज्ञानप्रकाश तिवारीभोला गुप्ता ओंमप्रकाव गुप्त गाँन्धी पशुपति संतोष संदीफ पी एम साहनी किशन महेन्द्र दीक्षित नागेशमणि त्रिपाठी विट्ठू अवनीश दिव्यान्शु अभिषेक प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन मोहित कुमार ने किया ।कार्यक्रम के आयोजन मे पंडित घन्नजय पाण्डेय की भूमिका भी अहम रही ।

## गन्ने के मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल बढ़ोतरी नाकाफी

**देवरिया**। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज गन्ने के मूल्य में ?30 प्रति कुंतल बढ़ोतरी स्वागत योग्य है। यह कदम सकारात्मक जरूर है, लेकिन किसानों की वास्तविक उम्मीदों और बढ़ती लागत के हिसाब से यह बढ़ोतरी बेहद कम है। डीजल, खाद, बीज, मजदूरी और परिवहन की कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद सरकार ने केवल ?30 की बढ़ोतरी की है, जिससे किसानों को राहत नहीं मिल पाएगी। गन्ने का मूल्य कम से कम ?450 प्रति कुंतल निर्धारित किया जाना चाहिए, ताकि किसान अपने परिवार और खेती दोनों को सम्मानपूर्वक चला सकें। सरकार को किसानों की जमीन की हकीकत को समझते हुए उनकी मेहनत का सही मूल्य देना चाहिए। गन्ना किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उनका सम्मान और सुरक्षा ही असली विकास है। भाकियू आगे भी किसानों की आवाज को मजबूत तरीके से उठाती रहेगी।

# रॉकेट प्रक्षेपण प्रतियोगिता के तीसरे दिन 8 रॉकेट्री और 5 कैनसेट ने भरी उड़ान

**कुशीनगर**। सेवरही विकासखंड के ग्राम रकबा जंगली पट्टी स्थित जीरो तटबंध किनारे आयोजित चार दिवसीय रॉकेट्री एवं कैनसेट प्रक्षेपण प्रतियोगिता के तीसरे दिन आसमान में उड़ते रॉकेटों और कैनसेट की उड़ान ने सबका मन मोह लिया। विज्ञान की नई तकनीक से लैस इन रॉकेटों को हवा में उड़ते देख ग्रामीणों और विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

- विज्ञान की उड़ान देख रोमांचित हुए ग्रामीण, छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल



कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार सुबह 7 बजे हुआ, जो शाम तक चलता रहा। इस दौरान कुल 14 रॉकेट लॉन्च किए गए, जिनमें से 13 ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी। तकनीकी कारणों से एक रॉकेट उड़ान नहीं भर सका। वहीं, दो रॉकेटों के पैराशूट न खुल पाने के बावजूद उन्हें रिकवरी टीम ने जीपीएस की मदद से सुरक्षित रिकवर कर लिया।

रॉकेट प्रक्षेपण कार्यक्रम इसरो, इन-स्पेस एवं एनएसआईएल के वैज्ञानिकों की देखरेख में संपन्न हुआ। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीकी के प्रति रुचि विकसित करना है। उन्होंने कहा कि ह्ययह आयोजन न केवल विज्ञान की समझ बढ़ाता है, बल्कि बच्चों में नवाचार की भावना भी जगाता है।ह्व कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों जगदीश पब्लिक स्कूल और द प्रेसिडेंट स्कूल- के छात्रों को प्रक्षेपण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बच्चों ने वैज्ञानिकों से प्रश्न पूछकर तकनीकी जानकारी प्राप्त की और रॉकेट के प्रक्षेपण को प्रत्यक्ष रूप से देखा। स्कूली बच्चों की नवाचारी प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केंद्र बनीं। नवजीवन मिशन स्कूल पटहेरिया के छात्रों इरफान अली, मनसब आलम व इमरान अंसारी ने एयर पॉल्यूशन कंट्रोल तकनीक का मॉडल प्रदर्शित कर सराहना पाई। वहीं आरपीआईसी स्कूल सिसवा बाजार, महाराजगंज की छात्रा कोमल जायसवाल ने महिलाओं की सुरक्षा हेतु तैयार ह्यस्मार्ट सैंडलह्व का मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। युवा वैज्ञानिकों के इस उत्साहवर्धक प्रयास की सराहना क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, इसरो के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा एवं सीओ राकेश प्रताप सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने की। केरल से आए युवा वैज्ञानिकों अश्विन, आदेश, अरुणेश, परत, नवीन, आकाश एवं आदित्य ने अपने बनाए कैनसेट मॉडलों से तकनीकी कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिन्होंने भारत के भविष्य वैज्ञानिकों को उड़ान भरते देख तालियों से स्वागत किया।

## दो अभियुक्त हुए जिला बदर

**कुशीनगर**। शांति व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर द्वारा गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के अंतर्गत दो अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। न्यायालय द्वारा यह कार्रवाई उन अभियुक्तों पर की गई है जिनके विरुद्ध गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं तथा जिनकी गतिविधियाँ लोकशांति के लिए खतरा उत्पन्न कर रही थीं। न्यायालय ने ऐसे अभियुक्तों को 06 माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित करते हुए जिला बदर किया है। उक्त के क्रम में विशुन शर्मा निवासी पिपरा जटामपुर थाना कुबेरस्थान तथा इंताज उर्फ रियाज पुत्र जैनुलहक निवासी बसहीया बनवीरपुर, थाना कोतवाली पडरौना को जनपद कुशीनगर की सीमा से 06 माह की अवधि के लिए इस शर्त के साथ निष्कासित किया गया है कि जनपद के सीमा के बाहर जहां भी निवास करेगा उसकी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को देगा, तथा न्यायालय की अनुमति बिना जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा।

# ऊर्जा उत्पादन, सुदृढ़ीकरण, आपूर्ति के क्षेत्र में उ.प्र. ने उठाये हैं ठोस कदम

**बहराइच**। ऊर्जा का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। बिना ऊर्जा के आज विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। कल-कारखाने, व्यापारिक गतिविधियां, मैट्रो का संचालन, विद्युत रेल हो या अस्पताल, शिक्षण संस्थान, परिवहन सेवायें, घरेलू एवं व्यावसायिक उपयोग में विद्युत के बिना मनुष्य का वर्तमान जीवन रूक सा जाएगा। एक समय था जब गर्मी लगने पर हाथ से पंखे झले जाते थे, रोशनी के लिए कुप्पी व लालटेन में केरोसिन का तेल डालकर बाती जलायी जाती थी। आज उनका स्थान तरह-तरह के इलेक्ट्रिक बल्ब, पंखों, कूलर व ए.सी. ने ले लिया है। रंग-बिरंगी एल. ई.डी. लाईट्स आज रात में भी दिन जैसा प्रकाश फैला रही है। आज विद्युत शहरी जीवन के साथ-साथ ग्रामीण जीवन में भी पूरी तरह से आवश्यक हो गई है। खेतों में सिंचाई के लिए विद्युत पम्पों का प्रयोग बहुत बढ़ा है, जिससे किसानों को फसल सिंचाई हेतु कम दर पर विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विद्युत को घरेलू विद्युत से अलग किया गया है ।विद्युत की अनिवार्यता के दृष्टिगत उसकी माँग भी बढ़ी है। आज के औद्योगीकरण व्यावसायिक एवं नगरीकरण की गति जैसे-जैसे बढ़ रही है, वैसे-वैसे विद्युत की मांग भी बढ़ती जा रही है। इसी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं, जिसका परिणाम अब दिखाई देने लगा है। आज प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश का विद्युत उत्पादन एवं आपूर्ति के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर ठोस कदम बढ़ाया है ।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण क्षेत्र में किये गये कार्यों में स्थापित पारेषण तंत्र की क्षमता (ट्रासमिशन कैपेबिलिटी) में वृद्धि की गई है। प्रदेश के पारेषण क्षमता (ट्रांसमिशन कंपेबिलिटी) जो वर्ष 2016-17 में 17890 मेगावाट थी, वहीं 2024-25 में बढ़ाकर 31500 मेगावाट किया गया। पारेषण क्षमता को वर्ष 2025-26 में बढ़ा कर 32500 मेगावाट किया जाना लक्षित किया गया है। प्रदेश में पारेषण तंत्र की विद्युत आयात क्षमता (टी०टी०सी०) में वृद्धि की गई है। पारेषण तंत्र की विद्युत आयात क्षमता जो वर्ष 2016-17 में 7800 मेगावाट थी वही वर्ष 2024-25 में बढ़ाकर 16,700 मेगावाट किया गया। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 में विद्युत आयात क्षमता को बढ़ा कर 17500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य रखा है।

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 11 जून, 2025 को 31,486 मेगावाट की उच्चतम विद्युत मांग को सफलतापूर्वक वहन करते हुए आपूर्ति की है।

# गौ संवर्धन और संरक्षण में निहित है लोकः श्वेता



**बरहज,देवरिया**। नगरपालिका परिषद गौरा बरहज स्थित कान्हा गौशाला में गोपाष्टमी के अवसर पर मंगलवार को गो-संवर्धन के लिए गौ पूजन समारोह का आयोजन किया गया। पूजा के बाद गायों को विभिन्न प्रकार के भोग खिलाया गया। गौमाता पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, ईओ निरुपमा प्रताप, पशुधन प्रसार अधिकारी अशोक कुमार पांडेय, संतोष सिंह के साथ कई लोगों ने उपस्थित होकर गायों की पूजा की। गोपाष्टमी की पूजा विधि पूर्वक विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न कराई गई। बाद में सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया। सभी लोगों ने गौ माता का पूजन कर उसके वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक महत्व को समझ गौ-रक्षा और गौ-संवर्धन का संकल्प किया। नपाध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि शास्त्रों में गोपाष्टमी पर्व पर गायों की विशेष पूजा करने का विधान निर्मित किया गया है। कार्तिक माह की शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि को प्रातः गौ को स्नान कराकर, उन्हें सुसज्जित करके गन्ध पुष्पादि से उनका पूजन किया जाता है। इसके संवर्धन और संरक्षण से लोक का कल्याण निहित है।

## निर्माण श्रमिक, नवीनीकरण के लिए 15 नवम्बर तक करें आवेदन

**कुशीनगर**। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) के अन्तर्गत पंजीकृत एवं अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना, गम्भीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना में निर्धारित पात्रता के अनुसार बोर्ड के पोर्टल पर आवेदन करने पर योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है। बोर्ड की योजनाओं में लाभ हेतु निर्माण श्रमिकों को अपना पंजीयन निर्धारित समय पर निर्धारित अंशदान पोर्टल पर जमा करने पर नवीनीकरण भी कराना पडता है। उन्होंने निर्माण श्रमिकों को अवगत कराया है कि उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक जिनका नवीनीकरण / अंशदान पिछले 04 वर्ष से लम्बित है और अभी तक अपना नवीनीकरण/अंशदान जमा नही किये है कृपया सहज जन सेवा केन्द्रों/ पोर्टल के माध्यम से 15.11.2025 तक अपना नवीनीकरण अवश्य करा लें अन्यथा बोर्ड के निदेर्शानुसार उनका पंजीकरण स्वतः निष्क्रिय हो जायेगा।

## दो शस्त्र लाइसेंस निरस्त, संबंधित थानाध्यक्षों को कार्रवाई करने के निर्देश

**कुशीनगर**। जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने विवेचना के आधार पर दो व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी किया है।

जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शस्त्र अनुज्ञापी विनय सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी धर्मपुर बुर्जुग, थाना कसया, जनपद कुशीनगर के शस्त्र लाइसेंस संख्या 162 एवं डी.बी.बी.एल. संख्या 98874 को निरस्त किया गया है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक, थाना कसया को निर्देशित किया गया है कि यदि उक्त शस्त्र उनकी अभिरक्षा में न हो, तो उसे तत्काल अभिरक्षा में लेकर माल अभिलेखागार में जमा कराएं, साथ ही प्रभारी अधिकारी, शस्त्र कुशीनगर को निर्देश दिया गया है कि लाइसेंस पंजिका में ह्लशस्त्र लाइसेंस निरस्तह्व का अंकन सुनिश्चित करें। इसी प्रकार, रितेश कुमार सिंह पुत्र राजेंद्र कुमार सिंह, निवासी तुर्कडीहा, थाना अहिरौली बाजार, जनपद कुशीनगर के शस्त्र लाइसेंस संख्या 111/एचआई एवं डीबीबीएल संख्या 8000818 (12 बोर) को भी निरस्त किया गया है। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार को निर्देशित किया है कि शस्त्र यदि अभी अभिरक्षा में न हो, तो तत्काल प्राप्त कर अभिलेखागार में जमा करें। साथ ही प्रभारी अधिकारी, शस्त्र कुशीनगर को उक्त निरस्तीकरण की प्रविष्टि पंजिका में करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि कानूनी व प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी शस्त्र अनुज्ञापी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

जिला संवाददाता

**देवरिया**। 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विकास भवन के गांधी सभागार में बैठक की ।

श्री सिंह ने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर स्वर्गीय रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में सुबह 7:30 बजे रन फॉर यूनिटी के तहत 5 किमी व 3 किमी का रेस बालक और बालिकाओं के द्वारा किया जाएगा जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता भी सम्मिलित रहेंगे, तदोपरांत भुजौली कालोनी में उद्घाटन पार्क के बगल में सरदार बल्लभ भाई पटेल की स्मृति में निर्मित नए पार्क में उनकी मूर्ति का अनावरण 10:30 बजे किया जाएगा, तदोपरांत 12 बजे से भुजौली कालोनी से सुभाष चौक तक पद यात्र निकाली जाएगी जिसका समापन सुभाष चौक पर किया जाएगा । यात्रा के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों में पार्टी के सभी पूर्व व वर्तमान जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे तथा इसी संबंध में 30 अक्टूबर को चौरा चौरी स्थित पार्टी मुख्यालय पर 12:30 बजे एक तैयारी बैठक भी आयोजित की जाएगी जिसमें पार्टी के सभीब-पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण मौजूद रहेंगे ।

- निर्मित नए पार्क में उनकी मूर्ति का अनावरण 10:30 बजे किया जाएगा

बैठक के दौरान अभियान के संयोजक दीपक सिंह पटेल, अभिषेक राय अंकुर, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, गोविंद चौरसिया, सुधीर श्रीवास्तव, मनीष मल्ल, जिला क्रीड़ाधिकारी, प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारी तथा युवा कल्याण अधिकारी भी मौजूद रहे ।

# निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के लिए हुई बैठक

**कुशीनगर**। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में आगामी निर्वाचन की तैयारी के दृष्टिगत निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई ।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई और कहा कि एस आई आर का प्रमुख उद्देश्य निर्वाचन नामावलियों को पूर्णतः शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है, वहीं मृतकों अथवा अपात्र व्यक्तियों के नामों को सूची से हटाया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु बूथ लेवल एजेंट्री प्रणाली लागू की है। इसके अंतर्गत प्रत्येक राजनैतिक दल अपने बूथ स्तर के एजेंटों की नियुक्ति कर सकेगा, जो मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने एजेंटों को प्रशिक्षित कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूट न जाए। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे आम जनमानस को भी इस प्रक्रिया से जोड़ें और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता पंजीकरण हेतु प्रेरित करें। साथ ही मतदाता सूची में त्रुटियों अथवा पुनरीक्षण संबंधी सुझाव समय पर प्रस्तुत करें, जिससे आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में संशोधन कार्य पूर्ण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया में सभी दलों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि, सशक्त लोकतंत्र की नींव शुद्ध मतदाता सूची पर आधारित होती है, अतः इस कार्य को अत्यंत गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अपने पार्टी से बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति करके दिनांक 04.11.2025 को जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा ईयूरेशन फार्म का वितरण किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा की बूथ लेवल अधिकारी द्वारा ईमूरेशन फार्म को पुनः निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने के पश्चात उसके जॉच हेतु समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को बूथ आवंटित करके जाँच करा ली जाय। मतदाताओं के नाम इत्यादि विवरण पर बूथ लेवल एजेन्ट द्वारा आपत्ति दिया जा सकता है। उन्होंने प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के क्रम में बताया कि कुल 13 प्रकार के अभिलेखों में किसी एक को उपलब्ध कराया जा सकता है। बैठक दौरान निर्वाचन कार्यालय के अधिकारीगण, तथा विभिन्न राजनैतिक दलों-भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी एवं अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने पर दिया गया जोर

## राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न

**देवरिया**। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार, देवरिया में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्य एवं दिशा-निर्देशों से सभी दलों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हो, और अप्रासंगिक या अपात्र नामों को विलोपित किया जाए, ताकि नामावलियाँ पूर्णतः शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस कार्य में राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के लिए ब्लॉक लेवल एजेंट्री प्रणाली का प्रावधान किया है, जिसके अंतर्गत दल अपने एजेंटों की नियुक्ति कर सकते हैं।

## हज यात्रियों के प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच**। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा वेबसाइट हजकमेटी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदकों की न्यूनतम शिक्षा इण्टरमीडिएट 12वीं पास या समकक्ष होना आवश्यक है। ऐसे स्नातक जिनको सूचना तकनीकी का ज्ञान होगा को वरीयता दी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 07 अक्टूबर, 2025 को 25 वर्ष से 60 वर्ष के मध्य हो आवेदन के लिए अर्ह होंगे। पुरुष एवं महिलाओं का चयन पुरुष एवं महिला हज यात्रियों की सख्या के अनुपात में किया जायेगा। आवेदक के लिए गत्त पाँच वर्षों में हज किया होना आवश्यक है। श्री खालिद ने बताया कि गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय से अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संक्षेप

## पीएनबी मेटलाइफ ने पेश किया 360 बिज

गुड़गांव। पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 360 बिज नामक एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह प्लेटफॉर्म कंपनियों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस और एम्प्लॉई बेनिफिट संचालन को सरल बनाते हुए कर्मचारियों को बेहतर अनुभव प्रदान करता है। 360 बिज को छोटे-बड़े सभी व्यापारों के लिए तैयार किया गया है। इस प्लेटफॉर्म की खासियत यह है कि कंपनियों और उनके कर्मचारियों, दोनों की जरूरतें एक स्थान पर आसानी से पूरी होती हैं। यहां व्यापक इंश्योरेंस कवरेज और सुविधाजनक एम्प्लॉई बेनिफिट डिजिटल तरीके से प्रदान किए जाते हैं। 360 बिज इसी वादे को सच बनाते हुए कर्मचारियों को सक्षम बनाता है।

## समग्र रिटायरमेंट प्लानिंग की ओर बढ़ रहे हैं भारतीय

बंगलुरु। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज अपनी वार्षिक इंडिया रिटायरमेंट इंडेक्स स्टडी के पांचवें संस्करण (आइरिस 5.0) से मिले निष्कर्ष जारी किए हैं। यह अध्ययन अग्रणी ग्लोबल मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स कंपनी कांतार के साथ साझेदारी में किया गया। उल्लेखनीय है कि एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। आइरिस 5.0 यह दर्शाता है कि भारतीय अब अधिक स्मार्ट और समग्र रिटायरमेंट प्लानिंग की ओर बढ़ रहे हैं। आज के उपभोक्ता पहले की तुलना में स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक, उत्पादों के प्रति अधिक समझदार और वित्तीय रूप से अधिक आत्मविश्वासी हो रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति तैयारी बेहतर होने के साथ अब ध्यान पर्याप्त रिटायरमेंट फंड और भावनात्मक संतुलन बनाने पर केंद्रित हो रहा है।

## कोटक 811 ने पेश किया 3 इन 1 सुपर अकाउंट

मुंबई। कोटक 811 ने 3 इन 1 सुपर अकाउंट पेश किया है। यह एक सेविंग्स अकाउंट, फिक्स्ड डिपॉजिट और सुपर.मनी के साथ सुरक्षित क्रेडिट कार्ड की सुविधा एक ही जगह प्रदान करेगा। यह प्रस्ताव भारत में उस बढ़ते हुए आबादी वर्ग के लिए तैयार किया गया है, जो दैनिक कार्यों के लिए सरल और डिजिटल फर्स्ट फाईनेंशल टूल्स चाहते हैं। इस वर्ग में वेतनभोगी, डिजिटल नेटिव, विद्यार्थी, पहली नौकरी करने वाले लोग आते हैं। ये लोग छोटी शुरूआत करना, फाईनेंस को नियंत्रण में रखना और अपने पैसे पर ज्यादा लाभ अर्जित करना चाहते हैं। यह 3 इन 1 सुपर अकाउंट आसान समाधान की मदद से उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाईन किया गया है। 3 इन 1 अकाउंट के साथ ग्राहकों को बचत करने, खर्च करने और उधार लेने की सुविधा एक ही जगह मिलेगी।

## नेस्ले इंडिया ने की दूसरी तिमाही में शानदार बिक्री

नयी दिल्ली। नेस्ले इंडिया के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के परिणामों को मंजूरी दे दी। परिणामों के बारे में मनीष तिवारी नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने कहा कि मैं खुश हूँ कि घरेलू बिक्री डबल डिजिट (दो अंकों) की दर से बढ़ी, जो वॉल्यूम ग्रोथ से प्रेरित थी। चार उत्पाद समूहों में से तीन ने मजबूत वॉल्यूम-प्रेरित दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की। हमारी घरेलू बिक्री 5,411 करोड़ रुपये तक पहुँची, जो किसी भी तिमाही में अब तक की सबसे अधिक है। मैं अपने कर्मचारियों को उनके समर्पण और संकल्प के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। भारत सरकार द्वारा घोषित जीएसटी दरों में हालिया संशोधन उपभोक्ताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इससे उपभोग को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है, किफायतीपन बढ़ेगा और एफएमसीजी क्षेत्र तथा समग्र अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान देगा।

## मेरा किरदार देव और वसु के सफर में एक नया मोड़ लायेगा: निशि

मुंबई। जी टीवी का मशहूर शो वसुधा अब अपनी कहानी में एक दिलचस्प मोड़ लेने जा रहा है, क्योंकि अभिनेत्री निशि सक्सेना की एंट्री होने वाली है। प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा के मुख्य किरदारों वाला यह शो अपनी कहानी और भावनाओं से दर्शकों का दिल जीत चुका है। अब निशि का नया किरदार इस कहानी में एक और दिलचस्प मोड़ लेकर आएगा। निशि नंदिनी का रोल निभा रही हैं, जो एक सकारात्मक और असरदार किरदार है। उनके आने से देव और वसु की जिंदगी में कई नए मोड़ आएंगे। आमतौर पर प्रेम कहानी में तीसरे किरदार को नकारात्मक दिखाया जाता है, लेकिन निशि का रोल इस सोच को बदलेगा। नंदिनी कहानी में अपनापन, गहराई और एक नया एहसास लेकर आएंगी। वसुधा जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है।

# सेंसेक्स में 369 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और विदेशी कोषों के ताजा प्रवाह के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 369 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंच गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 368.97 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 84,997.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 477.67 अंक बढ़कर 85,105.83 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 117.70 अंक यानी 0.45 प्रतिशत बढ़कर 26,053.90 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, सन फार्मा, ट्रेंट और एशियन पेंट्स के शेयर प्रमुख लाभ में रहीं। हालांकि, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। एशियाई बाजारों से सकारात्मक संकेतों और वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर स्पष्टता आने से घरेलू बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में संभावित प्रगति को लेकर आशावाद ने भी धारणा को मजबूत किया। निवेशकों को फेडरल रिजर्व के आगामी निर्णय का इंतजार है और 0.25 प्रतिशत दर कटौती की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ फेडरल रिजर्व की टिप्पणियों से भी भावी दृष्टिकोण का पता चलेगा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.56 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में ऊर्जा खंड सर्वाधिक 2.72 प्रतिशत चढ़ गया जबकि उपयोगिता खंड में 2.61 प्रतिशत, तेल एवं गैस खंड में 2.55 प्रतिशत और धातु खंड में 1.68 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,482 के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,668 कंपनियों में गिरावट रही और 175 अन्य अपरिवर्तित रहे। बाजार मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच करीब आधा प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। अमेरिका में ब्याज दर कटौती की संभावना और व्यापार समझौतों पर उत्साहजनक घटनाक्रम ने निवेशक धारणा को समर्थन दिया। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय बाजार में फिर से खरीदारी शुरू कर दी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने मंगलवार को 10,339.80 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीद की।

# सोना 2,600 रुपये बढ़कर 124,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी भी चमकी



नयी दिल्ली। फेडरल रिजर्व के नीतिगत नतीजों से पहले सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी के नए दौर के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 2,600 रुपये बढ़कर 1,24,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। इससे दो सत्रों से चली आ रही गिरावट थम गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1,23,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,21,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,21,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को सोने की कीमतों में उछाल आया और फेडरल रिजर्व की मौद्रिक बैठक के नतीजे आने से पहले यह 4,000 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमतों में भी तेज उछाल आया और इसकी कीमतें 6,700 रुपये बढ़कर 1,51,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। गांधी ने कहा कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में भू-राजनीतिक चिंताएं बढ़ने के बाद सौदेबाजी में खरीदारी और सुरक्षित निवेश वाले संसाधनों की फिर से मांग बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 77.26 डॉलर यानी 1.95 प्रतिशत बढ़कर 4,029.53 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस तरह तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। हाजिर सोना वर्तमान में 4,020 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रहा है क्योंकि यह कीमती धातु फेडरल रिजर्व की मौद्रिक बैठक से पहले मंगलवार के 3,886 डॉलर के निचले स्तर से उबरने की कोशिश कर रही है।

# भारत में 2024-25 में तांबे की मांग 9.3 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। मजबूत आर्थिक प्रगति और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तांबे के बढ़ते उपयोग के कारण वित्तवर्ष 2024-25 में भारत में इस धातु की मांग 9.3 प्रतिशत बढ़कर 1,878 किलो टन हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया (आईसीए इंडिया) ने वित्तवर्ष 2024-25 के लिए अपनी तांबे की मांग रिपोर्ट जारी की। वित्तवर्ष 2023-24 में देश में तांबे की मांग 1,718 किलो टन थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बड़े पैमाने की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, भवन निर्माण, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत के निरंतर जोर ने प्रमुख औद्योगिक सामग्रियों की मांग को तेज कर दिया है, और तांबा इन क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक के रूप में उभर रहा है। भवन निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र क्रमशः 11 प्रतिशत और 17 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए विकास के प्राथमिक चालक बने रहे। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने वित्तवर्ष 2024-25 में सबसे अधिक वार्षिक क्षमता वृद्धि हासिल की, जबकि उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के क्षेत्र में 19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो एयर कंडीशनर, पंखे, रेफ्रिजरेटर और वाशिंग मशीन की मजबूत बिक्री से प्रेरित थी।

# रुपया आठ पैसे बढ़कर 88.21 प्रति डॉलर पर



मुंबई। मजबूत घरेलू बाजारों और भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे बढ़कर 88.21 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि व्यापार समझौते को लेकर आशावाद और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से प्रेरित बाजार की सकारात्मक धारणा ने निवेशकों का उत्साह बढ़ाया, जबकि आयातकों की मासांत की डॉलर मांग ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। इसके अलावा, अमेरिकी एफओएमसी बैठक के फैसले से पहले निवेशक सतर्क बने हुए हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 88.21 पर खुला और बाद में दिन के दौरान 88.15 से 88.35 के दायरे में कारोबार करता रहा। रुपया अंततः डॉलर के मुकाबले 88.21 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की बढ़त है। मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ 88.29 पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और कमजोर कच्चे तेल की कीमतों के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद से बाजार की उत्साहित धारणा रुपये को और मजबूत कर सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है, मैं भारत के साथ एक व्यापार समझौता कर रहा हूं। हालांकि, आयातकों की मासांत की डॉलर मांग के कारण तेज बढ़त पर लगाम लग सकती है। अमेरिकी एफओएमसी बैठक के फैसले से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। चौधरी ने कहा कि डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 87.85 से 88.60 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.21 प्रतिशत बढ़कर 98.87 पर पहुंच गया।

# 2032 तक बिजली की मांग पूरी कर सकता है भारत

नयी दिल्ली। भारत को 2032 तक अपनी बिजली की मांग को पूरा करने के लिए पहले से निर्माणाधीन कोयला बिजली संयंत्रों के अलावा किसी नए संयंत्र की आवश्यकता नहीं है।

एक हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई। वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान एंबर द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि अधिक कोयला क्षमता जोड़ना लाभकारी नहीं होगा बल्कि इससे बिजली वितरण कंपनियों एवं उपभोक्ताओं पर उच्च शुल्क का बोझ पड़ सकता है क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा तथा भंडारण सस्ता एवं अधिक टिकाऊ हो जाएगा। भारत के विद्युत बदलाव में कोयले की घटती भूमिका शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया कि भारत अपनी 2032 की बिजली आवश्यकताओं को राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) 2032 के तहत पहले से निर्धारित सौर, पवन एवं ऊर्जा भंडारण लक्ष्यों के माध्यम से पूरा कर सकता है। यदि इन नवीकरणीय एवं भंडारण लक्ष्यों को पूरा किया जाता है, तो 2031-32 तक लगभग 10 प्रतिशत अतिरिक्त कोयला इकाइयां पूरी तरह से अप्रयुक्त रह जाएंगी जबकि करीब एक-चौथाई बेड़े का बहुत कम उपयोग किया जाएगा। भारत की बिजली व्यवस्था बदलाव के एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। जैसे-जैसे नवीकरणीय ऊर्जा देश के कुल उत्पादन मिश्रण में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर रही है।

# ऑडिट की जरूरत वाले करदाता अब 10 दिसंबर तक आईटीआर दाखिल कर सकेंगे

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने बुधवार को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए कंपनियों और ऑडिट की जरूरत वाले करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दी।

सामान्य तौर पर ऐसे करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर होती है। आयकर विभाग के प्रशासकीय निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा, बोर्ड ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की निर्धारित तिथि को 31 अक्टूबर से बढ़ाकर अब 10 दिसंबर, 2025 कर दिया है। इसके अलावा, इन करदाताओं के लिए ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि भी 10 नवंबर तय की गई है। आयकर अधिनियम के मुताबिक, ऑडिट की अनिवार्यता वाली कंपनियों, साझेदारी फर्मों और प्रोप्राइटरशिप इकाइयों को 31 अक्टूबर तक रिटर्न दाखिल करना होता है। वहीं, व्यक्तिगत करदाताओं और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) के लिए यह समयसीमा 31 जुलाई रहती है। आयकर विभाग ने समयसीमा बढ़ाने का निर्णय उद्योग जगत के आग्रह और प्राकृतिक आपदाओं एवं बाढ़ से प्रभावित राज्यों में कारोबारी गतिविधियों में आई बाधाओं को ध्यान में रखते हुए लिया है।

## होंडा जीरो अल्फा के प्रोटोटाइप का हुआ वर्ल्ड प्रीमियर

नयी दिल्ली। आज होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने जापान मोबिलिटी शो 2025 में अगली जनरेशन के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), होंडा जीरो अल्फा (एल्फा) के प्रोटोटाईप का वर्ल्ड प्रीमियर किया। इस शो के दौरान यह प्रोटोटाईप मॉडल होंडा बूथ में डिस्प्ले में रखा रहेगा। (प्रेस दिवसः 29 और 30 अक्टूबर, 2025 हैं, तथा आम जनता 31 अक्टूबर से 9 नवंबर, 2025 तक इसे देख सकेगी।) होंडा जीरो अल्फा एक ऐसी एसयूवी के रूप में विकसित की गई है, जो शहरी और प्राकृतिक वातावरण सहित हर परिस्थिति में लोगों को बेहतरीन सेवा देगी। इस साल जनवरी में सीईएस 2025 में पेश की गई होंडा जीरो सलून और होंडा 0 एसयूवी के बाद होंडा जीरो अल्फा पूरी दुनिया में होंडा जीरो सीरीज का गेटवे मॉडल होगा।

# सरकार चीनी निर्यात की अनुमति दे सकती है, एथनॉल के कम उपयोग से अधिशेष बढ़ा

नयी दिल्ली। सरकार 2025-26 विपणन वर्ष में चीनी के निर्यात की अनुमति देने पर विचार कर रही है क्योंकि एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी के अपेक्षा से कम उपयोग के कारण अधिशेष भंडार जमा हो गया है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि देश की चीनी मिलों ने 2024-25 में एथनॉल निर्माण के लिए केवल 34 लाख टन चीनी का ही उपयोग किया, जो अनुमानित 45 लाख टन से काफी कम है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप अक्टूबर से सितंबर तक चलने वाले चालू 2025-26 विपणन वर्ष के लिए शुरुआती भंडार अधिक है। चोपड़ा ने कहा कि 2025-26 में चीनी उत्पादन 3.4 करोड़ टन तक पहुंचने की उम्मीद है जबकि वार्षिक घरेलू मांग 2.85 करोड़ टन है। हमारे पास निश्चित रूप से चीनी का अधिशेष है... हम निर्यात की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया कि जल्द ही कोई निर्णय लिया जा सकता है क्योंकि सरकार उद्योग को निर्यात की योजना बनाने के लिए एक लंबा समय देना चाहती है। इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए मंत्रियों की एक समिति अगले सप्ताह बैठक कर सकती है। भारत ने विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान 10 लाख टन के आवंटन के मुकाबले लगभग 8,00,000 टन चीनी का निर्यात किया।

# अब गैलेक्सी यूजर्स अपने स्मार्टफोन से सीधे महिंद्रा ई-एसयूवी को लॉक, अनलॉक और स्टार्ट कर सकेंगे

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज घोषणा की है कि अब सैमसंग वॉलेट के जरिए महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवीज के साथ डिजिटल कार की सपोर्ट फीचर उपलब्ध होगा। इस फीचर के साथ गैलेक्सी स्मार्टफोन यूजर्स बिना फिजिकल चाबी के आसानी से अपनी कार को लॉक, अनलॉक और स्टार्ट कर सकेंगे। महिंद्रा समूह इस सुविधा को सैमसंग वॉलेट के साथ जोड़ने वाला भारत का पहला ऑटोमोबाइल निर्माता बन गया है। सैमसंग वॉलेट का डिजिटल कार की फीचर यूजर्स को अपने वाहन तक आसान और सुरक्षित पहुंच देता है। इसके साथ, वे चाहें तो अपनी डिजिटल चाबी को परिवार या दोस्तों के साथ सीमित अवधि के लिए साझा कर सकते हैं और एक्सेस को पूरी तरह नियंत्रित रख सकते हैं।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वाकाथन का आयोजन

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय लखनऊ द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष मे दिनांक 29.10.2025 को जनेश्वर मिश्रा पार्क गोमती नगर लखनऊ मे वकाथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक महफूज निशात एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों गण द्वारा पार्क मे उपस्थित आगन्तुको को बैंक से संबन्धित होने वाली फ्राड कॉल एवं साइबर क्राइम जैसे ओटीपी को साझा न करना, किसी अंजान लिंक पर क्लिक न करना, डिजिटल अरेस्ट जैसी परिस्थितियों मे न घबराना एवं रूको, सोचो, एक्शन लो की नीति को अपनाना एवं ऐसी शिकायतों को 1930 पर दर्ज कराने के लिए बताया गया।

## पेज एक का शेष

### समुद्री क्षेत्र में

के एकीकरण को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नौवहन दृष्टिकोण के तहत 150 से अधिक पहल शुरू की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। मोदी ने कहा कि भारत के प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है और टर्नअराउंड समय में उल्लेखनीय कमी आई है। टर्नअराउंड समय से आशय किसी परियोजना के शुरू होने से पूरा होने तक लगने वाले वाले समय से है। उन्होंने कहा कि क्रूज पर्यटन में पर्याप्त बढ़ोतरी हुई है तथा अंतरदेशीय जलमार्गों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, तथा माल वाहन में 700 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि चालू जलमार्गों की संख्या मात्र तीन से बढ़कर 32 हो गई है, जो एक प्रभावशाली उपलब्धि है। मोदी ने कहा, इसके अलावा, पिछले एक दशक में हमारे बंदरगाहों के शुद्ध वार्षिक अधिशेष में नौ गुना वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि समुद्री क्षेत्र भारत के विकास को गति दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले एक दशक में इसमें उल्लेखनीय बदलाव आया है, जिससे व्यापार और बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिला है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी

दिया गया। राष्ट्रपति ने बाद में आगंतुक पुस्तिका (विजिटर बुक) में लिखा, अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन पर पहुंचकर वायुसेना के राफेल विमान में अपनी पहली उड़ान को लेकर मैं बहुत प्रसन्न हूं। राफेल में उड़ान भरना मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। उन्होंने लिखा, इस शक्तिशाली विमान में पहली उड़ान ने मेरे अंदर देश की रक्षा क्षमताओं के प्रति गर्व की एक नयी भावना जगाई है। मैं भारतीय वायुसेना और अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन की पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देती हूं। राष्ट्रपति को राफेल विमान और भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमताओं के बारे में भी जानकारी दी गई। फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी दसॉ एविएशन द्वारा निर्मित राफेल लड़ाकू विमान को सितंबर 2020 में अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन पर भारतीय वायुसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया गया था। पहले पांच राफेल विमानों को 17वें स्क्वाड्रन गोल्डन एरोज में शामिल किया गया था। ये विमान 27 जुलाई, 2020 को फ्रांस से यहां लाए गए थे।

### गन्ना किसानों को

से इस उद्योग में 12,000 रुपये करोड़ का निवेश आकर्षित हुआ है। पिछले आठ वर्षों में 4 नई चीनी मिलें स्थापित की गईं, 6 बंद मिलें पुनः शुरू की गईं और 42 मिलों की उत्पादन क्षमता में विस्तार हुआ। इससे प्रदेश में 8 नई बड़ी मिलों के बराबर उत्पादन क्षमता में वृद्धि दर्ज हुई है। साथ ही, 2 मिलों में सीबीजी संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे गन्ना क्षेत्र में वैकल्पिक ऊर्जा उत्पादन को भी बल मिला है। प्रदेश सरकार की अभिनव पहल स्मार्ट गन्ना किसान प्रणाली के माध्यम से गन्ना क्षेत्रफल, सट्टा, कैलेंडरिंग और पर्ची जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। अब किसानों को उनकी गन्ना पर्ची सीधे मोबाइल पर प्राप्त होती है और भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में पहुंचता है। इस प्रणाली को भारत सरकार ने 'मॉडल सिस्टम' घोषित किया है, जिससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है। एथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि सरकार के प्रयासों से राज्य में एथेनॉल उत्पादन 41 करोड़ लीटर से बढ़कर 182 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है और आसवनियों की संख्या 61 से बढ़कर 97 हो गई है। गन्ना क्षेत्रफल में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में गन्ना क्षेत्रफल 20 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर तक पहुंच चुका है, जिससे उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर आ गया है।

### बिहार में जंगल

कांग्रेस को बिहार की सत्ता में न आने दें। आदित्यनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस और राजद जैसी ताकतें औरंगजेब की कब्र पर सजदा करने की आदी हैं, अपराधियों को गले लगाने वालीं ऐसी ताकतों को सत्ता में न आने दें। आदित्यनाथ ने दावा किया कि राजद बिहार में देवी सीता के मंदिर के निर्माण का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि 6,100 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम को बिहार के सीतामढ़ी से जोड़ने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा बिहार की महिलाएं डबल इंजन की सरकार की मदद से सशक्त हो रही हैं, और यही सरकार विकास व महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी दे सकती है।

### बीडा में एयरपोर्ट

बीडा के कार्यों की अद्यतन प्रगति, भूमि अधिग्रहण की स्थिति, निमार्णाधीन परियोजनाओं तथा भावी औद्योगिक योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड अब पिछड़ेपन की परिभाषा नहीं, बल्कि प्रगति के प्रतीक के रूप में उभरेगा। बीडा की सफलता से न केवल झांसी, बल्कि पूरे क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 06 माह में अधिग्रहण की सारी कार्यवाही पूरी कर ली जाए। इसके लिए एक सप्ताह के भीतर रजिस्ट्री व राजस्व से जुड़े अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती की जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास और सीईओ बीडा को यह निर्देश दिए कि अगले 15 दिवसों के भीतर बीडा में योग्य सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, टाउन प्लानर और आर्किटेक्ट की तैनाती कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीडा को प्रदेश के औद्योगिक विकास का नया ग्रोथ इंजन बनाते हुए इसे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और रोजगार सृजन का आदर्श मॉडल बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की औद्योगिक प्रगति, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण को सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री ने बीडा प्रशासन को एयरपोर्ट निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि बीडा के गठन के लिए कुल 56,662 एकड़ क्षेत्रफल अनुमोदित किया गया है, जिसमें से अब तक 22,028 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध और ऑनलाइन बनाने के लिए बीडा द्वारा एक विशेष सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से कृषक सहमति से लेकर भुगतान तक की संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटल रूप में संपादित की जाएगी। कृषकों की सुविधा हेतु बीडा कार्यालय में कॉल सेंटर की स्थापना आगामी माह से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया से कृषकों का विश्वास बढ़ेगा और औद्योगिक निवेश को गति मिलेगी। बैठक में यह भी बताया गया कि बीडा क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान-2045 को बोर्ड की संस्तुति मिल चुकी है। इस योजना के अंतर्गत औद्योगिक (35.8%), आवासीय (15.2%), मिश्रित उपयोग (5.1%), वाणिज्यिक (1.5%) तथा हरित क्षेत्र (10.6%) सहित कुल 253.33 वर्ग किलोमीटर भूमि उपयोग का विन्यास निर्धारित किया गया है। सभी आठ सेक्टरों में जोनिंग एवं सेक्टर प्लानिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे 30 नवम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बताया गया कि पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन (ई.आई.ए.) रिपोर्ट की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

### चक्रवात मोंथा

भुवनागिरी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि इन जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी से अति भारी वर्षा के साथ गरज-चमक और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं की संभावना है।

नायडू ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, अगर हम अगले दो दिन तक इसी तरह काम करते हैं तो हम लोगों को बहुत राहत दे सकते हैं। चक्रवात के कारण दो लोगों की मौत हुई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने का निर्देश दिया और मंत्रियों व अधिकारियों से कहा कि वे प्रभावित स्थानों का दौरा करके लोगों की शिकायतों का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने विभागों से चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करने और केंद्र सरकार को विवरण प्रस्तुत करने को भी कहा। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आवश्यक चीजें वितरित करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने चक्रवात के दौरान उखड़े हुए पेड़ों को हटाने और क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों को ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने की खातिर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों की विशेष रूप से सराहना की। नायडू ने कहा कि क्षतिग्रस्त बिजली अवसंरचना को बहाल करने के लिए 10,000 लोगों को तैयार रखा गया है और वादा किया कि बुधवार दोपहर तक सामान्य स्थिति बहाल कर दी जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री ने चक्रवात प्रभावित स्थानों का हवाई दौरा शुरू किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने बापटला, पालनाडू, कृष्णा, कोनासीमा और एलुरु जिलों का दौरा किया।

### सीमांत क्षेत्रों का

सरकार द्वारा संचालित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत सीमांत गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस योजना से न केवल बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों के विकास को राज्य सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। आगामी समय में यहां सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, जल और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा ताकि सीमाओं पर रहने वाले लोगों का जीवनस्तर बेहतर हो सके। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। जिनमें प्रमुख हैं कि जोहार क्लब, मुनस्यारी में अत्याधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। ग्राम मिलम स्थित नंदा देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण कार्य कराया जाएगा। ग्राम बिल्जू में सामुदायिक मिलन केंद्र का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं न केवल स्थानीय लोगों के जीवन में सुविधाएं बढ़ाएंगी, बल्कि सीमांत क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन की संभावनाओं को भी नया आयाम देंगी। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि सीमा पर रहने वाले हमारे नागरिक राष्ट्र की आंख और अभिमान हैं। उनका सहयोग और समर्पण ही सीमाओं की असली शक्ति है। इस अवसर पर आईटीबीपी के आईजी संजय गुंज्याल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और जवान उपस्थित रहे।

### बिहार में

का आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि यह कानून संसद में पारित हुआ है, इसलिए इसे राज्य स्तर पर बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जाति और धर्म की राजनीति नहीं करती, बल्कि हम निष्पक्ष और स्वच्छ राजनीति करते हैं।

रक्षा मंत्री ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्षों में बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए 15 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए। उन्होंने कहा, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा राहुल गांधी ने नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दशकों तक पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न नहीं दिया, जबकि यह सम्मान नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने किया।

### बहराइच : नदी

गांव आ रहे थे कि शाम करीब छह बजे गांव के करीब पहुंचते ही नाव अनियंत्रित होकर कौड़ियाला नदी में डूब गई। नाव पलटने की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल मौके पर रवाना कर दी गईं। सूचना पर जिलाधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं।




# भारत ए बनाम दक्षिण अफ्रीका ए : पंत की वापसी पर रहेगी निगाह

एजेंसी



**बेंगलुरु।** भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच गुरुवार से यहां शुरू हो रहे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच में ज्षभ पंत की चोट के कारण तीन महीने के ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी मुख्य आकर्षण होगी। पंत को 23 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पैर में चोट लग गई थी और यह विकेटकीपर बल्लेबाज तब से रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहा है।

पंत इस बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। लेकिन बीसीसीआई के सीओई मैदान पर होने वाले दो अनौपचारिक टेस्ट मैच से उन्हें विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मैच अभ्यास का महत्वपूर्ण मौका मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले इन मैच में वह भारत ए की कप्तानी भी करेंगे। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी सीनियर टीम में ध्रुव जुरेल की जगह ले सकता है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। पंत वास्तविक मैच की स्थिति में मैदान पर कुछ अच्छा समय बिताने के लिए उत्सुक होंगे, बशर्ते इस हिस्से में लगातार बारिश खेल में खलल न डाले।

ऑफ स्पिनर प्रेनेलन सुब्रयेन को छोड़कर दक्षिण अफ्रीका ए की कम अनुभवी गेंदबाजी इकाई पंत के लिए वापसी पर ज्यादा परेशानी खड़ी नहीं कर सकती। यहां की पिच भी बल्लेबाजी के लिए अनुकूल है। अपनी बल्लेबाजी को निखारने के अलावा पंत अपनी विकेटकीपिंग को भी दुरुस्त करने के लिए उत्सुक होंगे, क्योंकि टेस्ट श्रृंखला में उन्हें रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव जैसे शीर्ष स्तरीय गेंदबाजों के सामने विकेट के पीछे अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इस संदर्भ में सारांश जैन, मानव सुथार और हर्ष दुबे जैसे स्पिनरों के सामने उन्हें अच्छा अभ्यास करने का मौका मिलेगा।

# साउथ अफ्रीका पहली बार विमेंस वनडे वर्ल्डकप के फाइनल में

एजेंसी



गुवाहाटी। साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार विमेंस वनडे वर्ल्डकप के फाइनल में पहुंच गईं हैं। टीम ने पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 125 रन से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।

टीम ने कप्तान लौरा वोलवार्ट के 169 रन की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 319 रन बनाए। बुधवार को 320 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम 42.3 ओवर में 194 रन बनाकर ऑलआउट हो गईं। टीम से कप्तान नैट सिवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। एलिस कैप्सी 50 रन बनाकर आउट हुईं। साउथ अफ्रीका से मारीजान कैप ने 5 विकेट चटकाए।

कप्तान लॉरा वोलवार्ट की 143 गेंद में 169 रन की जबरदस्त पारी से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में बुधवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट पर 319 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन (44 रन पर चार विकेट) और लॉरेन बेल (55 रन पर दो विकेट) ने दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम को ध्वस्त किया लेकिन वोलवार्ट ने सुनिश्चित किया कि इंग्लैंड को विश्व कप सेमीफाइनल में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करना होगा।

वोलवार्ट ने ताजमिन ब्रिट्स (65 गेंद पर 45 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को शानदार शुरुआत दिलाई और 300 से अधिक के स्कोर का मंच तैयार किया। बीच के ओवरों में तीन रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद वोलवार्ट ने मारिजेन कैप (33 गेंद पर 42 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला।

## संक्षेप

### टिन्नी गिलिस को हराकर अनाहत सेमीफाइनल में

टोरंटो (कनाडा)। भारत की 17 वर्षीय उभरती खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम की गत चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त टिन्नी गिलिस को हराकर यहां कनाडा महिला ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गैर वरीयता प्राप्त अनाहत ने मंगलवार की रात को 36 मिनट तक चले क्वार्टर फ़ाइनल मैच में दुनिया की सातवें नंबर की अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-0 (12-10, 11-9, 11-9) से हराया। यह भारतीय खिलाड़ी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। यह अनाहत की अपने करियर की सबसे बड़ी और शीर्ष 10 खिलाड़ियों के खिलाफ पहली जीत है। वह इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं, जो कि पीएसए टूर सिल्वर लेवल की प्रतियोगिता है। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी मेलिसा अल्वेस को हराया था। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड की विश्व की 10वें नंबर की खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त जीना कैनेडी से होगा।

### बेंगलुरु ओपन, आईटीएफ डब्ल्यू 100 की मेजबानी के लिए तैयार

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए)के सचिव महेश्वर राव ने बुधवार को एक शानदार टेनिस सत्र की मेजबानी की घोषणा की जिसकी शुरुआत अगले महीने के बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ से होगी। इसके बाद अगले साल बेंगलुरु ओपन और आईटीएफ डब्ल्यू100 टूर्नामेंट होगा। बिली जीन किंग कप प्ले ऑफ 14 से 16 नवंबर के बीच होगा जबकि बेंगलुरु ओपन, एक एटीपी 125 प्रतियोगिता पांच से 11 जनवरी 2026 के बीच खेली जाएगी। बेंगलुरु ओपन में विजेताओं को 125 एटीपी रैंकिंग अंक के अलावा कुल दो लाख डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। महेश्वर राव ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा बिली जीन किंग कप, बेंगलुरु ओपन और आईटीएफ डब्ल्यू100 की मेजबानी करना विश्व स्तरीय प्रतिभा और जुनूनी प्रशंसकों को एक साथ लाने की हमारे शहर की काबिलियत को दिखाता है। उन्होंने कहा हम बेंगलुरु को टीम इंडिया का समर्थन करने और टेनिस के इस महोत्सव का जश्न मनाने के लिए पूरी ताकत से आते देखने का इंतज़ार कर रहे हैं। टीमें बिली जीन किंग कप के लिए नवंबर के पहले हफ्ते से पहुंचना शुरू हो जाएंगी। स्लोवेनिया सात जबकि नीदरलैंड नौ तारीख को शहर में पहुंचेगा। भारतीय टीम में अंकिता रैना, श्रीवल्ली भामिदिपति, सहजा यमलपल्ली, प्रार्थना थोम्बारे और रिया भाटिया हैं।

### यूसीआई 2.2 मल्टी स्टेज रेस के चिन्ह का अनावरण

पुणे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को भारत की पहली पुरुषों की प्रो स्टेज एलीट रेस - यूसीआई 2.2 अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिता पुणे ग्रैंड टूर 2026 के आधिकारिक प्रतीक चिन्ह (लोगो) और शुभंकर का अनावरण किया। पुणे ग्रैंड टूर 2026 लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेश से जुड़ा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को अगले वर्ष 19 से 23 जनवरी तक आयोजित एक बहु-चरण और बहु-दिवसीय रोड रेस के माध्यम से महत्वपूर्ण अंक हासिल करने का अवसर मिलेगा। यूसीआई (अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग संघ) के वार्षिक कैलेंडर में बड़े आयोजन के तौर पर शामिल पुणे ग्रैंड टूर को वैश्विक मंच पर भारत के खेलों में बढ़ते कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# बारिश की भेंट चढ़ा ऑस्ट्रेलिया - भारत मैच

## 9.4 ओवर के खेल के बाद जब दूसरी बार खेल रोका गया तब सूर्यकुमार 24 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद थे

एजेंसी



कैनबरा। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ शानदार शॉट के साथ लय में वापसी करते दिखे, लेकिन खराब मौसम और बारिश के कारण बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण 9.4 ओवर के खेल के बाद जब दूसरी बार खेल रोका गया तब सूर्यकुमार 24 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने शानदार लय में चल रहे उपकप्तान शुभमन गिल (20 गेंदों पर नाबाद 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंद में 62 रन की साझेदारी के साथ बड़े स्कोर की नींव तैयार कर दी थी।

भारत ने खेल रोको जाने से पहले एक विकेट पर 97 रन बना लिये थे। भारतीय कप्तान ने कई आकर्षक शॉट लगाये लेकिन बारिश के कारण वह और गिल अर्धशतक पूरा करने से दूर रह गये। इस साल 110 से कम स्ट्राइक रेट से महज 100 रन बनाने वाले सूर्यकुमार ने जोश हेजलवुड की गेंद को अपने चिर-परिचित अंदाज में स्कायर लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज कर यह दिखाया कि वह लंबे समय तक इस प्रारूप के शीर्ष बल्लेबाज क्यों रहे हैं। मनुका ओवल की पिच से गेंद को अच्छी उछाल रही थी और सूर्यकुमार ने इसका फायदा उठाते हुए नाथन एलिस के खिलाफ 10वें ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर चौका जड़ा और फिर तीसरी गेंद को दर्शकों के दर्शन कराये। इसके एक गेंद बाद ही हालांकि बारिश फिर से शुरू हो गयी और मैच को रोकना पड़ा।

गिल ने दूसरे छोर से आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया। उन्होंने वामहस्त स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के खिलाफ काऊ कॉर्नर (डीप मिडविकेट और लांग लेग के बीच में) पर दर्शनीय छक्का जड़ा। गिल ने इस छक्के के अलावा चार दिलकश चौके भी जड़े। इससे पहले 4.4 ओवर के बाद भी बारिश के कारण खेल को रोकना पड़ा था। बारिश के पहले व्यवधान के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ तो मैच को 18 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया था जिसके बाद अभिषेक शर्मा (14 गेंद में 19 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। एलिस ने हालांकि उन्हें खतरनाक होने से पहले ही चलता कर टीम को पहली सफलता दिलाई।

### पहले से अधिक फिट नजर आ रहे हैं पंत : सुदर्शन

बेंगलुरु। भारत ए के उप कप्तान साई सुदर्शन ने बुधवार को कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ज्षभ पंत अधिक फिट दिख रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैचों की चार दिवसीय श्रृंखला में खेलने के लिए तैयार हैं। भारत ए की कप्तानी करने वाले पंत तीन महीने के अंतराल के बाद वापसी कर रहे हैं। जुलाई में इंग्लैंड में उन्हें पैर में चोट लगी थी। उनके भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैच की टेस्ट शृंखला में खेलने की संभावना है। सुदर्शन ने भारत ए के अभ्यास सत्र के बाद कहा, ज्षभ वास्तव में फिट नजर आ रहे हैं।

# रोहित पहली बार आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष एकदिवसीय बल्लेबाज बने

एजेंसी




दुबई। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को अपने शानदार करियर में पहली बार आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस 38 साल के दिग्गज ने सिडनी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे और अंतिम वनडे में यादगार शतक (नाबाद 121) की बदौलत दो स्थान ऊपर चढ़कर इतिहास रच दिया। उनकी इस पारी से भारत ने नौ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। दायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली (नाबाद 74) के साथ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपने 33वीं वनडे शतकीय पारी के दौरान 13 चौके और तीन छक्के जड़े। रोहित ने अपनी इस पारी से अफगानिस्तान के धाकड़ बल्लेबाज इब्राहिम जदरान और भारत के अपने साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़ दिया और पहली बार वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों की शीर्ष रैंकिंग हासिल की। इस नवीनतम रैंकिंग में रोहित के अलावा कुछ और भारतीय खिलाड़ी अपनी स्थिति को सुधारने करने में सफल रहे। अक्षर पटेल हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में चार स्थान के सुधार के साथ आठवें जबकि गेंदबाजों की सूची में छह स्थान के सुधार के साथ 31वें स्थान पर पहुंच गये हैं। शीर्ष 10 रैंकिंग में सुधार करने वालों में न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर (तीन स्थान के सुधार के साथ चौथे स्थान पर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (दो स्थान के सुधार के साथ आठवें) शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में शतक जड़ने वाले हैरी ब्रुक 23 स्थान के सुधार के साथ वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 25वें स्थान पर पहुंच गये है। वहीं दूसरी ओर शेफाली वर्मा को प्रतिका रावल के चोटिल होने का दुख है लेकिन उन्हें लगता है कि भगवान की कृपा के कारण वह आधिकारिक रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में नहीं होने के बावजूद भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं। प्रतिका को बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी ग्रुप लीग मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गयी थी। वह टखने में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण इस विश्व कप से बाहर हो गयी है। शेफाली को जब भारतीय टीम का बुलावा आया तब वह सूरत में राष्ट्रीय महिला टी20 में हरियाणा की कप्तानी कर रही थीं। शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले संवाददाताओं से कहा, एक खिलाड़ी होने के नाते प्रतिका के साथ जो हुआ, वह अच्छी बात नहीं थी। कोई नहीं चाहता कि किसी खिलाड़ी को ऐसी चोट लगे। ईश्वर ने लेकिन मुझे कुछ अच्छा करने के लिए भेजा है। इस युवा सलामी बल्लेबाज ने हरियाणा के लिए अपने पिछले मैच में 24 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली थी। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत ए के लिए शानदार लय में थी। महिला एकदिवसीय में हालांकि उनका रिकॉर्ड मामूली है। शेफाली ने 29 मैचों में चार अर्धशतक और महज 23 की औसत से रन बनाये हैं। इस 21 साल की खिलाड़ी को हालांकि 2020 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप फाइनल खेलने का अनुभव है। शेफाली ने कहा मैं घरेलू क्रिकेट खेल रही थी और मैं बहुत अच्छी लय में थी। सेमीफाइनल की बात करें तो ऐसा नहीं है कि यह मेरे लिए कोई नयी बात है क्योंकि मैं पहले भी सेमीफाइनल खेल चुकी हूं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं मानसिक रूप से खुद को कैसे एकाग्र रखते हुए अपना आत्मविश्वास बढ़ती हूं। मैं पहले भी सेमीफाइनल खेल चुकी हूं। शेफाली अब भी 50 ओवर के प्रारूप पर पकड़ बनाने की कोशिश कर रही हैं, जो उनके लिए टी20 जितना आसान नहीं है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्हें 90 मैचों का अनुभव है और इस प्रारूप में उनका स्ट्राइक रेट 131 का है। उन्होंने कहा मैं टी20 खेल रही थी और एक बल्लेबाज के तौर पर बदलाव करना इतना आसान नहीं है। आज और कल (मंगलवार) हमारा अभ्यास सत्र था। मैंने बल्लेबाजी करते हुए एकाग्र रहने की कोशिश की। मैंने अभ्यास में रक्षात्क और आक्रामक दोनों तरह की बल्लेबाजी अभ्यास पर ध्यान दिया। शेफाली पिछले कुछ वर्षों में अपने खराब फॉर्म के कारण टीम से अंदर-बाहर होती रही हैं, लेकिन विश्व कप के मैचों के लिए टीम में उनकी वापसी पर ऐसा स्वागत हुआ मानो उन्होंने कभी टीम छोड़ी ही न हो।

### दक्षिण अफ्रीका की पाक पर बड़ी जीत

रावलपिंडी। स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी यादगार नहीं रही और वह खाता भी नहीं खोल पाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 55 रन से हरा दिया। पाकिस्तान की टीम कोर्बिन बॉश के दोहरे झटकों से नहीं उबर पाई और उसकी टीम 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 139 रन पर आउट हो गई। इससे पहले कप्तान डोनोवन फरेरा के टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 194 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

# अल्काराज पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में बाहर

एजेंसी



पेरिस। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पहला सेट जीतने के बाद लगातार गलतियां की जिसके कारण उन्हें पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। अल्काराज को गैरवरीय कैमरून नॉरी ने 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। छह बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने मंगलवार को दूसरा सेट हारने के बाद कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ भी चर्चा की। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, मैं अपने खेल से वास्तव में निराश हूं। आज मुझे अच्छा नहीं लग रहा था और मैंने बहुत सारी गलतियां की। इस हार के साथ ही अल्काराज़ का मास्टर्स प्रतियोगिताओं में 17 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान भी टूट गया। यही नहीं उन्हें अपनी नंबर एक रैंकिंग से भी हाथ धोना पड़ सकता है क्योंकि अगर दूसरे स्थान पर काबिज़ यानिक सिनर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं तो एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएगे।

अल्काराज ने इस सत्र में आठ खिताब जीते हैं जिसमें फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के अलावा तीन मास्टर्स टूर्नामेंट भी शामिल हैं। नॉरी का अगला मुकाबला बुधवार को वैलेन्टिन वाचेरोट और आर्थर रिंडरक्नेच के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वाचेरोट ने मंगलवार को पहले दौर में 14वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका को 6-1, 6-3 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने फ्लेवियो कोबोली को 7-6 (4), 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना आंद्रे रुबलेव से होगा।

# भारत व ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल आज



एजेंसी

नवी मुंबई। भाग्य के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने वाली भारतीय टीम को महिला वनडे विश्व कप के गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा और उसे उम्मीद रहेगी कि कप्तान हरमनप्रीत कौर आठ साल पहले खेली गई जादुई पारी जैसा करिश्मा दिखाने में सफल रहेगी। हरमनप्रीत की 2017 में इंग्लैंड के डर्बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 115 गेंदों में नाबाद 171 रन की पारी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने महिला क्रिकेट को सुर्खियों में ला दिया था। सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत से न केवल भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि आईसीसी खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को पराजित करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन इसके लिए उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

वर्तमान विश्व कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। पहले दो मैच में जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। लेकिन इस दौरान प्रतीका रावल चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई जो भारतीय टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि यह सलामी बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में चल रही थी। अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि भारत अब उन सभी प्रतिद्वंद्वियों के साथ सेमीफाइनल में है जिन्होंने लीग मुकाबलों में उसे पराजित किया था। लेकिन मैदान पर उतरने से पहले भारत को अपनी टीम संयोजन को लेकर कुछ सबसे प्रासंगिक सवालों का सामना करना पड़ेगा। बड़े शॉट लगाने वाली शेफाली वर्मा को टीम में शामिल करना आग में घी डालने जैसा है क्योंकि वह भारतीय योजना का हिस्सा नहीं थी और यही वजह थी कि वह भी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल नहीं थी। उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उनका रिकॉर्ड (25 पारियों में 37.20 की औसत से 893 रन) रावल और मंधाना के सलामी जोड़ी के रूप में 23 पारियों में 78.21 की औसत से ।,799 रनों से कमतर दिखता है। क्या भारत को शेफाली को चुनना चाहिए।

### न्यूजीलैंड ने दूसरा वनडे पांच विकेट से जीता

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)। शीर्ष क्रम की एक और नाकामी के कारण इंग्लैंड की टीम 175 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने बुधवार को दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच पांच विकेट से जीतकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड की पारी केवल 36 ओवर तक चली और न्यूजीलैंड ने 33.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। उसकी तरफ से डेरिल मिशेल ने नाबाद 56, रचिन रविंद्र ने 54 और मिच सैंटनर ने नाबाद 34 रन बनाए। मिशेल ने शनिवार को श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद 78 रन बनाकर न्यूजीलैंड को चार विकेट से जीत दिलाई थी। उस मैच में भी इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज नहीं चल पाए थे तथा कप्तान हैरी ब्रूक के शतक के बावजूद उसकी टीम 223 रन पर आउट हो गई थी। इंग्लैंड के लिए एक सकारात्मक बात तेज़ गेंदबाज़ जोफ्रा आर्चर की वापसी रही, जिन्होंने 10 ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ब्रूक ने दूसरे मैच में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन वह 34 रन ही बना पाए जिससे इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 105 रन हो गया था। इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बाकी बल्लेबाजों में जेमी स्मिथ ने 13, बेन डकेट ने एक, जो रूट ने 25, जैकब बेथेल ने 18 और जोस बटलर ने नौ रन बनाए।

# एफआईएच ने जूनियर विश्व कप में पाक को नहीं दी जगह, ओमान शामिल

एजेंसी




**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने बुधवार को पुष्टि की कि ओमान एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की जगह लेगा क्योंकि उसने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। एफआईएच ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचित किया है कि उन्होंने आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में भाग लेने का निमंत्रण स्वीकार नहीं किया है। उनकी टीम ने पिछले साल एशिया जूनियर कप के जरिये इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था। ओमान की पुरुष जूनियर टीम अब इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम की सूची में शामिल हो जाएगी।

यह प्रतियोगिता 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक भारत के चेन्नई और मदुरै शहरों में आयोजित की जाएगी। ओमान जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जूनियर एशिया कप 2024 में अगली सर्वोच्च स्थान वाली टीम के रूप में शामिल हुआ है।

### लक्ष्य हाइलो ओपन के दूसरे दौर में, श्रीकांत बाहर

सारब्रकेन (जर्मनी)। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव को हराकर उलटफेर करते हुए 475000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी पोपोव को पहले दौर में सीधे गेम में 21-16 22-20 से हराया। लक्ष्य अगले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन से भिड़ेंगे जिन्होंने मलेशिया के जुन हाओ लियोंग को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-14 18-21 21-16 से हराया। किदांबी श्रीकांत हालांकि पुरुष एकल के पहले दौर में हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ 19-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# भाजपा ने कई युवा चेहरों को दिया टिकट

## लालू बेटे को मुख्यमंत्री और सोनिया प्रधानमंत्री बनाना चाह रहीं, पर दोनों पद खाली नहीं : शाह

पटना/दरभंगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महागठबंधन को ठगबंधन करार दिया और कहा कि लालू प्रसाद अपने बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, लेकिन ये दोनों पद रिक्त नहीं हैं।



दरभंगा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई युवा उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जबकि राजद और कांग्रेस ऐसा नहीं कर सके, क्योंकि लालू जी बेटे को और सोनिया जी राहुल बाबा को शीर्ष पद पर बैठाना चाहती हैं। उन्होंने दावा किया कि लालू प्रसाद चारा, बिटुमेन और जमीन के बदले नौकरी घोटालों में लिप्त रहे हैं, जबकि कांग्रेस पर 12 लाख करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए यह सवाल भी किया कि अगर राजद-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी, तो प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के गिरफ्तार सदस्यों को जेल में रखा जाएगा या नहीं? शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने ही पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया और देशभर में तलाशी अभियान चलाकर उसके सदस्यों को जेल भेजा। समस्तीपुर में दूसरी रैली में शाह ने कहा कि बिहार चुनाव जंगल राज की वापसी रोकने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में राजग पांच पांडव की तरह मजबूत गठबंधन है और इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जननायक सम्मान को छीनने का प्रयास करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा, मोदी जी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। कांग्रेस का असली चेहरा बिहार की जनता पहले ही देख चुकी है, जिसने बाबू जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनने से रोका था। शाह ने आरोप लगाया कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासन ने बिहार के विकास के लिए कुछ नहीं किया और महागठबंधन राज्य के विकास तथा युवाओं के कल्याण के बारे में सोच ही नहीं सकता। उन्होंने दावा किया कि राजग सरकार बिहार के 8.52 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, मखाना बोर्ड का गठन किया है और घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। उन्होंने कहा कि दरभंगा को जल्द ही मेट्रो रेल की सुविधा मिलेगी, हवाईअड्डा बन चुका है और एम्स का निर्माण जारी है। गृह मंत्री ने बताया कि मिथिला में माता सीता का मंदिर बनाया जा रहा है और उनके द्वारा भ्रमण किए गए सभी स्थलों को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा, राजग सरकार ने मैथिली को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया है और संविधान का अनुवाद मैथिली में किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 500 करोड़ रुपये की लागत से एक केंद्र बनाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री बिहार में यह कहकर दिखायें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं

दरभंगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का दावा एक बार फिर से किए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान यह कहकर दिखाएं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दरभंगा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कभी ऐसा नहीं बोलेंगे क्योंकि उनमें दम नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसमें इतनी हिम्मत नहीं है, वह बिहार का विकास नहीं कर सकते। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने एक ताजा बयान में फिर यह दावा किया है कि उन्होंने व्यापार नहीं करने का हवाला देकर भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल मई में संघर्ष विराम करवाया था। भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि इस साल मई में पाकिस्तान के सैन्य परिचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) द्वारा संपर्क किए जाने पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर विचार हुआ था। राहुल गांधी ने जनसभा में कहा, मोदी जी ट्रंप से डरते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 50 बार बोला है कि मैंने नरेन्द्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया, लेकिन नरेन्द्र मोदी के मुंह से चूं तक नहीं निकला। ट्रंप उनका रोज अपमान कर रहे हैं। वह कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी में दम नहीं है और उन्हें अपने सामने झुका दिया। मोदी जी ने एक बार भी नहीं कहा कि ट्रंप उल्टी-सीधी बात कर रहा है, झूठ बोल रहा है। उनका कहना था कि ऐसा आदमी बिहार का विकास नहीं कर सकता जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति से यह कहने का दम नहीं है कि वह झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, जो मुंह पर बात नहीं कह सकता, वह बिहार में कुछ नहीं कर सकता है। राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय का उल्लेख करते हुए कहा, 1971 में इंदिरा गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति (रिचर्ड निक्सन) से कह दिया था कि हम तुमसे नहीं डरते। प्रधानमंत्री यह होता है। ट्रंप हमारी सेना और वायुसेना के बारे में झूठ बोल रहे हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी यह नहीं कह सकते हैं कि आप झूठ बोल रहे हैं।

## संक्षेप

### एसआईआर 50 लाख लोगों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश

भोपाल। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने की प्रक्रिया पर बुधवार को सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तकरीबन 50 लाख मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की साज़िश है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम करार दिया और कहा कि इससे निर्वाचन आयोग की मंशा पर भी गंभीर सवाल उठते हैं। एसआईआर की वर्तमान प्रक्रिया और समय सीमा मतदाता अधिकार एवं कमजोर वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर सीधा खतरा है। यह मतदाता सूची की सफाई नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल अधिकारों की कटौती एवं उनपर नियंत्रण है। सिंघार ने कहा कि आयोग की प्रक्रिया पर नियंत्रण, पारदर्शिता और निष्पक्षता के सवाल प्रमुख हैं। मध्यप्रदेश में करीब 22 प्रतिशत आबादी आदिवासी है और इनमें बहुसंख्यक दूरदराज़ क्षेत्रों में रहते हैं, जहां डिजिटल और दस्तावेज़ी पहुंच सीमित है।

# भारत ने की म्यांमा पर संयुक्त राष्ट्र की पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट की निंदा

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने म्यांमा की मानवाधिकार स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में उसके (भारत के) खिलाफ किये गए पक्षपातपूर्ण विश्लेषण की कड़ी निंदा की है।

साथ ही, उसने पड़ोसी देश में तत्काल हिंसा रोकने और समावेशी राजनीतिक संवाद शुरू करने की अपनी अपील दोहराई। संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति में मंगलवार को म्यांमा में मानवाधिकार की स्थिति पर संवाद के दौरान भारत की ओर से बयान देते हुए, लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया ने कहा कि नयी दिल्ली विश्वास को बढ़ावा देने हुए शांति, स्थिरता तथा लोकतंत्र की ओर म्यांमा के आगे बढ़ने के उद्देश्य से सभी पहल का समर्थन जारी रखेगा। उन्होंने कहा, हम हिंसा को तत्काल समाप्त करने, राजनीतिक कैदियों की रिहाई, मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति और समावेशी राजनीतिक वार्ता का आह्वान करते हुए अपने रुख को दोहराते हैं। मानवाधिकार और मानवीय मुद्दों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की तीसरी समिति, 2021 के सैन्य तख्तापलट और सैन्य शासन तथा विरोधी बलों के बीच जारी हिंसा के बीच म्यांमा में बिगड़ती स्थिति पर चर्चा कर रही थी।

# कुछ क्षेत्रों पर निर्भरता घटाने पर जोर

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि देश के लिए जुझारू आपूर्ति श्रृंखलाओं, प्रमुख प्रौद्योगिकियों पर नियंत्रण और कुछ भौगोलिक क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भरता कम करना महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना केवल भारत में विनिर्माण, डिजाइन या विकास तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की दीर्घकालिक वृद्धि और संप्रभुता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विदेशी प्रौद्योगिकी, विदेशी हथियारों, विदेशी ऊर्जा स्रोतों और विदेशी महत्वपूर्ण तकनीकों पर निर्भरता कम करना देश की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, वास्तव में, इस दशक ने कोविड से लेकर अब तक हमें कई बार सचेत किया है कि जुझारू आपूर्ति श्रृंखलाओं का होना, अपनी प्रौद्योगिकी का होना, तकनीकों पर नियंत्रण होना और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आवश्यक आपूर्ति पर नियंत्रण कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने यहां टाईइकॉन कार्यक्रम में कहा कि कुछ क्षेत्रों और कुछ बेहद महत्वपूर्ण विषयों को लेकर कुछ भौगोलिक क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए भारत ने आज दुनिया का केवल बैक ऑफिस या दुनिया का सॉफ्टवेयर प्रदाता होने से आगे बढ़कर नवाचार का वैश्विक इंजन बनने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि भारत के तकनीकी स्टार्टअप को दुनिया भर में भारी मूल्यांकन मिल रहा है। गोयल ने यह भी कहा कि स्टार्टअप के वित्तपोषण कार्यक्रम फंड ऑफ फंड्स का दूसरा संस्करण पूरी तरह से डीप टेक निवेश के लिए समर्पित हो सकता है।

# तेल, गैस की ढुलाई लागत कम करने के लिए पीएसयू की मांगों को जोड़ा जायेगा

मुंबई। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों (पीएसयू) की ढुलाई मांग को एकसाथ जोड़कर भारतीय जहाजरानी कंपनियों के लिए दीर्घकालिक अनुबंध सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई लागत को कम करने में मदद मिलेगी।



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां आयोजित इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 सम्मेलन में कहा कि सरकार घरेलू स्वामित्व बढ़ाने के लिए पोत स्वामित्व एवं पट्टा इकाई मॉडल को भी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, पेट्रोलियम विपणन कंपनियां कच्चे तेल के आयात के लिए जहाजों का इस्तेमाल करती हैं। हम भारतीय जहाजरानी कंपनियों के लिए दीर्घकालिक अनुबंध सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की ढुलाई मांग को एकसाथ मिला रहे हैं ताकि जहाजों के स्वामित्व के जरिये बार-बार की ढुलाई पर आने वाली लागत को कम किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जहाजरानी क्षेत्र के विकास के लिए समुद्री क्षेत्र विकास कोष और पोत निर्माण वित्तीय सहायता योजना जैसी योजनाओं को भी लागू किया जा रहा है। पुरी ने ऊर्जा और पोत परिवहन को अर्थव्यवस्था के दो अभिन्न स्तंभ बताते हुए कहा, हमारी ऊर्जा जरूरतों के लिए जहाजों की भारी मांग है लेकिन जहाज निर्माण की क्षमता मुख्यतः चीन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों तक सीमित है। उनके पास अगले छह वर्षों के ऑर्डर पहले से ही हैं। इसलिए समझदारी भरा कदम यही होगा कि हम उन्हें भारत में निवेश के लिए आमंत्रित करें और यहीं पर जहाज निर्माण शुरू करें। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि फिलहाल भारत केवल 20 प्रतिशत तेल और गैस की ही ढुलाई भारतीय-ध्वज वाले जहाजों से करता है। उन्होंने कहा, तेल एवं गैस क्षेत्र भारत के कुल व्यापार का 28 प्रतिशत हिस्सा है। अगर हमें आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनना है तो अपने जहाज बेड़े को भी बढ़ाना अनिवार्य है। भारत कच्चे तेल की 88 प्रतिशत और गैस की 51 प्रतिशत जरूरतों को आयात के जरिये पूरी करता है। पुरी ने कहा, हमारा समुद्री क्षेत्र 2047 तक आठ लाख करोड़ डॉलर तक का निवेश आकर्षित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) भारतीय बंदरगाहों को यूरोप और अमेरिका से जोड़ेगा।

# मैं भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा हूं : ट्रंप

सियोल। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर जारी बातचीत के बीच बुधवार को कहा कि अमेरिका, भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सीईओ शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति उनके मन में बहुत सम्मान एवं स्नेह है। ट्रंप ने कहा कि यदि आप भारत और पाकिस्तान की बात करें... तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा हूं और जैसा कि आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए मेरे मन में बेहद सम्मान एवं स्नेह है, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। इसके बाद व्यापार समझौते के विषय पर अधिक विस्तार से बात किए बिना ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई की शुरुआत में हुए विवाद को सुलझाने का दावा किया। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के तनाव कायम हैं। इस 50 प्रतिशत शुल्क में रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।



भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित एवं अविवेकपूर्ण करार दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर अपनी बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सोमवार को व्यापक चर्चा की। इस बात का हालांकि कोई संकेत नहीं मिला कि अमेरिकी पक्ष ने भारत को रूस के साथ ऊर्जा संबंधों के लिए लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटाने का आश्वासन दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले कुछ सप्ताह में कई बार दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनसे कहा है कि भारत, रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप के पहले दावे के बाद, भारत ने कहा था कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने 16 अक्टूबर को कहा कि ऊर्जा स्रोतों को व्यापक एवं विविध बनाया जा रहा है जिसमें अमेरिका से खरीद का विस्तार भी शामिल है। इसमें कहा गया कि भारत की ऊर्जा खरीद पूरी तरह से अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से निर्देशित होती है। भारत की ऊर्जा नीति के दो लक्ष्य स्थिर ऊर्जा मूल्य एवं सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हैं। इससे पहले एक अधिकारी ने बताया था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने की कगार पर है। अधिकारी ने पिछले सप्ताह कहा था, जहां तक सौदे का सवाल है, हम इसके काफी करीब हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में कहा था कि भारत कोई भी समझौता जल्दबाजी में या किसी तरह के दबाव में नहीं करेगा।

## इंटरटेनमेंट...

# 'मिर्जापुर : द मूवी' के बनारस शेड्यूल की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** एक्टर पंकज त्रिपाठी, अली फजल और श्वेता त्रिपाठी ने 'मिजार्पुरः द मूवी' के बनारस शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। बनारस में शूटिंग का शेड्यूल दो सप्ताह तक चला। इस दौरान शहर के घाटों और गलियों में हुई शूटिंग ने टीम की पुरानी यादें एक बार फिर ताजा कर दीं। अब

**पंकज त्रिपाठी बोले – शूटिंग आध्यात्मिक अनुभव जैसी रही; अली फजल ने भी शेयर कीं यादें**



फिल्म का अगला शेड्यूल मुंबई में शुरू होगा। एक्टर पंकज त्रिपाठी ने बनारस में शूटिंग को लेकर कहा, 'मिजार्पुर ने मुझे मेरी जिंदगी का एक यादगार किरदार दिया है। बनारस में शूट करना, जहां से सब शुरू हुआ था, अपने आप में एक आध्यात्मिक अनुभव जैसा लगा। इस शहर की ऊर्जा अद्भुत है, यहां शांति भी है, हलचल भी, भक्ति भी है और ड्रामा भी। हर बार यहां शूट करते हुए मन कृतज्ञता से भर जाता है। लोगों ने जो प्यार हमें इस शेड्यूल में दिया, वो दिल छू लेने वाला था। एक बार फिर महसूस हुआ कि मिजार्पुर कितनी गहराई से दर्शकों के दिलों में बसी हुई है। सीरीज मिजार्पुर में पंकज त्रिपाठी ने कालीन भैया का किरदार निभाया। एक्टर अली फजल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'बनारस हमेशा से घर जैसा महसूस होता है। यहीं गुड्डू पंडित ने खुद को पहचाना और अपनी असली ताकत पाई।

# अनिल कपूर ने आदित्य पंचोली को 'तेजाब' से करवाया बाहर?

मुंबई। फिल्म तेजाब साल 1988 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में माधुरी दीक्षित के अपोजिट अनिल कपूर नजर आए थे। हाल ही में एक्टर आदित्य पंचोली ने दावा किया है कि वह इस फिल्म में एक्ट्रेस के साथ लीड रोल में नजर आते, लेकिन उन्हें फिल्म से निकलवा दिया गया। दरअसल,

**एक्टर का दावा, कहा- मुझे रिप्लेस किया गया, इंडस्ट्री में नेपोटिज्म से ज्यादा राजनीति**



आदित्य पंचोली ने पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अनिल कपूर और बॉनी कपूर पर बिना नाम लिए निशाना साधा। उन्होंने लिखा, मैं तेजाब में माधुरी दीक्षित के साथ लीड रोल के लिए चुना गया था। डायरेक्टर एन. चंद्रा इसकी पुष्टि कर सकते हैं। बदकिस्मती रही कि एक एक्टर ने अपने बड़े भाई के साथ मिलकर डायरेक्टर के फैसले को बदला और मुझे रिप्लेस कर दिया। बाकी जो है, वह इतिहास है। आदित्य पंचोली ने आगे लिखा, मैंने हाल ही में एक एक्टर को अपनी फिल्म का प्रमोशन करते हुए नेपोटिज्म पर चर्चा करते देखा। मैं साफ कह दूं कि फिल्म इंडस्ट्री में राजनीति नेपोटिज्म से ज्यादा है। यहां परिवार के रिश्तों से ज्यादा लोगों की पसंद-नापसंद, दबाव और सत्ता के खेल किसी का करियर तय करते हैं।

# अंडरवर्ल्ड के सामने कभी नहीं झुके धर्मेंद्र

**मुंबई।** एक्टर-निर्देशक सत्यजीत पुरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में वेटरन एक्टर धर्मेंद्र से जुड़ा एक किस्सा बताया। उन्होंने बताया कि कैसे धर्मेंद्र ने फिल्म इंडस्ट्री में अंडरवर्ल्ड के सबसे अधिक प्रभाव के समय भी डटकर उसका सामना किया और फिर किसी ने उनसे दोबारा भिड़ने की हिम्मत नहीं की। फ्राइडे टॉकीज के साथ इंटरव्यू में सत्यजीत पुरी बताया, उस समय अंडरवर्ल्ड बहुत ताकतवर था। उस वक्त अगर किसी एक्टर को अंडरवर्ल्ड कॉल करता था तो वो डर जाता था। लेकिन धर्म जी और उनका परिवार कभी नहीं डरा। वह तो अंडरवर्ल्ड से कहते थे कि अगर तुम आओगे तो पूरा साहनेवाल पंजाब से आ जाएगा।

# 'द फैमिली मैन 3' वेब सीरीज 21 को होगी रिलीज

**मुंबई।** 'द फैमिली मैन 3' के मेकर्स ने मंगलवार को इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। वेब सीरीज का तीसरा पार्ट 21 नवंबर को प्रीमियर होगा। सीरीज में एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी के रूप में नजर आएंगे। मंगलवार को मेकर्स ने एक छोटा, मजेदार वीडियो जारी किया। इसमें शो की लीड एक्ट्रेस प्रियामणि (सुचि तिवारी) चार साल

**मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज का तीसरा सीजन**

बाद अपने परिवार की झलक दिखाती हैं। वह बताती हैं कि उनकी बेटी कॉलेज में चली गई है और बेटा बैले डांस सीखने लगा है। वह हंसते हुए कहती हैं, थैंक गॉड, उसने कुछ अच्छा तो किया, लेकिन हमारे तिवारी जी तो पिछले चार साल से एक ही चीज में अटके हैं। प्रियामणि ने 'द फैमिली मैन' में श्रीकांत तिवारी की पत्नी सुचित्रा तिवारी (जिसे अक्सर 'सुचि' कहा जाता है) का किरदार निभाया है। इसके बाद श्रीकांत तिवारी के रोल में मनोज बाजपेयी की




एंट्री होती है। वह हर जगह आ गुनगुनाते दिखते हैं, कभी डेंटिस्ट के पास, कभी किचन में, कभी शरीब हाश्मी (जे.के. तलपड़े) के साथ और यहां तक कि मिशन पर भी। वीडियो के आखिर में वह कहते हैं, 'आ रहा हूं, और इसके साथ ही मेकर्स रिलीज डेट बताते हैं। 'द फैमिली मैन 3' का पहला सीजन 20 सितंबर 2019 को आया था। बता दें कि सीरीज का पिछला सीजन 2021 में आया था। 'द फैमिली मैन 3' को राज और डीके ने लिखा है, साथ में सुमन कुमार भी इस बार जुड़े हैं।

डायलॉग सुमित अरोड़ा ने लिखे हैं। तीसरे सीजन का डायरेक्शन राज और डीके के साथ सुमन कुमार और तुषार सेठ ने किया है। मनोज बाजपेयी और प्रियमणि के अलावा इस बार अशलेशा ठाकुर (धृति तिवारी), वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी), श्रेया धनवंतरी (जोया), और गुल पनाग (सलोनी) भी नजर आएंगे। नई एंट्री में जयदीप अहलावत 'रुक्मा' का किरदार निभाएंगे और निम्रत कौर 'मीरा' के रोल में दिखेंगी। मेकर्स के मुताबिक इस बार कहानी पहले से ज्यादा रोमांचक होगी। श्रीकांत तिवारी अपने करियर की अब तक की सबसे खतरनाक चुनौती का सामना करेंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com